kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-29 ❐ गुरुवार, 26 फरवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी जैसी आयुष प्रणालियां केवल उपचार तक सीमित नहीं हैं बल्कि संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग और ध्यान पर आधारित समग्र जीवनशैली ढांचा प्रस्तुत करती हैं। द्रौपदी मुर्मु

भीख मांगना गंभीर सामाजिक समस्याः न्यायमूर्ति सारंगी 11
विरोध-प्रदर्शन मामले में अलका लांबा की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस 12

# लखनऊ समेत तीन जिलों में बसपा विधायक के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। लखनऊ समेत तीन जिलों में स्थित उनके आवास और कार्यालयों पर छापेमारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार पांच टीमें पुलिस बल के साथ दस्तावेजों की जांच कर रही है। पुराने कारोबार से जुड़ा मामला सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई विधायक की एक पुरानी फर्म से संबंधित दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद की गई है। तीन जिलों में एक्शन लखनऊ के गोमतीनगर स्थित उनके आवास और दफ्तर के अलावा, उनके पैतृक निवास और अन्य ठिकानों पर भी टीमें मौजूद हैं। विधायक उमाशंकर सिंह वर्तमान में कैंसर से जूझ रहे हैं और हाल ही में उनके दो ऑपरेशन हुए हैं। वे अपने घर में आइसोलेशन में थे, जहां डॉक्टरों और नर्सों के प्रवेश पर भी फिलहाल रोक लगा दी गई है। जांच में आईटी विभाग के दर्जनों अफसरों के साथ भारी पुलिस बल तैनात है ताकि सुरक्षा और गोपनीयता बनी रहे। बीएसपी के कद्दावर नेता और सदन में पार्टी की इकलौती आवाज माना जाता रहा है। आयकर विभाग की ओर से अभी तक ● शेष पेज 11 पर

## भड़के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, बताया 'असंवेदनशील कार्रवाई'

लखनऊ। बलिया के रसड़ा से बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित ठिकानों पर बुधवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी को लेकर राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। इस बीच योगी सरकार में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इस कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे आयकर विभाग की 'असंवेदनशील कार्रवाई' करार दिया है। दिनेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि विधायक उमाशंकर सिंह उनके समधी हैं और पिछले दो वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। ● शेष पेज 11 पर

# ब्लू ड्रम बना 'मर्डर' का नया जरिया

## लखनऊ सहित कई जिलों में खौफनाक पैटर्न से सनसनी

कैनविज टाइम्स डेस्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नीले प्लास्टिक ड्रम में शव छिपाकर हत्या करने की घटनाओं ने सनसनी फैला दी है। लखनऊ, मेरठ और झांसी सहित कई जिलों में सामने आए ऐसे मामलों ने लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। पड़ोसी राज्यों में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आने से पुलिस और जांच एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

ताजा मामला लखनऊ के आशियाना इलाके का है। जहां एक युवक को अपने पिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मृतक मानवेंद्र प्रताप सिंह स्थानीय व्यवसायी थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी बेटे ने विवाद के दौरान पिता को गोली मार दी। इसके बाद उसने शव के टुकड़े कर घर के अंदर ही एक बड़े नीले ड्रम में छिपा दिया, ताकि घटना को छिपाया जा सके। मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी के बयान संदिग्ध लगे। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से ड्रम और अन्य अहम साक्ष्य बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद को हत्या की वजह माना जा रहा है। इस घटना के बाद मेरठ के चर्चित ब्लू ड्रम हत्याकांड की याद ताजा हो गई है। वर्ष 2025 में पूर्व



मर्चेंट नेवी अधिकारी सौरभ राजपूत की हत्या के आरोप में उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके साथी साहिल शुक्ला को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि दोनों ने शव को टुकड़ों में काटकर सीमेंट से भरे नीले ड्रम में छिपा दिया था। यह मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है। वहीं झांसी में पुलिस ने सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी राम सिंह को अपनी कथित प्रेमिका प्रीति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया गया कि पैसों को लेकर विवाद के बाद आरोपी ने हत्या कर दी और शव को जलाकर उसके अवशेष ड्रम और ट्रंक में रख दिए। मामले का खुलासा तब हुआ जब सामान ले जा रहे वाहन चालक को शक हुआ और उसने पुलिस को सूचना दी। इसी तरह राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में किराए के मकान की छत पर एक नीले ड्रम में शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान हंसराज उर्फ सूरज के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार, शव पर नमक डालकर उसे छिपाने की कोशिश की गई थी। मृतक की पत्नी, बच्चे और मकान मालिक का बेटा लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। पंजाब के लुधियाना में भी एक खाली प्लॉट में पड़े नीले ड्रम से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव को कपड़े और प्लास्टिक में लपेटकर ड्रम में रखा गया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इन सभी मामलों को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव छिपाने के लिए नीले ड्रम का इस्तेमाल एक समान तरीका होने के कारण इन घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, अभी तक इन सभी मामलों के बीच किसी सीधे संबंध की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी मामलों की गहन ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### अनिल अंबानी का 3716 करोड़ रुपये का मुंबई स्थित घर एबोड कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुंबई के पॉश इलाके में स्थित उनके आलीशान घर एबोड को कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई वित्तीय जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है और कॉर्पोरेट जगत के लिए एक बड़ा घटनाक्रम है। ईडी की यह बड़ी कार्रवाई अनिल अंबानी की समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े एक कथित बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच का सीधा परिणाम है। इस नवीनतम आदेश के साथ ही, इस हाई-प्रोफाइल बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य अब लगभग 15,700 करोड़ रुपये के भारी-भरकम आंकड़े तक पहुंच गया है।

### 38 जिलों के नाविकों को दी जाएंगी 66,077 लाइफ जैकेट

**लखनऊ।** यूपी की नदियों में चलने वाली पंजीकृत नावों के नाविकों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए 38 जिलों में 66,077 लाइफ जैकेट बंटी जाएंगी। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और पीएसी के माध्यम से इसे बांटा जाएगा। राहत आयुक्त डा. हृषिकेश भास्कर यशोद ने 15 दिनों में इसे जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बांटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिलों में एडीएम (वि/रा) को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। पीएसी ने निविदा आमंत्रित करते हुए 38 जिलों के 811 घाटों पर संचालित 4,175 पंजीकृत नौकाओं के लिए 66,077 लाइफ जैकेट खरीदे हैं। इसके लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य आपदा मोचक निधि से पीएसी को 13 करोड़ 21 लाख 54 हजार रुपये दिए गए हैं।

# न्यायपालिका से जुड़ी सामग्री हटाएगी सरकार

## एनसीईआरटी किताब विवाद : सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली। एनसीईआरटी की कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े विवादित हिस्से पर तीखी बहस छिड़ गई है। विवाद के बीच खबर है कि इस संवेदनशील खंड को हटा दिया जाएगा। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे 'संस्था को बदनाम करने' का प्रयास करार दिया और साफ कहा कि न्यायपालिका की छवि पर कोई हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, सरकारी सूत्रों के हवाले से पता चला कि एनसीईआरटी की कक्षा 8 की पाठ्यपुस्तकों से न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार के संदर्भ को हटा दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, यह हिस्सा शुरू से ही नहीं लिखा जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि ऐसे पहलुओं को उजागर करना 'उचित नहीं' है और इसके बजाय 'प्रेरणादायक बातें' लिखी जानी चाहिए थीं।

रिपोर्ट में सूत्रों ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई का हवाला देना 'सही नहीं' और 'उचित नहीं' था। साथ ही बताया गया कि वर्तमान मुख्य न्यायाधीश ने भी इस पर नाराजगी जताई है। यह उद्धृत संदर्भ पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की जुलाई 2025 की टिप्पणी से लिया गया था, जिसमें उन्होंने न्यायपालिका के अंदर भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से सार्वजनिक विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की बात कही थी। पुस्तक में उनके हवाले से लिखा था कि इस विश्वास को फिर से मजबूत करने का रास्ता इन मुद्दों को संबोधित करने, हल करने के लिए त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में है... पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक गुण हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी सूत्रों की यह प्रतिक्रिया सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मुद्दे पर 'गंभीर चिंता' जताने और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित न्यायपालिका के सदस्यों के 'परेशान' होने के कुछ ही समय बाद आई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने जोर दिया कि अदालत किसी को भी 'संस्था को बदनाम करने' की अनुमति नहीं देगी और उन्होंने संज्ञान लिया है तथा स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर सकते हैं। वहीं, वरिष्ठ वकील ● शेष पेज 11 पर

### बंगाल एसआईआरः 10वीं का प्रवेश पत्र वैध दस्तावेज़, लेकिन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण भी ज़रूरी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान दसवीं कक्षा या माध्यमिक की परीक्षा का प्रवेश पत्र पहचान सत्यापन के लिए पूरक दस्तावेज के तौर पर दिखाया जा सकता है, लेकिन सिर्फ तभी जब उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की हो। शीर्ष अदालत ने पहले के एक आदेश में आधार समेत दूसरे दस्तावेजों के साथ पहचान सत्यापन के लिए माध्यमिक प्रवेश पत्र के इस्तेमाल की इजाज़त दी थी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उसने पहले ही इशारा कर दिया है कि प्रवेश पत्र सिर्फ एक पूरक दस्तावेज़ होगा, न कि धारक की पहचान सत्यापन का अकेला तरीका। वरिष्ठ अधिवक्ता डी एस नायडू ने एसआईआर के लिए माध्यमिक प्रवेश पत्र को दस्तावेज़ के तौर पर इजाज़त दिये जाने पर चिंता जताई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने साफ किया कि अगर एसआईआर के दौरान 10वीं कक्षा के प्रवेश पत्र को पूरक दस्तावेज़ के तौर पर इस्तेमाल किया जाना है, तो उनके साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र भी होना चाहिए।

### फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि फिल्म के नाम में ऐसा कोई शब्द नहीं है, जिससे यादव समाज की छवि खराब होती हो। विश्व यादव परिषद ने याचिका में कहा था कि फिल्म का नाम यादव समाज को गलत तरीके से दिखाता है। साथ ही फिल्म में यादव समाज की एक हिंदू लड़की और एक मुस्लिम लड़के की प्रेम कहानी दिखाई गई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सुनवाई के दौरान पूछा, ळ्क्या किसी हिंदू लड़की की मुस्लिम लड़के से शादी सामाजिक ताना-बाना तोड़ती है? बेंच ने हाल में फिल्म 'घूसखोर पंडित' ● शेष पेज 11 पर

## रेलवे में पूर्व सैनिकों और अग्निवीरों को बड़ा तोहफा

# लेवल-1 और लेवल-2 पदों पर आरक्षण का प्रावधान लागू

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेलवे ने सेना के साथ 'सहयोग ढांचे' के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों और पूर्व अग्निवीरों के लिए लेवल-1 और लेवल-2 तथा उससे उपर के पदों पर भर्ती के लिए आरक्षण के प्रावधान लागू किए हैं। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक एक पोस्ट में कहा कि सेना और रेलवे ने अग्निवीरों तथा सेवा निवृत सैनिकों को दोबारा रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए एक 'सहयोग ढांचे' पर सहमति व्यक्त की है।



चार साल के कार्यकाल के बाद सेना छोड़ने वाले अग्निवीरों तथा सेना से सेवानिवृत होने वाले सैनिकों के लिए यह अच्छी खबर है। अग्निवीरों के पहले बैच का कार्यकाल इस वर्ष समाप्त होने वाला है और इसे देखते हुए सेना तथा रेलवे की यह पहल उन्हें कुछ राहत देने वाली है।

सेना की पोस्ट में लिखा है भारतीय सेना और भारतीय रेल ने अग्निवीरों और सेना कर्मियों के लिए सेवा निवृत्ति के बाद रोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'सहयोग ढांचा' शुरू किया है। भारतीय सेना और रेल मंत्रालय के वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में यह पहल नागरिक सेवाओं में सहज बदलाव को सुगम बनाने, रेलवे में उपलब्ध रोजगार अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिए एक उत्तरदायी सहायता तंत्र स्थापित करने का प्रयास है। यह ढांचा पूर्व सैनिकों को सार्थक द्वितीय करियर प्रदान करने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रेलवे ने भी दोनों संस्थानों की साझा कार्य-संस्कृति को रेखांकित करते हुए कहा, भारतीय रेल और सेना के बीच बहुमूल्य कौशल, अनुशासन, प्रौद्योगिकी दक्षता और ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका ने भारत सहित इंडोनेशिया, लाओस से आयात किये जाने वाले सोलर पर लगाया कांउटरवेलिंग ड्यूटी

नयी दिल्ली/वाशिंगटन। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से सौर पैनल के आयात पर प्रारंभिक प्रतिकारी शुल्क (काउंटरवेलिंग ड्यूटी) लगाने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य इन देशों द्वारा अपने उत्पादकों को दी जाने वाली सब्सिडी की भरपाई करना बताया गया है। प्रारंभिक आयात शुल्क दरें भारत के लिए 125.87 प्रतिशत, इंडोनेशिया के लिए 104.38 प्रतिशत और लाओस के लिए 80.67 प्रतिशत निर्धारित की गई हैं। यह आयात शुल्क घरेलू सौर पैनल उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले 'अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' द्वारा 17 जुलाई, 2025 को दायर याचिकाओं के बाद लगाया गया है। याचिकाओं में दावा किया गया था कि इन तीन ● शेष पेज 11 पर

## सरकार स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार घरेलू खपत और निर्यात को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने को प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने में भारतीय राजनयिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारतीय विदेश सेवा 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को यहां साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता को घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों के लिए बढाने के सरकार के संकल्प को दोहराया तथा इसे पूरा करने में भारतीय राजनयिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। रक्षा क्षेत्र



में विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के समावेशन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत बड़े रक्षा आयातक से आगे बढ़कर सभी क्षेत्रों में रक्षा प्लेटफॉर्म का निर्माता और निर्यातक बन चुका है। श्री सिंह ने कहा कि विश्व समुदाय भारत की विकास यात्रा पर करीबी नजर रख रहा है और उसकी नेतृत्वकारी ● शेष पेज 11 पर

# संवाद सेतु व्यवस्था गाजियाबाद हरदोई व कन्नौज में शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ तीन जिलों में जनप्रतिनिधियों के फोन पर 10 मिनट में जवाब देंगे अधिकारी

लखनऊ। अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों का फोन न उठाए जाने का मुद्दा विधान सभा में उठाने के बाद संवाद सेतु बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश के तीन जिलों हरदोई, कन्नौज व गाजियाबाद में इसे बना दिया गया है। जनप्रतिनिधियों का फोन न उठा पाने की स्थिति में अधिकारी इस सेतु के माध्यम से 10 मिनट में जवाब देंगे। जनप्रतिनिधि का फोन न उठा पाने की स्थिति में तत्काल संवाद सेतु कमांड सेंटर से संपर्क करेगा। वहां से अधिकारी के पास फोन जाएगा और उसे 10 मिनट में फोन कर बात करना होगा। पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर बुधवार को तीन जिलों में इसकी शुरुआत की गई।

राजधानी के भागीदारी भवन में आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग से समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने तीन जिलों में संवाद सेतु व्यवस्था का शुभारंभ किया। जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी व समयबद्ध बनाया जाएगा। तीनों जिलों में संवाद सेतु के तहत जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर तैयार किया गया है। यहां स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। सीयूजी नंबर अपडेट कर कॉल मानीटरिंग प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। सभी अधिकारियों को कमांड सेंटर से निर्देश मिलने पर 10 मिनट के अंदर कॉल रिसीव या कॉल बैक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मंत्री असीम अरूण ने कार्यक्रम में कहा कि पक्ष, विपक्ष व निर्दलीय सभी विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों को यह सेवा एक समान रूप से दी जाएगी। प्रतिदिन आए फोन कॉल की समीक्षा की जाएगी और उसका डाटा तैयार किया जाएगा। यह व्यवस्था केवल कार्य दिवसों, कार्यालय समय में अधिकारियों को ● शेष पेज 11 पर

## निवेश रोड शो में मुख्यमंत्री योगी ने जापान के उद्यमियों को दिया यूपी में निवेश का न्योता

# नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा भारत-जापान औद्योगिक सहयोगः योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी

लखनऊ/टोक्यो। उत्तर प्रदेश में दुनिया के बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। यहां आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत-जापान औद्योगिक सहयोग भविष्य में और मजबूत होगा। जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश





सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। भगवान बुद्ध से जुड़े विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर, कौशांबी, सहित अनेक पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रामायण सर्किट एवं बौद्ध सर्किट को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा रहा है, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है। जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है। इसी सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही बड़ी चुनौतियां हैं और उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री योगी के जापान दौरे के पहले दिन लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर


लखनऊ/जापान। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

जापान में जिन कंपनियों के साथ उप्र सरकार के एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कुबोता कारपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कारपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफ़ेस समाधान में ● शेष पेज 11 पर

# प्रयागराज में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

❐ बैठक में जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्य, कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याएं, ट्रैफिक प्रबंधन व जलापूर्ति जैसे मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। स्वतंत्र देव सिंह (जल शक्ति विभाग, उ.प्र.) की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्य, कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याएं, ट्रैफिक प्रबंधन व जलापूर्ति जैसे मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने जनहित से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई कर कृत कार्यवाही से उन्हें अवगत कराया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए भूमाफियाओं व अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही तथा सभी सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए।आईजीआरएस पोर्टल पर जनपद की बेहतर रैंकिंग पर संतोष जताते हुए अन्य रैंकिंग में भी सुधार के निर्देश दिए गए। तहसीलों व थानों में जनसुनवाई की गुणवत्ता बढ़ाने, लंबित फाइलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया।मंत्री ने लाभार्थीपरक योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, लंबित विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने, किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की धनराशि समयबद्ध व्यय करने के निर्देश दिए। शहर में साफ-सफाई, ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए सुदृढ़ योजना, अस्पतालों में व्यवस्थाओं और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।बैठक में उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने अपने सुझाव रखे।

# अन्याय नहीं होने देंगे पचासों साल से रह रहे लोगों पर: रेवती

❐ दशकों पुराने आशियानों पर 'तेल' की धार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। दरियाबाद में इंडियन ऑयल पाइपलाइन के लिए मकान गिराने के नोटिस से हड़कंप मचा।पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मोर्चा संभाला और कहा कि''अन्याय नहीं होने देंगे''।उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि प्रयागराज के दरियाबाद क्षेत्र में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई।

जब इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (ऋाए) की पाइपलाइन के दायरे में आने वाले दर्जनों मकानों को गिराने का सरकारी आदेश जारी हुआ। विशेष बात यह है कि ये मकान यहाँ पिछले 40-50 वर्षों से बने हुए हैं, जिनमें कई पीढ़ियां पली-बढ़ी हैं। पाइपलाइन की सुरक्षा और तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए प्रशासन ने चिन्हित मकानों को हटाने का निर्देश दिया है। पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह का कहना है कि जब ये मकान बन रहे थे, तब किसी ने आपत्ति नहीं की। अब बुढ़ापे में वे कहाँ जाएंगे?प्रतिनिधि ने बताया कि सूचना मिलते ही पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह भारी संख्या में समर्थकों के साथ दरियाबाद पहुँचे और स्थानीय लोगों के हक में आवाज बुलंद की।मौके पर पहुँचे पूर्व सांसद ने प्रशासन और आईओसी के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा ''पचास साल से लोग यहाँ रह रहे हैं। उनके पास बिजली के बिल हैं, नगर निगम का टैक्स रिकॉर्ड है। अचानक इन्हें अवैध बताकर बेघर करना अमानवीय है। हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास इंसानों की कब्र पर नहीं होना चाहिए।' 'पूर्व सांसद ने वहाँ उपस्थित इंडियन आयल महाप्रबंधक लाइन शेष नारायण से कहा कि जो सात लोगों ने उच्च न्यायालय से स्टे ले रखा है उनका तो मकान नहीं गिरेगा और बाकी लोगों को भी मौका दे कि वो भी न्यायालय से गुहार लगा लें।और यदि पाइपलाइन के लिए जमीन अनिवार्य है, तो नियमानुसार 15-15 फीट दोनों तरफ लिया जाय और पहले प्रभावित परिवारों के लिए उचित मुआवजे और पुनर्वास की व्यवस्था की जाए, अन्यथा एक भी ईंट गिरने नहीं दी जाएगी।

## प्रयागराज के मांडा क्षेत्र में सराफ से लूट, नकदी-गहने व लाइसेंसी पिस्टल छीनी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के यमुनानगर स्थित मांडा क्षेत्र में मंगलवार शाम दुकान बंद कर घर लौट रहे एक सराफ से तीन अज्ञात बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।भारतगंज निवासी भाजपा नेता रंजीत सोनी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके भाई प्रदीप कुमार सोनी चिलबिला बाजार से आभूषण की दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। चकडीहा पंचायत भवन के पास बाइक सवार बदमाशों ने बंदूक की बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोप है कि बदमाश बैग में रखा करीब 200 ग्राम सोना, 5 किलो चांदी के गहने, एक लाख रुपये नकद और लाइसेंसी पिस्टल लूट ले गए।शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों को भी असलहा लहराकर धमकाया गया। सूचना पर एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक अनिल वर्मा व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल को सीएचसी मांडा से शहर रेफर किया गया, जहां निजी अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## कोरांव तहसील में भूदान जमीन विवाद: धरना जारी, प्रशासन पर निष्क्रियता के आरोप



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव तहसील में भूदान की जमीन पर कथित अवैध कब्जे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सैकड़ों की संख्या में लोग तहसील परिसर में धरने पर बैठे हैं और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि भूदान की भूमि जैसे संवेदनशील राजस्व रिकॉर्ड वाले भूभागों पर दबंगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी प्रभावी कदम नहीं उठा रहे। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें देने के बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता दर्शाता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच कर अवैध कब्जे नहीं हटाए गए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## श्रीराम जन्मोत्सव पर गूंजा जयघोष , मुख्य यजमान समेत झूमें श्रोता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज के शहजादेपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रद्धा और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा प्रवक्ता त्रिलोकी नाथ तिवारी (काशी) ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि भगवान को पाने के लिए पूर्ण समर्पण का भाव आवश्यक है—जो कुछ है, वह सब ठाकुरजी का है।ह्न उन्होंने गंगा महिमा और गजेंद्र मोक्ष की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि श्रद्धा भाव से कथा श्रवण और पाठ करने वालों पर प्रभु की कृपा सदा बनी रहती है। साथ ही सूर्य देव के वंशजों का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि सूर्यवंश की परंपरा धर्म, सत्य और त्याग की प्रतीक रही है, इसी वंश में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम ने अवतार लेकर लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। महाराज जी ने माता-पिता और गुरु के चरणों की महिमा बताते हुए कहा कि भगवान भक्तों के प्रेम से बंधे हैं और उनकी हर दुविधा को दूर करते हैं। कथा के दौरान श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बधाई गीतों पर यजमान मोहित शर्मा साथ में उनकी धर्मपत्नी पूजा शर्मा समेत श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल जयघोष से गूंज उठा। महाराज जी ने कहा कि राम कथा मन, कर्म और वाणी के पापों का नाश कर जीवन को पवित्र और सफल बनाती है।

## प्रयागराज में माघ मेले के सफल आयोजन पर पुलिस कमिश्नर को बधाई, ट्रैफिक सुधार की मांग

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल आज पुलिस कमिश्नर जोगिंदर शर्मा से मिला और माघ मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए उन्हें बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष माघ मेला अत्यंत व्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हुआ। भीड़ प्रबंधन उत्कृष्ट रहा और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होना प्रशासन की कुशल रणनीति और समन्वय का परिणाम है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे पूरे प्रयागराज के लिए गर्व का विषय बताया।साथ ही उन्होंने शहर में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या की ओर पुलिस कमिश्नर का ध्यान आकर्षित किया। गोयल ने कहा कि इस बार होली और ईद लगभग एक साथ पड़ने के कारण बाजारों में भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है, अतः शीघ्र समाधान आवश्यक है।व्यापार मंडल ने मांग की कि चौक एवं कटरा क्षेत्र के पार्कों में अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की जाए तथा एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज परिसर में स्थायी पार्किंग विकसित की जाए। जिन सड़कों पर पार्किंग संभव नहीं है, वहां वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने का सुझाव भी दिया गया।इसके अतिरिक्त प्रमुख बाजारों में अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती, मोबाइल कंट्रोल यूनिट, डिजिटल साइन बोर्ड एवं अस्थायी बैरिकेडिंग की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि त्योहारों के दौरान यातायात सुचारू रह सके।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर जोगिंदर शर्मा ने एडिशनल डीसीपी विजय आनन्द को निर्देशित किया कि वे अगले दो दिनों में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्तृत ट्रैफिक ब्लूप्रिंट तैयार करें और उसे लागू करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन 2 से 3 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाएगा।इस अवसर पर योगेश गोयल, नवीन अग्रवाल, राजकुमार केसरीवानी, अभिषेक केसरीवानी, पियूष पांडेय, रोशनी अग्रवाल, मनोरमा गोस्वामी, अधिवक्ता मनोज गोस्वामी, हर्ष जायसवाल, नीरज अग्रवाल, धीरज केशरवानी, विकास वैश्य एवं रानू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जेसीपी व डीएम ने की समीक्षा बैठक

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास आश्रम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय सत्संग कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त क्राइम बब्लू कुमार व जिलाधिकारी विशाख जी ने सत्संग व्यास पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।जेसीपी क्राइम बब्लू कुमार व डीएम विशाख ज ने डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल, डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित एवं एडीसीपी रल्लापल्ली वसंथ कुमार की मौजूदगी में सत्संग व्यास के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा और अग्निशमन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जेसीपी बब्लू कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्संग स्थल के अंदर और बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। उन्होंने एसीपी विकास पांडे व प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी को कार्यक्रम के दौरान सतत निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा सीसीटीवी कैमरों की सक्रिय मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा।डीएम विशाख जी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य टीम व एंबुलेंस की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान पहले से तैयार कर लिया जाए, ताकि आमजन को असुविधा न हो।डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने क्षेत्र में प्रभावी गश्त बढ़ाने तथा कार्यक्रम स्थल के आसपास बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिये।अधिकारियों ने आश्रम प्रबंधन से समन्वय बनाकर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।

# तहसील कोरांव में अनिश्चितकालीन धरना का दूसरा दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के बरनपुर गाँव में भूमि विवाद को लेकर तहसील कोरांव में दो दिन से धरना प्रदर्शन चल रहा है। गाँव में वर्ष 1957 में आचार्य विनोबा भावे के शिष्य धीरेन्द्र मजुमदार ने 632 बीघा भूमि भूदान में प्राप्त की थी, जिसे बाद में सर्वोदय मंडल ने गलत ढंग से अपने नाम करवा लिया।पटटेदारों ने भूमि वापस पाने के लिए कई बार प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। अब भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद और राइजिंग इंडिया ने धरना प्रदर्शन शुरू किया है, जिसमें भूमि पर अवैध रूप से बोई गई और पटटेदारों को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है। धरने के पहले दिन यानि 24 फरवरी को तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल धरने पर बैठे लोगों से बातचीत की और आश्वासन दिया कि 25 फरवरी को मौके पर चलकर देखा जाएगा लेकिन अभी तक पहुंचे नहीं वही तहसील के प्रशासनिक अफसर एसडीएम भी धरने पर बैठे लोगों से मिलने नहीं पहुंचे लोगों ने बताया कि आज तीसरा दिन है एसडीएम नहीं दिखेलेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। धरना प्रदर्शन जारी है और आगे भी तहसील में धरना प्रदर्शन निरंतर अनिश्चितकालीन तब तक जारी रहेगा जब तक मामले का समुचित निस्तारण नह किया जाएगा धरने पर बैठे मुख्य रूप से राहुल सिंह,मंडल अध्यक्ष कृष्ण राज सिंह मधु आदिवासी जिला अध्यक्ष मोहम्मद बशारत खान , मोहम्मद अयूब समेत सैकड़ों कार्यकर्ता धरने पर है

## अध्यक्ष कमलावती सिंह की अध्यक्षता में कन्या जन्मोत्सव सम्पन्न

रायबरेली। उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) अध्यक्ष कमलावती सिंह के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष कमलावती द्वारा बालिकाओं को बेबी किट और मिठाई वितरित कर व केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। अध्यक्ष अपने वक्तव्य में बताया गया कि समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना ही नए भारत की नींव है। बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा एवं अधिकारों पर जोर दिया गया।

# विशाल सिटी में बदहाली चरम पर, प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही से लोग बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा, लखनऊ। नगर निगम जोन-6 के कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड स्थित विशाल सिटी की स्थिति अब केवल अव्यवस्था नहीं बल्कि प्रशासनिक विफलता का खुला प्रमाण बन चुकी है। बिना बारिश के सड़कों पर जलभराव इस बात का संकेत है कि यहां की निकासी व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। घरों का गंदा पानी गलियों में बह रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

स्थानीय लोगों का सीधा आरोप है कि लखनऊ नगर निगम की घोर लापरवाही और उदासीन रवैये के कारण क्षेत्र की यह दुर्दशा हुई है। सीवर लाइन की नियमित सफाई नहीं की जाती, जाम नालियां महीनों तक यूं ही पड़ी रहती हैं और गंदा पानी सड़कों पर फैलकर बीमारियों को न्योता देता है। कई स्थानों पर सीवर के ढक्कन टूटे पड़े हैं, जो किसी बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं।सवाल यह है कि जब नगर निगम और संबंधित विभागों के पास बजट और संसाधनों की कमी नहीं है, तो आखिर काम क्यों नहीं हो रहा? क्या अधिकारियों की जिम्मेदारी सिर्फ निरीक्षण और बैठकों तक सीमित है? ज़मीनी हकीकत यह है कि लोग गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों के आतंक के बीच जीवन बिताने को मजबूर हैं।स्मार्ट सिटी के दावे करने वाली लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की योजनाएं यहां मज़ाक बन चुकी हैं। जहां एक ओर विकास के दावे किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। यह दोहरी नीति आखिर किसके लिए है?महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त को कई बार शिकायतें दी गईं। लेकिन नतीजा सिफर रहा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि केवल आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। यदि यही रवैया रहा तो प्रशासन की जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठना तय है।इसी लापरवाही का ताजा उदाहरण तब सामने आया जब एक मोटरसाइकिल सवार खुली और जाम नाली के पास संतुलन बिगड़ने से उसमें गिर गया। आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत मदद कर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसे शारीरिक चोट लग चुकी थी और उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना ने क्षेत्र में व्याप्त खतरे को उजागर कर दिया है। सवाल यह है कि यदि समय रहते नालियों की मरम्मत और सफाई की गई होती तो क्या यह हादसा टाला नहीं जा सकता था? एक व्यक्ति को शारीरिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, मगर नगर निगम की कार्यशैली पर कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा।जलभराव के कारण सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। बच्चे स्कूल जाने में जोखिम उठा रहे हैं। बुजुर्ग घरों में कैद हैं और हर दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू और मलेरिया का खतरा भी मंडरा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था पर कोई ठोस कदम नहीं दिख रहा।नागरिकों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जल निकासी, सीवर सफाई और सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब यह केवल सुविधा का नहीं। बल्कि सम्मान और सुरक्षा का सवाल बन चुका है।विशाल सिटी की बदहाली प्रशासन के उन दावों पर करारा तमाचा है। जिनमें विकास और सुशासन की बातें की जाती हैं। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी अपनी जवाबदेही निभाते हैं या फिर जनता के आक्रोश का सामना करने को तैयार रहते हैं।

# प्रयागराज मंडल में लंबित राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिये समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । शासन के निर्देशानुसार मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडल की समस्त 19 तहसीलों के उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य पाँच वर्ष से अधिक समय से लंबित राजस्व वादों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु ठोस रणनीति बनाना था।बैठक में तहसीलवार लंबित वादों की संख्या, प्रकृति एवं विलंब के कारणों की समीक्षा की गई। निर्देश दिया गया कि अंतिम आख्या प्राप्त होने के बाद बिना पोर्टल पर अपलोड किए किसी भी वाद को पूर्ण निस्तारित न माना जाए। निस्तारण की धीमी प्रगति पर संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए लक्ष्य आधारित मॉनिटरिंग और एसीआर से जवाबदेही जोड़े जाने के निर्देश दिए गए। अगली समीक्षा 28 फरवरी के बाद की जाएगी।प्रयागराज मंडल में कुल 1,06,367 राजस्व वाद लंबित हैं, जिनमें प्रयागराज में 42,640, प्रतापगढ़ में 30,769, फतेहपुर में 12,313 तथा कौशाम्बी में 8,012 वाद लंबित हैं।वर्षों से लंबित मामलों पर गंभीर प्रश्नचिह्नमंडल स्तर पर यह भी सामने आया कि अनेक मुकदमों में वर्षों से अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है और कमिश्नरी स्तर पर भी बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित पड़े हैं। विशेष रूप से कौशाम्बी जनपद से हजारों मुकदमे अब तक लंबित बताए जा रहे हैं। कई मामलों में 2013 से 2026 तक का लंबा समय बीत जाने के बावजूद सुनवाई पूरी नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, मंझनपुर तहसील से एक प्रकरण में अब तक रिपोर्ट प्रेषित नहीं की गई है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। यह स्थिति तहसीलों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है और समयबद्ध निस्तारण की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

# उत्तर मध्य रेलवे ने जारी किए संरक्षा जागरूकता वीडियो, जीरो टॉलरेंस का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित उच्च स्तरीय संरक्षा समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने दो विशेष संरक्षा जागरूकता वीडियो जारी किए। बैठक में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी जे.सी.एस. बोरा, मंडल रेल प्रबंधक तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उद्देश्य परिचालन संरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करना और संभावित जोखिमों की पहचान कर समयबद्ध सुधार करना रहा।पहला वीडियो पथराव, अनधिकृत रूप से पटरी पार करना, बंद लेवल क्रॉसिंग गेट पार करना तथा मवेशियों के टकराव जैसी सामाजिक समस्याओं पर केंद्रित है। दूसरा वीडियो 'मैन रन ओवर' घटनाओं को रोकने हेतु यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलते समय ट्रैक पार न करने का संदेश देता है।बैठक में झांसी, आगरा और प्रयागराज मंडलों के 11 कर्मचारियों को उत्कृष्ट संरक्षा कार्य हेतु सम्मानित किया गया। प्रयागराज मंडल के सीनियर टेक्नीशियन (कैरेज एवं वैगन) श्री संतोष कुमार को जनवरी 2026 का 'एम्प्लॉई ऑफ द मंथ' घोषित किया गया।महाप्रबंधक ने सघन रात्रि निरीक्षण, वन-टू-वन संरक्षा काउंसलिंग और सिग्नलिंग/ट्रैक गड़बड़ियों की तत्काल रिपोर्टिंग के निर्देश दिए। वीडियो रेलवे स्टेशनों की डिजिटल स्क्रीन व सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाएंगे।

# प्रयागराज में अंतर जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सफल समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । पाँच दिवसीय अंतर जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जनपद रामपुर से आए 32 सदस्यीय युवा दल ने पूरे उत्साह के साथ शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं नेतृत्व विकास से जुड़ी विविध गतिविधियों में सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, प्रयागराज द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन उपनिदेशक प्रयागराज जागृति पाण्डेय द्वारा किया गया। पाँचों दिनों तक केतन मोदनवाल एवं कुलदीप मिश्रा ने व्यवस्थाओं को सुचारु एवं व्यवस्थित बनाए रखा।समापन अवसर पर ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अरविंद कुमार मिश्रा तथा अनुराग यादव (उपनिदेशक, मेरा युवा भारत) ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं टीम लीडर्स को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रयागराज की पहचान ज्ञान, आस्था और न्याय के संगम के रूप में रेखांकित करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज तथा गंगा-यमुना-सरस्वती के पावन त्रिवेणी संगम की विशेष महत्ता का उल्लेख किया।अरुण सिंह एवं पीयूष वरदान के नेतृत्व में आई टीम ने प्रयागराज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को निकट से समझा। युवाओं ने संगम घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जो उनकी सामाजिक जागरूकता को दर्शाता है।कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य, नैतिक मूल्य, नेतृत्व विकास एवं सतत विकास जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। साथ ही प्रतिभागियों को आनंद भवन, भारद्वाज पार्क, अरैल घाट एवं वीआईपी घाट संगम सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।यह पहल युवाओं के सर्वांगीण विकास तथा ह्लएक भारत ऽ श्रेष्ठ भारतङ्क की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हुई। कार्यक्रम में राज्य प्रशिक्षक महेश द्विवेदी, स्वयंसेवक निर्मल पांडे, अमरेश दुबे एवं राम अवध कुशवाहा भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम स्थल: होटल प्रांजुल इन, 19इ-93, स्टेनली रोड, रुद्राक्षपुरम, प्रयागराज (मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सामने) सम्पन्न हुआ।

## प्रयागराज में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

प्रयागराज। स्वतंत्र देव सिंह (जल शक्ति विभाग, उ.प्र.) की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्य, कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याएं, ट्रैफिक प्रबंधन व जलापूर्ति जैसे मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई।प्रभारी मंत्री ने जनहित से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई कर कृत कार्यवाही से उन्हें अवगत कराया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए भूमाफियाओं व अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही तथा सभी सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए।आईजीआरएस पोर्टल पर जनपद की बेहतर रैंकिंग पर संतोष जताते हुए अन्य रैंकिंग में भी सुधार के निर्देश दिए गए। तहसीलों व थानों में जनसुनवाई की गुणवत्ता बढ़ाने, लंबित फाइलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 19.03.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00222026 दिनांक 24.02.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 33-DEN-V-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | टी एस आर (पी) = 58.72 ट्रैक किमी (संलग्न लिस्ट के अनुसार) कॉन्ट्रैक्टर के PQRS पोर्टल द्वारा सहा. मं. अभि.-अयोध्या कैंट और सहा. मं. अभि.-द्वितीय लखनऊ के सेक्शन में मं. अभि.-पंचम लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में (एक से ज़्यादा स्टेशनों पर बेस डिपो के साथ किया जाने वाला काम) (दोहरी पैकेट प्रणाली)। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 17,96,12,862.20 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 10,48,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 18 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 05.03.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 19.03.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोट** : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 627/26

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# यूपीएसआईएफएस में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ

❒ ''सिनर्जी'' जिम तथा इनोवेशन एन्ड इनक्यूवेशन सेन्टर ''दक्ष'' का उद्घाटन
❒ आईएएस प्रदेश न्याय व्यवस्था को डिजिटल और पेपरलेस बनाने की दिशा में अग्रसर: संजय प्रसाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय प्रसाद आईएएस अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं गृह विभाग उत्तर प्रदेश थे। जिन्होंने दीप प्रज्जवलीत कर कार्यकम्र का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने मंचासीन मुख्य अतिथि संजय प्रसाद तथा विशिष्ठ अतिथि डॉ0 हरिओम आईएएस, पंधारी यादव आईएएस तथा आईआईएम के निदेशक डॉ एम0पी0 गुप्ता को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय प्रसाद ने संस्थान में छात्र छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य के विकास हेतु संस्थान में नव निर्मित जिम ''सिनर्जी'' तथा छात्र-छात्राओं के व्यवसायिक दक्षता को बढावा प्रदान करने के लिए इनोवेशन एन्ड इनक्यूवेशन सेन्टर ''दक्ष'' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में फॉरेंसिक जाँच हेतु लैबों की व्यवस्था पहले अच्छी नहीं होने के कारण जटिल मामले में रिपोर्ट तैयार होने में काफी समय लग जाते थे, तब केवल लखनऊ और आगरा में ही दो प्रयोगशालाएं थीं, आज माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व और भारत सरकार के सहयोग से प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर अ त या धु नि क फॉरेंसिक लैब स्थापित की जा चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं और डीएनए परीक्षण सहित सभी आवश्यक विभाग एक ही परिसर में उपलब्ध हैं, जिससे सैंपल को कहीं और भेजने की आवश्यकता नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि हम न्याय व्यवस्था को डिजिटल और लगभग पेपरलेस बनाने की दिशा में अग्रसर हैं, जहाँ पुलिस स्टेशन, जेल, अस्पताल और फॉरेंसिक लैब आपस में इलेक्ट्रॉनिक रूप से जुड़े हैं और रिपोर्टिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर की जा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में साइबर थाना और साइबर हेल्प डेस्क स्थापित कर एआई आधारित अपराधों–जैसे फिशिंग, डीपफ़ेक वीडियो, वॉयस क्लोनिंग और डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षित टीमें गठित की गई हैं। मुख्य अतिथि श्री प्रसाद ने यह भी कहा कि ल्आज की चुनौती एआई बनाम एआई की है, और प्रदेश इस चुनौती का सामना आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मानव संसाधन और मजबूत कानूनी ढाँचे के साथ कर रहा है। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड के मामलों में सैकड़ों करोड़ रुपये की रिकवरी कर राज्य ने यह सिद्ध कर दिया है कि वैज्ञानिक जांच, डिजिटल एकीकरण और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से न्याय व्यवस्था में वास्तविक और संरचनात्मक परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर डॉ जीके गोस्वामी ने कहा कि मुख्य अतिथि की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला में संस्थान की ढाई वर्ष की उपलब्धियाँ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम विजन का परिणाम हैं। उन्होंने कहा, ल्यात्रा लंबी है, पर हमारा संकल्प है कि इस संस्थान को वैश्विक पहचान दिलाएँ। उन्होंने संस्थान में चल रहे कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि डॉ0 हरिओम आईएएस ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी और फॉरेंसिक जैसे क्षेत्रों में मजबूत वर्कफोर्स तैयार करने के लिए सरकारी संस्थान और उद्योग को साथ आना होगा। उन्होंने जोर दिया कि तकनीकी कौशल के साथ एथिक्स और उद्यमिता भी जरूरी हैं। अन्त में उन्होंने कहा कि सही स्किलिंग से उत्तर प्रदेश और भारत वैश्विक शक्ति बन सकते हैं।विशिष्ठ अतिथि पंधारी यादव आईएएस ने कहा कि 2020 के बाद शुरू हुए विभिन्न कोर्सों में अब 500 से अधिक एडमिशन हो चुके हैं और मेधावी छात्रों को अलग-अलग माध्यमों से अवसर मिल रहे हैं जिसके लिए जी. के. गोस्वामी और उनकी टीम को बधाई दी गई। उन्होंने जोर दिया कि ,आई का सही उपयोग कर हम सुरक्षा तंत्र एवं फॉरेंसिक और रिसर्च को मजबूत बनाकर देश की प्रगति को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता डिजिटल सुरक्षाः प्रमुख बिंदु पैनल में आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एम. पी. गुप्ता, आईआईआईटी लखनऊ के निदेशक प्रो. अरुण मोहन शैरी तथा आरएमएलएनएलयू लखनऊ के कुलपति प्रो. (डॉ.) अमर पाल सिंह ने एआई, साइबर सुरक्षा और कानूनी अनुपालन के समन्वय पर जोर दिया ब्रविटी डिजिटल इंक, यूएसए के संस्थापक एवं सीईओ पवन शर्मा ने एआई, साइबर सुरक्षा और विधिक अनुपालन जैसे समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखे।

# कनकहा गांव में खेत में मिला, अधेड़ व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। बुधवार दोपहर में मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कनकहा गांव में एक अधेड़ पुरुष का शव खेत में पानी भरे स्थान पर पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हरीराम पुत्र हेमराज रावत के रूप में हुई।जानकारी के अनुसार, हरीराम कल देर शाम अपनी पत्नी के साथ हुए विवाद के बाद नशे की हालत में घर से निकले थे। आज दोपहर उनके खेत में शव पड़ा होने की सूचना परिजनों ने 112 नंबर पर देकर पुलिस को दी। इसके पहले, दोपहर में परिवार ने कनकहा पुलिस को भी हरीराम के गायब होने की जानकारी दी थी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को सुरक्षित किया और पंचायतनामा भरते हुए परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।मोहनलालगंज के इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक के शव के आसपास कोई असामान्य परिस्थिति नहीं पाई गई। परिवार ने भी किसी तरह की शंका नहीं जताई। उनका कहना है कि फिलहाल मृतक की मौत प्राकृतिक कारण या अप्राकृतिक घटना के बिना हुई प्रतीत होती है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही अंतिम निष्कर्ष लिया जाएगा।सूचना में यह भी सामने आया कि लगभग 8 माह पूर्व हरीराम के पुत्र चेतराम की भी मौत हुई थी, जिसे आत्महत्या बताया गया था। ग्रामीण और परिवार वाले इस घटना से शोक में हैं, और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# सपा कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बंथरा, लखनऊ । कस्बे के एक निजी ढाबे के पास समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बुधवार को सपा कार्यकर्ताओंने जोरदार स्वागत किया। अखिलेश यादव दोपहर करीब एक बजे कानपुर रोड होते हुए अपने काफिले के साथ कानपुर जा रहे थे, तभी सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक कर पुष्पगुच्छ देने के साथ फूलमाला से उनका स्वागत किया।

इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ एसआईआर में लगे रहें और विशेष तौर पर युवाओं के वोट जरूर बनवाएं, क्योंकि युवा ही परिवर्तन लाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष फॉर्म -7 का दुरुपयोग कर पीडीए समाज का वोट कटवाने के लिए लगा हुआ है। इसलिए उनके कुचक्र को सफल नहीं होने देना है। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, राम औतार धीमान, प्रदेश सचिव संदीप यादव, सरोजनीनगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, प्रदेश अध्यक्ष यादव सेना जगन्नाथ यादव, जिपंस जितेंद्र यादव गुड्डू व कैप्टन यादव, सुशील यादव, पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला, रामशरण यादव, शिवशंकर रावत, जिलाध्यक्ष मजदूर सभा ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मनोज पाल, जिलाध्यक्ष युवजन सभा शिवकुमार टाइगर, जिलाध्यक्ष व्यापार सभा संजय यादव, रामबाबू चौरसिया, जगमोहन यादव, विवेक यादव, पूर्व अध्यक्ष केकेवी मनीष यादव, सभासद गोविंद यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, जितेंद्र कश्यप, विनय चौरसिया, अजीत यादव, आशीष शुक्ला, अशोक कश्यप, विनय यादव, रामगोपाल लोधी, भोलू यादव (शुभम), बउवा पाण्डेय, गुड्डू यादव और सुनील कुरील सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोहनलालगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई: नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

❒ नाबालिक किशोरी को बहला कर ले जाने के मामले में चौकी इंचार्ज अनूप सिंह त्वरित कार्रवाई, पीड़िता सकुशल बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददात**

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की सक्रियता से पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया है, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार को शिकायतकर्ता ने थाने में सूचना दी कि उनकी नाबालिक किशोरी पुत्री बीते सत्रह फरवरी की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच घर से दुकान तक सामान लेने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों की खोजबीन के दौरान पता चला कि पहले से घात लगाए बैठे जीत बहादुर पुत्र नन्हू लोधी तथा उसके साथी दिलीप पुत्र जामवन्त लोधी ने किशोरी को जबरन वाहन में बैठाकर भगा लिया।इस सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान मंगलवार को ही पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया। पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी जीत बहादुर ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था।पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना पर बुधवार को नामजद आरोपी जीत बहादुर निवासी अहमदखेड़ा, मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।मोहनलालगंज पुलिस टीमइस मामले में पुलिस की तत्परता और प्रभावी कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

## अटारी के राजा कुं0 बलवीर सिंह के छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख कु0 शैलेन्द्र-वीर सिंह चौहान का निधन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** क्षेत्र के मानें जाने सपा नेता कुं0 बलवीर सिंह चौहान के छोटे भाई का बुधवार को लम्बी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। वह वेदांता हॉस्पिटल में भर्ती थे और मंगलवार शाम को ही अपने लखनऊ आवास अलीगंज आये थे। उन्होंने बुधवार प्रातः लगभग साढ़े छह बजे अंतिम सांस ली। माल क्षेत्र में अपनी अलग छवि से पहचाने जाने वाले अटारी के राजा कुं0 बलवीर सिंह के छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख कु0शैलेन्द्रवीर सिंह चौहान(68)वर्षीय(गुड्डा दादा)का आकस्मिक निधन हो गया। वह लम्बे समय से बीमार थे। उनका उपचार वेदांता हॉस्पिटल में चल रहा था। जहां से वह मंगलवार शाम को ही अपने अलीगंज निवास पर आये थे। जहां बुधवार प्रातः तकलीफ बढ़ने से कुं0शैलेन्द्रवीर सिंह (गुड्डा दादा) ने साढ़े छह बजे अंतिम सांस ली। उनके परिवार में बड़े भाई कुं0 बलवीर सिंह पत्नी ममता सिंह व दो बेटे यश सिंह चौहान और जय सिंह चौहान हैं।

## सड़कों पर दौड़ेंगी अतिरिक्त बसें, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रंगों के त्योहार होली पर घर लौटने और शहर में आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने 28 फरवरी 2026 से 9 मार्च 2026 तक विशेष परिवहन व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। 2 मार्च 2026 को होली के मद्देनज़र यह कदम उठाया गया है। ताकि त्योहार के दौरान यात्रियों को भीड़ और अव्यवस्था से जूझना न पड़े।प्रबंधन के निर्देश पर नगर सीमा के भीतर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर प्रमुख रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी और समय–सारिणी में लचीलापन रखा जाएगा। मुख्य पिकिंग प्वाइंट्स और व्यस्त चौराहों पर अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है।ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए चालकों, परिचालकों और संबंधित कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि बसों की उपलब्धता, टिकट व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर लगातार निगरानी रखें।प्रबंधन का स्पष्ट संदेश है यात्री सुविधा सर्वोपरि। लक्ष्य यह है कि त्योहार के दिनों में किसी भी रूट पर यात्रियों को इंतजार या असुविधा का सामना न करना पड़े।होली के रंगों के साथ इस बार सफर भी होगा आसान और सुरक्षित। शहरवासियों को उम्मीद है कि यह विशेष व्यवस्था त्योहार की खुशियों को दोगुना कर देगी।

# राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने बुधवार को एक सघन एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।

जोन-7 के जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में बुधवार को जोन-7 क्षेत्रांतर्गत नालियों, नालों एवं सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुंशीपुलिया चौराहे से मेडिकल तक तथा हाल विधायक वाली मोड़ तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक लोहे का काउंटर, दो मेज, एक कूलर, एक पानी की पेटी और एक छाता जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त चार काउंटर, तीन ठेले, दो ठेलियां और एक गुमटी को मौके से हटाया गया। पूरी कार्रवाई अधीक्षक विनय मौर्या, ईटीएफ टीम एवं 296 टीम की उपस्थिति में संपन्न हुई।

# इटौजा में तीन स्थानों पर चोरी, थाने के सामने मोबाइल शॉप से लाखों का माल पार

❒ एक ही रात में तीन स्थानों पर वारदात, सीसीटीवी में कैद हुए तीन संदिग्ध।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बख्शी का तालाब,लखनऊ । इटौंजा थाना क्षेत्र में बुधवार रात चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सबसे चौंकाने वाली घटना थाना गेट के ठीक सामने स्थित मोबाइल दुकान में हुई, जहां से चोर लाखों रुपये का सामान और नगदी उड़ा ले गए।

लगातार बढ़ रही वारदातों से क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।भगौतापुर निवासी सुरेंद्र प्रकाश त्रिवेदी की 'श्री बालाजी मोबाइल शॉप' में देर रात चोरों ने लोहे की रॉड से शटर तोड़कर प्रवेश किया। दुकान में रखे लॉकर से करीब 35 हजार रुपये नगद और छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें तीन अज्ञात युवक दुकान में कई बार आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि थाना परिसर के सामने वारदात होने के बावजूद पुलिस को भनक तक नहीं लगी। इसी रात नगर चौंगवा गांव में श्रीओम मिश्रा के समरसेबल पंप का सोलर पैनल भी चोरी हो गया। वहीं अर्जुनपुर चौराहे पर स्थित मौर्य बीज भंडार से हजारों रुपये का सामान पार कर दिया गया। तीनों घटनाओं ने पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कुछ माह पूर्व मोबाइल शॉप के सामने स्थित 'मां दुर्गा ज्वेलर्स' में भी लाखों की चोरी हुई थी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था नहीं बढ़ाई गई। होली पर्व नजदीक होने के कारण बाजार में भीड़ बढ़ रही है, बावजूद इसके रात्रि गश्त कम होने की शिकायत सामने आ रही है।पीड़ितों ने थाने में तहरीर दे दी है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव घोड़सारा में बुधवार के दिन अनुराग वर्मा के दरवाजे पर न्यूट्रिशन क्लब के वेलनेस कोच के डाक्टर सौरभ सिंह की ओर से स्वस्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें उनके सहयोगी हेल्थ केयर शिव कुमार व राम कुमार का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई । उनके द्वारा सुगर ब्लड प्रेशर मोटापा जोड़ दर्द व थायराइड कोलेस्ट्रॉल पेट संबंधित बीमारियों से छुटकारा पाने की भी विस्तार से जानकारी दी गई । इसी के साथ सभी को सेहत के प्रति ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया । आयुष पटेल (रिशु) जिला अध्यक्ष छात्र मंच अपना दल (एस) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व अभिषेक वर्मा, वेद प्रकाश द्विवेदी अनुराग वर्मा, शिव दर्शन वर्मा शत्रोहन लाल समेत कई दर्जन ग्रामवासी मौजूद रहे रहे ।

## शिव कुमार रावत बने मंडल अध्यक्ष



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के अध्यक्ष ने लिस्ट जारी कर गोसाईगंज मण्डल अध्यक्ष की घोषणा की।भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने एक लिस्ट जारी कर गोसाईगंज मण्डल के अध्यक्ष पद पर शिव कुमार रावत के नाम की घोषणा की।गोसाईगंज मण्डल के सीताराम पुरवा मजरा बक्कास के रहने वाले शिव कुमार रावत पार्टी में लम्बे समय से जुड़े रहने के साथ ही माढ़रमऊ के शक्ति केंद्र संयोजक किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा से सरोजनीनगर विधानसभा प्रभारी व अर्जुनगंज ,सरोजनीनगर खुशहलगंज अमेठी मण्डल के प्रभारी व प्रवासी सहित अन्य कई पदों पर कार्य करते रहे हैं।इनके पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा इन्हें गोसाईगंज मण्डल का अध्यक्ष बनाया है।इनके मण्डल अध्यक्ष बनने पर भाजपा लखनऊ के अध्यक्ष विजय मौर्य मोहनलालगंज के विधायक अमरेष रावत गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिम्पल सहित अन्य लोगों बधाई दी।

# एलएएसआई अध्ययन के तहत 53 रिसर्चरों का प्रशिक्षण, 30 जिलों में होगा सर्वे

❒ इसी क्रम में लखनऊ जनपद के बख्शी का तालाब क्षेत्र में विभिन्न जिलों से आए 53 युवक एवं युवतियों को शोधकर्ता के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बख्शी का तालाब, लखनऊ । स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से देशभर में संचालित लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी इन इंडिया (एलएएसआई) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में व्यापक सर्वेक्षण की तैयारी की जा रही है।

इसी क्रम में लखनऊ जनपद के बख्शी का तालाब क्षेत्र में विभिन्न जिलों से आए 53 युवक एवं युवतियों को शोधकर्ता के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फील्ड प्रोजेक्ट अधिकारी अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस) की प्रतिनिधि लक्ष्मी पटेल ने बताया कि यह अध्ययन भारत सरकार द्वारा समर्थित है। प्रदेश में सर्वे कार्य का संचालन मार्केट एक्सेल डाटा मैट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कराया जा रहा है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य देश में बढ़ती आयु के साथ होने वाले सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी परिवर्तनों की सटीक जानकारी एकत्र करना है, ताकि भविष्य की नीतियों एवं योजनाओं को जनआवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा सके।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 फरवरी से प्रारंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान शोधकर्ताओं को सर्वे की प्रक्रिया, प्रश्नावली के उपयोग, डिजिटल माध्यम से आंकड़ा संकलन तथा व्यवहारिक संवाद कौशल का विशेष अभ्यास कराया जा रहा है।अध्ययन के अंतर्गत लखनऊ, हरदोई, बाराबंकी, सीतापुर, उन्नाव, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखीमपुर सहित प्रदेश के कुल 30 जनपदों में सर्वेक्षण किया जाएगा। गुरुवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर रही टीम फील्ड अभ्यास के लिए बीकेटी क्षेत्र के टिकारी एवं भौली गांवों में घर-घर जाकर सर्वे का अभ्यास करेगी।इस अध्ययन से प्राप्त आंकड़े केंद्र सरकार को वरिष्ठ नागरिकों एवं बढ़ती आयु वर्ग की आवश्यकताओं को समझने में सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा आर्थिक सहयोग कार्यक्रमों की प्रभावी रूपरेखा तैयार करने में यह अध्ययन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### एलएएसआई अध्ययन का महत्व

एलएएसआई भारत की 45 वर्ष तथा उससे ऊपर की उम्र वाले वयस्कों और उनके जीवन से जुड़े सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य पहलुओं पर आधारित एक राष्ट्रीय रूप से प्रतिनिधि सर्वे है। इसके पहले चरण (वेव-1) में अप्रैल 2017 से दिसंबर 2018 तक 73,396 प्रतिभागियों से डेटा एकत्र किया गया, जिसमें लगभग 31,000 बुज़ुर्ग 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के शामिल थे। यह सर्वे अगले 25 वर्षों तक हर 2-3 साल में दोबारा किया जाएगा ताकि वृद्धावस्था से जुड़ी जीवन-भर की वास्तविक प्रगति को समझा जा सके।

### विशेषज्ञ क्या कहते हैं

विशेषज्ञों का मानना है कि एलएएसआई जैसे व्यापक और राष्ट्रीय स्तर के डेटा से सरकार को बुज़ुर्गों के लिए स्वास्थ्य योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और आर्थिक सहायता योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायता मिलेगी। डेटा का उपयोग नीति-निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं के विस्तार के लिए किया जाएगा।

# नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री की अध्यक्षता में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग की अलग-अलग समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

बैठक में दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीतिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर विकास विभाग की बैठक में प्रमुख सचिव श्री पी गुरु प्रसाद,सचिव/निदेशक अनुज झा, विशेष सचिव श्री प्रवीण लक्षकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा में अपर मुख्य सचिव श्री नरेंद्र भूषण, एमडी यूपीपीसीएल श्री पंकज कुमार सहित विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता की।बैठक के दौरान 1 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में दोनों विभागों की भूमिका और संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें शहरी आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक शहरी सुविधाओं के विस्तार, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, ऊर्ज़ा दक्षता बढ़ाने तथा निवेश को आकर्षित करने की ठोस रणनीतियों पर विशेष बल दिया गया।अपने संबोधन में मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने कहा कि नगर विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग प्रदेश की आर्थिक प्रगति के दो सशक्त स्तंभ हैं। यदि शहरी सेवाएं सुदृढ़ और पारदर्शी हों तथा विद्युत आपूर्ति निर्बाध एवं विश्वसनीय हो, तो उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी।

# वीएचएसएनडी सत्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, एएनएम को नोटिस के निर्देश

❐ निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं से वार्ता करते हुये उनकी वैक्सीनेशन संबंधी किताब का अवलोकन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज प्राथमिक विद्यालय कार्टरागंज, विकासखंड महोली में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र कार्टरगंज विकास खण्ड महोली में वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं से वार्ता करते हुये उनकी वैक्सीनेशन संबंधी किताब का अवलोकन किया। उन्होंने ए0एन0एम0 मालती देवी द्वारा बिना सूचना दिये अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये मरीजों को दिये जाने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने शासन की मंशानुरूप समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों को मुहैय्या उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने वजन मशीन, लम्बाई मापने वाली मशीन, दवाओं की उपलब्धता आदि का गहनतापूर्वक अवलोकन किया।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर, पानी व्यवस्था, खाने पीने व्यवस्था आदि व्यवस्थाएं देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने बच्चों की किताबों का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने रसोई घर में मिड-डे-मिल के तहत बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की सामग्री की गुणवत्ता को परखा।

# कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, शंकराचार्य पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । कंग्रेज जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशानिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के साथ हुई घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

उन्हें धार्मिक अनुष्ठान एवं स्नान आदि से रोका गया तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। साथ ही उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता एवं अपने धार्मिक कार्यों के संचालन का मौलिक अधिकार प्राप्त है। शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक है, जिसकी मान्यता एवं गरिमा ऐतिहासिक धार्मिक परंपराओं द्वारा निर्धारित है। ऐसी स्थिति में उनके साथ किया गया कथित दुर्व्यवहार न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करता है, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के भी विपरीत है। मांग की गई कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। दर्ज की गई एफआईआर की परिस्थितियों एवं तथ्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की जाए। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और भविष्य में किसी भी धार्मिक गुरु एवं श्रद्धालुओं के साथ इस प्रकार की घटनाएं न हों, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, अनस इकबाल, पार्षद अब्दुल सत्तार लाले, फुरकान अहमद कुरैशी, बीएन सिंह यादव एडवोकेट, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, अदीब अहमद, अरुणोद मिश्रा, बिंदेश्वरी राज, रामजी अवस्थी, सईद अंसारी, रफीउल हसन, इरफान खान, नौशाद कुरैशी, अफजाल खान, मनीष कोरी, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, डॉ. फहाद अली, आशीष तिवारी, शिवओम मिश्रा, गुलजार आलम, फरमान खान, अनुभव कटारिया, उमंग त्रिवेदी, अखलेश, शोभित मिश्रा, अनस आदि लोग मौजूद रहे।

# लकड़ी माफियाओं पर रहम, पेड़ों पर सितम!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ डिप्टी साहब ये ठीक नहीं, डिप्टी रेंजर ने क्षेत्र को हरियाली विहीन करने का उठाया बीड़ा,जुर्माना बना कागजी ढाल

सकरन, सीतापुर। रेंज बिसवां के क्षेत्र सकरन की समस्त बीट पर काबिज डिप्टी रेंजर एस. शैलेश ने मानो क्षेत्र को हरियाली मुक्त करने का बीड़ा ही उठा लिया हो और जुर्माने को सिर्फ कागजी ढाल। आलम यह है कि पेड़ कटने से पहले ही लकड़कट्टों से जुर्माना जमा करा लिया जाता है उसके बाद पेड़ की कटाई शुरू की जाती है अगर कही से कोई शिकायत हो जाती है तो औपचारिकता मात्र कुछ पेड़ो की रसीद काट दी जाती है बाकी की धनराशि साहब लोगो की जेब में जाती है।

ऐसे ही एक मामला पुलिस चौकी क्षेत्र सांडा परिक्षेत्र में ग्रामपंचायत सकरन खुर्द के मजरा सिकरहना के निकट सांडा जीतामऊ रोड से सटे विशालकाय प्रतिबंधित प्रजाति के महुआ के दो पेड़ों को डिप्टी रेंजर की सह काट कर धराशायी कर दिए गया जिसकी जानकारी जब लकड़ी कटान के माहिर पत्रकार मिथलेश के द्वारा उच्चाधिकारियों को दी गई तो बताया गया उक्त पेड़ों का जुर्माना कर दिए गया है पर पत्रकार मिथलेश ने स्वीकार किया कि जब हमने कट चुके एक पेड़ की जानकारी डिप्टी रेंजर को दी थी तब एक पेड़ खड़ा था जिसके फोटो हमारे पास मौजूद हैं उसके विषय पर डिप्टी रेंजर एस. शैलेश के द्वारा बताया गया कि दो पेड़ों पर जुर्माना कर दिए गया है जबकि एक पेड़ जीवित अवस्था में खड़ा था पेड़ कटाने वाले लकड़ी ठेकेदार प्रकाश व बाबू ने बताया कि डिप्टी साहब ने 7हजार नगदी के साथ 600रूपए डीजल पानी का खर्चा लेकर पेड़ कटवाया है। इस बड़े अपराध की सूचना जब पुलिस प्रभारी चौकी सांडा को पत्रकार मिथलेश के द्वारा दी गई कि लकड़ी से लोडेड ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ा है तो उनके द्वारा भी लकड़ी ठेकेदार से 5 हजार रूपए वसूलकर उसे छोड़ दिए गया इसी तरीके से लकड़ी कटान माफिया सेमरा कला निवासी बाबू खान,हाशिम खान के द्वारा शाहपुर पंचायत भवन के निकट विशालकाय नीम के पेड़ कटान, सेमरा कला में ठेकेदार बनऊ व मंशा के द्वारा 6प्रतिबंधित नीम व जामुन कटान की जानकारी दी गई तो वहाँ भी डिप्टी रेंजर के द्वारा फर्जी जुर्माने की रसीद दिखाई गई जिसकी जानकारी जब उच्चाधिकारी को दी गई तो रसीद ही गायब हो गई और ठेकेदारों पर मुक़द्दमा लिखाने की बात कही गई पर आज तीसरे दिवस तक कोई कार्यवाही न होना डिप्टी रेंजर के द्वारा बड़े भ्रष्टाचार के साथ फर्जीवाड़े करने को इंगित कर रहा है।क्षेत्र में बड़े कटानों के साथ डिप्टी रेंजर की संलिपतता के विषय में क्षेत्रीय पत्रकारों राकेश राजपूत कैनविज टाइम्स,अनिल यादव वॉइस ऑफ़ लखनऊ अनादि टीवी,शिवकुमार जयसवाल पायनियर अमर उजाला,सुधीर सिंह कुम्भाणी चतुरानन व सच की आवाज द्वारा स्थलीय व आतंरिक जाँच पड़ताल की गई तो डिप्टी रेंजर एस. शैलेश के कारनामों के बड़े राज उजागर हुए पता चला इनके संरक्षण में काफ़ी समय से एक जंगली पशु को खासम खास के घर पलवाया गया है और इनके पास जुर्माने व वसूली की एक फर्जी रसीद बुक है जिसके माध्यम से अपने चहेतों के द्वारा अवैध कटान कराने सहित अन्य कार्यों में अवैध धन उगाही करते हैं। इस विषय पर सामाजिक व किसान नेता सुशील राज, प्रमोद वर्मा सहित रामशंकर सिंह कछवाह जिलाध्यक्ष भाकियू ने बताया कि अगर ये बातें सत्य हैं तो इस भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ हमलोग संगठन के साथ योगी जी मिलने के लिए पैदल मार्च करते हुए इसे निलंबित कराने तक प्रदर्शन करेंगे। अब सवाल ये उठता है कि ऐसे वसूलीबाज व धरा को वृक्ष विहीन करने वाले डिप्टी रेंजर पर कार्यवाही कब व इनके कृत्यों की जाँच उपरांत कार्यवाही कब?

## बिसवां में महिला से ठगी: खाने के बहाने युवकों ने उतरवाए जेवर

बिसवां, सीतापुर। मंगलवार शाम नगर के बड़े चौराहे के निकट एक महिला से धोखाधड़ी कर जेवर लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित दंपती वैवाहिक कार्यक्रम से लौटकर ऑटो से उतरकर जहांगीराबाद चौराहे की ओर जा रहे थे।पीड़ित शिवकुमार सदरपुर निवासी ने तहरीर में बताया कि वह अपनी पत्नी माया देवी के साथ बिसवां लौटे थे। रास्ते में उनकी पत्नी पीछे थी, तभी एक युवक आया और खाने के लिए 20 रुपये मांगने लगा। इसी दौरान उसका दूसरा साथी भी पहुंच गया और महिला को बहला-फुसलाकर पास की गली में ले गया।आरोप है कि दोनों युवकों ने महिला के सोने के जेवर–चैन, मंगलसूत्र, बाला और अंगूठी उतरवा लिए। कुछ देर बाद पति को पत्नी दिखाई नहीं दी तो वह वापस लौटा, लेकिन पत्नी नहीं मिली। करीब आधे घंटे बाद महिला बदहवास हालत में लौटी और उसने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

# पिकअप से डीजल चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार चोरी का 90 लीटर डीजल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस टीम ने पिकअप से डीजल चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी किया गया 90 लीटर डीजल भी बरामद किया है।थाना तिलहर क्षेत्र के गांव गुलामखेड़ा निवासी सुधा देवी ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति सर्वेश पिकअप चालक है और पिकअप से टावर पर डीजल रिफलिंग करता है।

बीती 23-24 की रात उसकी पिकअप घर के बाहर खड़ी थी। जिसमें करीब 220 लीटर डीजल रखा था। जिसको गांव के हिमांशु पुत्र मुनेश्वर दयाल, रचित पुत्र दृगपाल और मोहित पुत्र राकेश ने चुरा लिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश की। आज पुलिस ने नामजद दर्ज अभियुक्त हिमांशु, रचित और मोहित को उनके गांव के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया करीब 90 लीटर डीजल भी बरामद किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के साथ उपनिरीक्षक अनुज चैधरी, हेडकांस्टेवल विजय प्रताप, कांस्टेवल सन्नी तोमर, विनय कुमार और सुमित कुमार मौजूद रहे।

# सीडीओ ने सुनीं वृद्ध महिला की फरियाद पेंशन बहाली के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिला मुख्यालय पर उस समय संवेदनशीलता का उदाहरण देखने को मिला, जब पेंशन बंद होने से परेशान एक वृद्ध महिला की फरियाद मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं सुनी और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार एक वृद्ध महिला कई दिनों से समाज कल्याण विभाग के चक्कर लगा रही थी। महिला का आरोप था कि उसकी वृद्धावस्था पेंशन बिना किसी स्पष्ट कारण के बंद कर दी गई है, जिसके चलते उसे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बताया जा रहा है कि जब महिला कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों से मिलने के लिए सीढ़ियां चढ़ रही थी, तभी मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने महिला को रोका और समस्या पूछी। वृद्धा ने भावुक होकर बताया, ‘साहब, समाज कल्याण विभाग ने मेरी पेंशन बंद कर दी है, मैं कई बार गई लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।’सीडीओ ने तुरंत उसके दस्तावेज अपने हाथ में लेकर मौके पर मौजूद कर्मचारियों को जांच के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित प्रकरण को जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र पेंशन पुनः प्रारंभ करने को कहा।सीडीओ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों की पेंशन किसी भी स्थिति में अनावश्यक रूप से बंद न की जाए और यदि तकनीकी कारणों से रोक लगी हो तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए।इस मानवीय पहल से वृद्ध महिला भावुक हो गई और उसने प्रशासन का आभार जताया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी सीडीओ की तत्परता और संवेदनशील रवैये की सराहना की।जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी सरकारी योजना से संबंधित समस्या होने पर सीधे संबंधित विभाग या जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# ईदगाह मोहल्ले में चोरी, सेफ तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शहर के ईदगाह मोहल्ले में मंगलवार देर रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर सेफ अलमारी का ताला तोड़ा और उसमें रखे कीमती जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

मोहल्ला निवासी शुभम सिंह पुत्र संजय सिंह ने बताया कि रात के समय परिवार के लोग अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। इसी बीच अज्ञात चोर घर में दाखिल हो गए। चोरों ने बड़े ही शातिर तरीके से कमरे में रखी सेफ अलमारी का लॉक तोड़ा और उसमें रखी सोने की चेन, झुमके, नाक की बाली, पायल सहित अन्य आभूषण तथा करीब तीन लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली।सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो कमरे का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारी टूटी हुई मिली। नकदी और जेवर गायब देख परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए।पुलिस ने आसपास के घरों और प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला सुनियोजित प्रतीत हो रहा है और चोरों को घर की गतिविधियों की पूर्व जानकारी होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## आस्था की डगर मे सौहार्द्व का संगम मुस्लिमों ने बरसाए फूल



**नैमिषारण्य सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चौरासी कोसी परिक्रमा पथ पर प्रेम और सौहार्द्व का संगम नजर आया यहा समाजसेवी अकिफ रवानी व औरंगाबाद के प्रधान नफीस अहमद ने नेतृत्व मे मुस्लिम समाज ने संत महतो का स्वागत माला पहनाकार किया गया श्रद्धालुओ पर पुष्प बरसाए गए पहला महत व परिक्रमा समिति के अध्यक्ष नारायण दास बनगढ़ मंहत सन्तोष दास खाकी का सबसे पहले अंगवस्त्र पहनाकार फलों की टोकारी भेट की स्वागत से गदगद संन्त मंहत अशिर्वाद देते हुए आगे को रवाना हुए बनगढ़ मंहत सन्तोष दास ने रथ से उतरकर अफिफ ख्वानी को भी माला पहनाकार स्वागत के लिए आभार जताया महंत ने कहा कि भारतीय संस्कृति का आधार यही सद्भाव व भाईचारा है भारतीय संस्कति मे सभी धर्मो का आदर सम्मान है हम सबको इस पर गर्व है यही भारतीयता की विरासत है मुस्लिम समाज ने प्रिक्रमार्थी के स्वागत के लिए एक दिन के पहले से ही कमईपुर स्थित पंचायत भवन पर पड़ाल लगाकर इन्तजाम शुरू कर दिया था श्रद्धालुओ के लिए चाय नास्ता फल के साथ भण्डारे के साथ आयोजन किया गया।

## संकटादेवी मार्केट में अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का बुलडोजर



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर की व्यस्ततम बाजारों में शामिल संकटादेवी मार्केट में मंगलवार को नगर पालिका प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क और नाली पर किए गए अस्थायी व स्थायी कब्जों को हटवाया गया।नगर पालिका की टीम सुबह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने पहले मुनादी कर दुकानदारों और ठेला–खोमचा संचालकों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। इसके बाद जेसीबी की मदद से सड़क किनारे बढ़ाए गए शेड, टीन शटर, तिरपाल और अवैध रूप से रखे गए सामान को हटाया गया।अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती थी और पैदल चलने वालों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान कुछ व्यापारियों ने विरोध भी जताया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्वक पूरी कर ली गई। नगर पालिका प्रशासन ने साफ किया कि आगे भी शहर के अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बाजार में आवागमन सुगम होगा और जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

## सड़क हादसे में गन्ना तुलवाकर लौट रहे युवक की मौत, दो घायल

**तिलहर, शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तिलहर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बैलगाड़ी सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरी बैलगाड़ी पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, थाना तिलहर क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी फकीरे सिंह का 30 वर्षीय पुत्र अमित सिंह बैलगाड़ी से गन्ना लेकर सेन्टर पर गया था। जबकि दूसरी बैलगाड़ी से गांव के ही जसवीर सिंह पुत्र वीरपाल और हरवीर सिंह पुत्र मुंशी सिंह भी अपना गन्ना लेकर सेन्टर पर गए थे। बुधवार सुबह गन्ना तुलवाकर अमित सिंह और जसवीर सिंह व हरवीर सिंह अपनी–अपनी बैलगाड़ी से वापस घर आ रहे थे। इसी दौरान लखनऊ–दिल्ली नेशनल हाइवे पर एक तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से दोनों बैलगाड़ियों में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बैलगाड़ी सड़क किनारे पलट गई। हादसे में अमित सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बैलगाड़ी पर सवार जसवीर सिंह और हरवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा हादसे में एक बैल और भैंसे की भी मौत हो गई। घटना के बाद रोड पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कालेज भर्ती कराया और अमित सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जाम को खुलवाया। थाना तिलहर प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# हर बात पर संशय और एक-दूसरे से ईर्ष्या करना ठीक नहीं: दाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। रामचन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के चैथे चरण का शुभारंभ आज मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल ‘दाजी’ के सान्निध्य और मार्गदर्शन में प्रातःकाल सामूहिक ध्यान साधना से हुआ।

देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की मंगल कामना की। इस दौरान कमलेश डी. पटेल ने कहा कि हमारे जीवन का मुख्य उद्देश्य अपने गुरु जैसा बनना होना चाहिए। ज्यादातर हम सांसारिक जीवन में फंसकर अपनी इच्छाओं के गुलाम बन जाते हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन में सबकुछ चाहिए। जिस कारण हम कुछ भी नहीं हासिल कर पाते और एक बंटा हुआ जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं। कहा कि अच्छा जीवन जिएं, इसमें कोई बुराई नहीं, लेकिन इसके लिए सनकी बनना गलत है। जीवन में हर बात पर संशय करना, एक दूसरे से ईर्ष्या करना ठीक नहीं। कहा कि हम मंगल ग्रह, शनि ग्रह से तो डरते हैं, लेकिन अपने दिल में पूर्वाग्रह, हठग्रह पाले रहते हैं, जो नुकसानदेह है। जीवन को प्रेम से जिएं, तभी आपका जीवन सार्थक होगा। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। इस मौके पर दाजी के संदेशों की एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, एके. गर्ग, सुयश सिन्हा, ममता सिंह, राजगोपाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह, दीपक कुमार, खुशी, नीलम सेठ, मनोहरी, जिज्ञासु, एसके शर्मा, कृष्णा भारद्वाज, कर्णिका सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

# होली और ईद को लेकर सदर कोतवाली में पीस कमेटी बैठक

❐ बैठक का उद्देश्य दोनों प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। आगामी त्यौहार होली और ईद के मद्देनजर लखीमपुर सदर कोतवाली परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दोनों प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराना रहा।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम, उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सदर संजय कुमार, कोतवाल राजेश कुमार सिंह, अपराध निरीक्षक दिनेश शर्मा सहित विभिन्न चौकी प्रभारी मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु, व्यापार मंडल प्रतिनिधि एवं त्योहारों से जुड़े लोग भी बैठक में शामिल हुए।अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली और ईद दोनों ही भाईचारे और सद्भाव के प्रतीक हैं। किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट या आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर प्रसारित न करें। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।उप जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और होलिका दहन स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा, लेकिन जनसहयोग भी बेहद जरूरी है।कोतवाल ने बताया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और लगातार गश्त की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाई जाएगी तथा शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि शहर में वर्षों से आपसी सौहार्द की परंपरा रही है, जिसे हर हाल में बनाए रखा जाएगा।अंत में अधिकारियों ने सभी से शांति, संयम और कानून व्यवस्था का पालन करते हुए त्योहार मनाने की अपील की।

# न्याय की दृढ़ प्रतिध्वनि : बेटियों की अस्मिता पर आघात करने वालों को कठोर दंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी, सम्भल । उत्तर प्रदेश सरकार की मिशन शक्ति पहल के अंतर्गत जनपद सम्भल की विशेष पॉक्सो न्यायालय द्वारा एक महत्वपूर्ण एवं संदेशात्मक निर्णय पारित किया गया है, जो बालिकाओं की गरिमा एवं सुरक्षा के प्रति न्यायपालिका की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अवधेश सिंह की अदालत ने विशेष सत्र परीक्षण संख्या 38/2022 (अपराध संख्या 70/2022, थाना गुन्नौर) में अभियुक्त पंकज पुत्र अशोक, निवासी नई बस्ती रजपुरा, थाना रजपुरा, जिला सम्भल को भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 506 एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 9/10 के अंतर्गत दोषसिद्ध पाते हुए धारा 10 पॉक्सो एक्ट में 05 वर्ष के कठोर कारावास तथा 20,000 के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय द्वारा पारित सजाएँ साथ-साथ चलेंगी।

### न्यायालय की स्पष्ट टिप्पणी

निर्णय सुनाते हुए माननीय न्यायालय ने कहा कि समाज में बालिकाओं की मर्यादा एवं सम्मान की रक्षा सर्वोपरि है तथा ऐसे अपराध किसी भी प्रकार की सहानुभूति के पात्र नहीं हो सकते। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि बाल संरक्षण संबंधी कानूनों का उद्देश्य केवल दंडादेश देना नहीं, बल्कि समाज में निवारक प्रभाव उत्पन्न करना भी है। यह निर्णय साक्ष्य-आधारित न्यायिक प्रक्रिया का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ गवाहों के सुसंगत बयान, चिकित्सीय प्रमाण एवं अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों के समुचित विश्लेषण के आधार पर दोष सिद्ध किया गया।

### अभियोजन की सशक्त एवं संगठित भूमिका

प्रकरण में राज्य की ओर से प्रभावी एवं तथ्यनिष्ठ पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) श्री नरेन्द्र कुमार यादव द्वारा की गई। श्री यादव ने न्यायालय के समक्ष साक्ष्यों का तार्किक एवं विधिसम्मत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए अभियुक्त के अपराध को संदेह से परे सिद्ध किया। उनकी संवेदनशील, दृढ़ एवं कानूनसम्मत दलीलों के परिणामस्वरूप पीड़िता को न्याय प्राप्त हुआ। इस प्रकरण में पैरोकार रविन्द्र कुमार तथा न्यायालय के कोर्ट मुहर्रिर विनोद कुमार राठौर,राम कुमार का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा, जिन्होंने अभियोजन कार्यवाही को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शासन एवं प्रशासन की प्रतिबद्धता

यह निर्णय माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जनपद सम्भल के जिलाधिकारी श्री राजेन्द्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार तथा अभियोजन विभाग की समन्वित कार्यप्रणाली ने सुनिश्चित किया कि विवेचना से लेकर न्यायालयीन निर्णय तक की समस्त प्रक्रिया गंभीरता, प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ संपन्न हो।

### समाज के नाम सशक्त संदेश

यह निर्णय केवल एक अभियुक्त को दंडित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक सामाजिक संदेश भी देता है बालिकाओं की अस्मिता पर प्रहार करने वालों को कठोर दंड अवश्य मिलेगा। पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत अपराधों में न्यायालय त्वरित एवं परिणामकारी न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। शासन, प्रशासन और समाज–तीनों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि बेटियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

### न्याय का अडिग संकल्प

विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट)नरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि यह फैसला पुनः स्थापित करता है कि जहाँ भी बालिका के सम्मान पर आंच आएगी, वहाँ कानून दृढ़ता और संवेदनशीलता के साथ हस्तक्षेप करेगा।

# होली पर्व व रमजान शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। होली पर्व व रमजान के दृष्टिगत एसएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, पुलिस अधिकारियों एवं सहित गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक पुलिस ग्राउंड के सभागार में आयोजित की।

परम्परागत तरीके से त्यौहार मनाए जाएं। कोई नई परंपरा नहीं पड़ने दी जाए। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। जनपद में पूर्व की भांति इस वर्ष भी होली व रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस एवं प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक नगर को सोशल मीडिया पर निगरानी हेतु नामित किया गया। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन से निगरानी कराई जाएगी। अधिकारियो ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग, नशे की हालत में वाहन चलाने अथवा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे आपसी सहयोग और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 प्रभावी है। इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। आवकारी विभाग अभियान चलाकर जनपद में अवैध शराब बनाने व उसकी बिक्री पर रोक लगाने हेतु प्रभावी कदम उठाने के साथ-साथ किसी भी दशा में ओवर रेटिंग व ज़हरीली शराब की बिक्री न हो यह सुनिश्चित कराएं। नगर निकाय व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जिन मार्गो पर होली होती है उन मार्गो का पहले ही निरीक्षण कर गढ्डे इत्यादि यदि कहीं हो तो उन्हें ठीक कराया जाए। जिला चिकित्सालय व अन्य चिकित्सालय में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं प्रभावी रहें। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्युत के झूलते व लटकते तार यदि कहीं हो तो उन्हें दुरुस्त किया जाए। अग्निशमन की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में सभी समुदायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# सम्भल को मिली सौगात, योजना बिजनेस प्लान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत 606.61 लाख से निर्मित 33/11 केवी 25 एम. वी. ए विद्युत उपकेंद्र कमालपुर विद्युत वितरण खण्ड चंदौसी का प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया लोकार्पण

सम्भल, बहजोई। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत योजना बिजनेस प्लान वर्ष 2024- 25 के अंतर्गत जनपद में 606.61 लाख की लागत से निर्मित होने वाले नवनिर्मित 33/11 केवी 2 5 एम. वी. ए विद्युत उपकेंद्र ग्राम कमालपुर ( विकासखण्ड बहजोई) विद्युत वितरण खंड चंदौसी का लोकार्पण कार्यक्रम विकासखण्ड बहजोई के ग्राम कमालपुर में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश शासन धर्मवीर प्रजापति जी रहे तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व एम एल सी परमेश्वर लाल सैनी तथा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खडग़वंशी तथा पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर रहीं ।

कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा विद्युत उपकेंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। मा. प्रभारी मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम यार्ड का अवलोकन किया तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत हिमांशु वार्ष्णेय द्वारा विद्युत उपकेंद्र के विषय में जानकारी प्रदान की।मा. प्रभारी मंत्री जी द्वारा बटन दबाकर फीडर चालू कर विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया।

जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री / राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति का एक पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया। अन्य अतिथियों का भी स्वागत सम्मान किया गया।

अधीक्षण अभियंता हिमांशु वार्ष्णेय द्वारा बताया कि योजना बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत 606.61 लाख से निर्मित होने वाले नवनिर्मित 33/11 केवी 25 एम.वी. ए विद्युत उप केन्द्र कमालपुर विद्युत वितरण केंद्र चंदौसी से लगभग बहजोई विकास खण्ड के लगभग 20 गाँव जोड़े गये हैं। लगभग 4000 उपभोक्ताओं को इससे लाभ प्राप्त होगा तथा विद्युत आपूर्ति में राहत मिलेगी तथा 5-5 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं इससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से विद्युत उपभोक्ताओं को फायदा होगा ।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडग़वंशी ने अपने संबोधन में कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी एवं मा.मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। इस नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े ग्राम के लोगों को फायदा होगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के सबके हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि इससे विद्युत लोड़ कम होगा तथा आपको भरपूर बिजली प्राप्त होगी। मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री ने कहा कि विद्युत केंद्र बनने से इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा काम हुआ है हमारी सरकार मा.योगी जी के नेतृत्व में शिक्षा,स्वास्थ्य,सड़कें, विद्युत,पानी आदि के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। मा. मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की जनता को हर चिंता से मुक्त किया है। हर घर हर परिवार आगे बढे उस सोच के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था अच्छी हुई है।

# पकड़ा गया पुलिस की वसूली का खेल मेडिकल स्टोर संचालक पर आरोप

❒ प्रतिबंधित दवाएं बेचते हो, चलो थाने... पकड़ा गया पुलिस की वसूली का खेल मेडिकल स्टोर संचालक पर आरोप लगाकर 40 हजार रुपये वसूले, मुरादाबाद एसएसपी ने सर्विलांस सेल प्रभारी समेत पांच पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । प्रतिबंधित दवाइयां रखने का आरोप लगाकर मेडिकल स्टोर संचालक को हिरासत में रखना सर्विलांस सेल प्रभारी समेत पांच पुलिस कर्मियों को महंगा पड़ गया। शिकायत मिलने पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने जांच कराने के बाद पांचों पुलिस कर्मियों को निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसएसपी से जो शिकायत की गई थी उसके अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र के फीलखाना रेती स्ट्रीट निवासी उवैद कुरैशी के मेडिकल स्टोर पर एक माह पहले सर्विलांस सेल की टीम ने छापा मारा था।**टीम ने खुद को उड़नदस्ता, ड्रग विभाग की टीम बताकर कार्रवाई की थी। टीम में शामिल रहे सर्विलांस सेल प्रभारी वीर बोस, सिपाही शिवम चिकारा, विपिन शर्मा, यश दहिया और मनोज यादव मेडिकल संचालक पर प्रतिबंधित दवाइयां रखने और बेचने का आरोप लगाते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया था। आरोप है कि इस दौरान टीम ने मेडिकल स्टोर के सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीवीआर भी उखाड़ ली थी।**हिरासत में लिए गए उवैद कुरैशी को छोड़ने की एवज में एक लाख रुपये की मांग की गई थी। लंबी चर्चा और बातचीत के बाद पीड़ित ने 40 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद टीम ने उन्हें छोड़ दिया था। टीम के जाने के बाद पीड़ित ने इस पूरे मामले की जानकारी अपने अधिवक्ता भाई जमशेद कुरैशी को दी। जमशेद कुरैशी ने इस मामले की शिकायत एसएसपी सतपाल अंतिम से की। एसएसपी ने सीओ कटघर से मामले की जांच कराई। पीड़ित ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी सीओ को उपलब्ध कराई। फुटेज से पुष्टि हुई कि टीम मेडिकल स्टोर पर पहुंची थी और उबैद कुरैशी को हिरासत में भी लिया था। कल मंगलवार को जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसएसपी सर्विलांस टीम के प्रभारी वीर बोस, सिपाही शिवम चिकारा, विपिन शर्मा, यश दहिया, मनोज यादव को निलंबित कर दिया। सभी के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं क्षेत्रधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डाध रुकम पाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति–पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरद्वारा किया गया जहां कुल 23पत्रावली सुनकर 3पत्रावली का निस्तारण किया गया 3परिवार को मिलाया गया इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता पूनम अरोराउप निरीक्षक महेश गंगवार श्रीमती रुचि सुधारानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## रा.से.यो.(छात्रा इकाई) का पंचम सप्त दिवसीय शिविर आयोजित

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** एस एम कॉलेज की रा.से.यो.(छात्रा इकाई) का पंचम सप्त दिवसीय शिविर मौलागढ़ स्थित देवी मंदिर पर प्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन में युवा शक्ति एवं कौशल दिवस पर आयोजित किया गया।आज के कार्यक्रम का शुभारम डा चंद्रकांता सिंघल ने माँ के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया,बालिकाओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान एवं लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी।आज के कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अबुल कलाम जी पर लेख लिख कर बालिकाओं ने उनकी उपलब्धियों एवं कार्यों के बारे में अवगत कराया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सागर ने बताया कि किस तरह विपरीत परिस्थितियों में अबुल कलाम जी ने शिक्षा जारी रखी एवं किस तरह वे एक साधारण बालक से ( मिसाइल मैन) तक कहलाये। निबंध लेखन में प्रियांशी शिवानी प्राची वंशिका ने अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ चंद्रकांता सिंघल,पुजारी श्री गिर्राज किशोर जी एवं समस्त बालिकाएं कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव एवं गजेंद्र उपस्थित रहे।अंत में प्रिया श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बेटे–बहू और दामाद ने बुजुर्ग मां को डंडों से पीटा

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** सहसवान में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां मकान के लालच में सगे बेटे, बहू और दामाद ने मिलकर 75 वर्षीय बुजुर्ग मां को बेरहमी से पीटा और घर से निकाल दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती है और जिंदगी व मौत के बीच संघर्ष कर रही है। घटना सहसवान के कटरा मोहल्ले की बताई जा रही है, जहां 75 वर्षीय तहज़ीब बेगम अपने मकान में रहती थीं। उनके दो बेटे हैं। बुजुर्ग महिला अपना गुजर–बसर मिठाई के डब्बे बनाकर करती थीं। बताया गया है कि बड़ा बेटा टीवी की बीमारी से ग्रस्त है और मां के साथ ही रहता था, जबकि छोटा बेटा और उसकी पत्नी आए दिन मकान हथियाने के लिए मां को प्रताड़ित करते रहते थे। आरोप है कि मकान के लालच में छोटे बेटे और बहू को दामाद अकील भी उकसाता था। हालात उस वक्त बिगड़ गए जब तीनों ने मिलकर बुजुर्ग महिला को डंडों से बुरी तरह पीटा और घर से बाहर निकाल दिया। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री व प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा व प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने बुधवार को एनआईसी सभागार में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व सम्बंधित अधिकारियों के साथ जनपदीय विकास कार्यों की सीएम डैशबोर्ड पर प्रगति की समीक्षा की। इससे पूर्व जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार कर उसको सफलतापूर्वक सम्पादित करने के लिए कहा। अधिकारियों से कहा कि वह जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल आवश्यक रूप से रिसीव करें। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने व धरातल पर कार्यों को चेक करने के लिए कहा तथा शिकायतों की पुनरावृत्ति ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि अधिकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन प्राप्त करें तथा आम जनता से बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित करें। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि जो भी दिशा निर्देश जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए हैं उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जनपद को जनवरी 2026 में विकास कार्यों में 36वीं, राजस्व कार्यां में 21वीं व राजस्व व विकास कार्यां की संयुक्त 28वीं रैंक प्राप्त हुई है इनमें से 65 कार्यक्रमों व परियोजनाओं में ए रैंकिंग, 05 में बी रैंकिंग, 03 में सी रैंकिंग, 04 में डी रैंकिंग प्राप्त हुई है तथा 08 ऐसे कार्यक्रम व परियोजनाएं हैं, जिसमें रैंकिंग नहीं होती है अथवा कार्यक्रम जनपद में लागू नहीं है। उन्होंने बताया कि कुल 85 कार्यक्रमों की समीक्षा की जाती है। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि जनपद के 12 विभाग/ कार्यक्रम ऐसे हैं जिनमें बी, सी व डी श्रेणी प्राप्त हुई है इनमें से लोक शिकायत, पिछड़ा वर्ग(शादी अनुदान योजना), नियोजन विभाग(फैमिली आईडी), कृषि, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत को बी श्रेणी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान), पिछड़ा वर्ग(दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना), पंचायती राज विभाग को सी श्रेणी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग(ओडीओपी टूल किट योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना), महिला एवं बाल विकास तथा ग्राम्य विकास को डी श्रेणी प्राप्त हुई है, सम्बंधित अधिकारियों को इसमें सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब ट्रांसफार्मर निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत बदलवाया जाए। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ने बताया कि 52 फीडर को ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपर्ति के लिए अलग किया जा रहा है, इनमें से 39 को उच्चीकृत किया जा चुका है, सम्पूर्ण 15 मार्च 2026 तक पूर्ण करा लिया जाएगा। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन ग्रामीण, निराश्रित गौवंशां का संरक्षण, उद्योग विभाग व अन्य विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में विभिन्न बैंकों के सहयोग, जनपद की रैंकिंग स्वास्थ्य विभाग के कार्यां आदि योजनाओं व कार्यक्रमों पर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में गत 12 जनवरी को आहूत जिला प्रशासनिक समन्वय समिति व विकास कार्यों की बैठक की अनुपालन आख्या भी जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इससे पहले पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस आगमन पर प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। फ्इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्र, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# थाना सिविल लाइन में एसएसपी ने मिशन शक्ति केंद्र का किया उद्घाटन

❒ मिशन शक्ति का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन एसएसपी द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय, सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार, कोतवाली सिविल लाइन, कोतवाली सदर और कोतवाली उझानी के निरीक्षकों सहित विभिन्न थानों का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी ने सिविल लाइन कोतवाली के उपनिरीक्षक महेश सिंह को मिशन शक्ति का प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, जागरूकता अभियान, शिकायतों का त्वरित निस्तारण और अपराध की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा जनसुनवाई के दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। कार्यक्रम का समापन महिला सुरक्षा के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में डीजे संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। कोतवाली महराजगंज में बुधवार को थानाध्यक्ष जगदीश यादव की अध्यक्षता में डीजे संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आगामी होली और रमजान त्यौहारों के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित डेसिबल सीमा का पालन अनिवार्य है। रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के डीजे संचालन नहीं किया जा सकेगा। अश्लील, भड़काऊ या सांप्रदायिक गीतों के प्रयोग पर सख्त मनाही है। उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। होली के जुलूस और रमजान की नमाज के समय विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। कोतवाल जगदीश यादव ने सभी संचालकों को कानूनी नोटिस तामील कराते हुए शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी, जिस पर सभी संचालकों ने अपनी सहमति और सहयोग का आश्वासन दिया।

# अस्पताल बना दलालों का अड्डा, सीटी स्कैन में मरीज से अवैध वसूली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता से मरीजों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है, स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मरीज से अवैध वसूली हो रही है चाहे वह सीटी स्कैन हो या आंखों का ऑपरेशन या मेडिकल रिपोर्ट हो, यहां दलाल चिकित्सकों से मिलकर अनुचित रिपोर्ट बनवा लेते हैं जिसकी वजह से गांव, देहात से आए हुए मरीजों को सीटी स्कैन में बैठकर घंटों इंतजार करना पड़ता हैं, जबकि दलालों के सीटी स्कैन तुरंत हो जाते है।जिसकी यहीं वजह हैं कि अस्पताल की सीटी स्कैन में अवैध वसूली का गोरखधंधा चल रहा है। जिससे मरीज ठगी के शिकार हो रहे है अस्पताल प्रशासन अगर सख्त नहीं हुआ तो दलालों की सक्रियता और बढ़ सकती है।

दलालों का सीटी स्कैन में अवैध वसूली का खेल, मरीजों से ठगी, अस्पताल में तैनात प्राइवेट चर्चित कर्मचारी ने बिनावर क्षेत्र के एक मरीज से 600 लिए थे उसके रिश्तेदार से भी सीटी स्कैन के नाम पर वसूली की थी जिसकी पोल खुलने पर हंगामा खड़ा हो गया और वह कर्मचारी वहां से फरार हो गया यह चर्चित कर्मचारी अस्पताल के डॉक्टरों से मिलकर अनुचित लाभ के लिए मरीजों को गुमराह करके अवैध वसूली करता हैं। जिससे अस्पताल की बदनामी हो रही है। दलाल मरीजों को सीटी स्कैन जांच के लिए ले सलाह देते हैं सूत्रों कि माने तो सीटी स्कैन के बाहर कई ''इर्द-गिर्द'' दलाल खड़े रहते है जो मरीज को गुमराह करके उनसे मोटी रकम वसूलते हैं। दलालों को कहना है कि सीटी स्कैन के अंदर बैठे कुछ कर्मचारियों से हमारी सेटिंग है हम बिना नंबर के जल्दी सीटी स्कैन करवा देते हैं वरना आपको भी और मरीजों की तरह घंटों इंतजार करना पड़ेगा हम जल्दी करा देंगे अंदर पैसा देना पड़ता है। इस तरह से मरीजों को गुमराह करके सुविधाओं की सिफारिश कर दलाल अनुचित लाभ लेते हैं। जिससे मरीजों के लिए यह एक बड़ी समस्या है जो सही समय पर इलाज पाने के भटकते रहते है।

# सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी देना कोई गलत नही : ज्योति सिंह प्रभारी निरीक्षक मुजरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। थाना मुजरिया क्षेत्र के कुछ समाज विरोधी तत्वो द्वारा प्रचारित थाना मुजरिया में फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार की खबर पर स्थानीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अतुल तोमर थाने पहुंचे। तथा अपनी बात बताकर वास्तविकता जानी चाही, इस पर थानाध्यक्ष ज्योति सिंह ने किसान यूनियन के नेता को जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर फरियादियों का पूरा ध्यान रखा जाता है, तथा उनकी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जाती है।

वहीं ज्योति सिंह ने को जानकारी देते हुए कहा कि ''वादकारी का हित सर्वोच्च है'' इसके आधार पर सुरक्षा एवं न्यायोचित त्वरित कार्रवाई कर राहत का कार्य किया जाता है।

वही थाने में अभी तक कोई ऐसा उदाहरण नहीं है, जो इस अपवाह की पुष्टि करता हो, वही किसान उनके नेता एवं उनके साथ आए जनता के लोक ज्योति सिंह की बात पर संतुष्ट दिखे बताया जाता है कि कुछ समाज विरोधी तत्व इस जानकारी को गलत साबित कर राजनीतिक रूप देना चाहते हैं, जबकि फरियादियों के लिए सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी देना कोई गलत नहीं है, इस संबंध में एक वीडियो बनाकर वायरल करने की भी जानकारी मिली है। वही इस वीडियो द्वारा ऐसा प्रतीत नहीं होता है, थाने की गोपनीयता या नियम विरुद्ध हो, वहीं थाना मुजरिया पुलिस जनता की सेवा के लिए हर वक्त उपलब्ध रहती है।

# वजीरगंज में फर्जी मस्टर रोल के जरिए मनरेगा योजना को लगाया जा रहा पलीता

## भोपतपुर, बिरहमतपुर, ढोड़ियापारा, अंचलपुर अंनभुला,कादीपुर,रसूलपुर समेत कई ग्राम पंचा यतों में मनरेगा मजदूरों की लगाईजा रही फर्जी हाजिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के वजीरगंज ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी म स्टर रोल का खेल लगातार जारी है।यहां सरका री धन की बंदरबांट का आलम यह है कि एक ही फोटो अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न का यों पर अपलोड की जा रही है। इतना बड़ा खेल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं।वहीं दूसरी तरफ



बीडीओ,प्रधान,व एपीओ और तकनीकी सहायक समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी मनरेगा यो जना को चूना लगाने में लगे हुए हैं।केन्द्र व प्रदे श सरकार ने मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदा-कानून बना रखा है, जिससे श्रमिकों को गांवों में ही काम मिल सके, परन्तु जिले के वजीरगंज विकास खंड की भोपतपुर, बिरहमतपुर, ढोढ़ियापारा, अंचलपुर, कादीपुर, हजरतपुर,रसूलपुर सहित तमाम ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों की फर्जी लगाई जा रही हा जिरी है।

### मनरेगा में मनमानी बर्दाश्त नहीं : डीएम

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर डीएम प्रियंका निरंजन सख्त हैं। वह लगातार इसकी निगरानी भी करा रही हैं।इतना ही नहीं,शिकायतें मिलने पर जांच कराकर कार्र वाई भी करती रहती हैं। इसके बावजूद सिस्टम बेपटरी है। डीएम का स्पष्ट कहना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा एगी।

इन ग्राम पंचायतों में शासन-प्रशासन की मंशा तार-तार हो रही है। यहां क्रे जिम्मेदार अधिकारी मनरेगा योजना में तमाम हथकंडे अपना कर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं बाज आ रहे हैं।कई ग्राम पंचायतों में मनरे गा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मज दूरों की जगह नाममात्र ही श्रमिक कार्य करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं, हद तो यह है कि एक ही फोटो को बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है।फर्जी मस्टर रोल के ज रिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं, बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार,प्रधान द्वा रा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में म नरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का ना म पहले से ही डलवा दिया गया है और उन्हीं के नाम पर भुगतान भी होता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी हकीकत खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

# श्रीकृष्ण अवतरण महोत्सव से गुंजायमान हुआ वनगंवां, भक्तिरस में डूबे भक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बभनान वनगंवा गांव में आयोजित श्रीम द्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ महोत्सव के पं चम दिन श्रीकृष्ण अवतरण प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे कथा वाचक आचार्य बागीश कुमार तिवारी 'रा मेष्ट' जी ने पुराण सम्मत व्याख्या करते हुए प्रह लाद,अनुसूया चरित्र के साथ भगवान कृष्ण के दिव्य प्राकट्य का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार चरम पर होते हुए दैत्यों का आतंक व्याप्त हो गया,आतताई कंश माता देवकी वसु देव के छः पुत्रों का बध करते हुए अत्याचार की सीमा लांघ गया तब भगवान हरि ने श्रीकृष्ण रूप में कंस के मथुरा की कारागार में माता देवकी के गर्भ से स्वयं और रोहणी के उदर से बलराम तथा यशोदा के गर्भ से मां भगवती योगमाया के रूप में अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना



की। कथा के दौरान कंस के अत्याचारों, वसुदेव द्वारा बाल कृष्ण को यमुना पार गोकुल पहुंचाने तथा नंद-यशोदा के घर आनंदोत्सव के प्रसंग का गीत के माध्यम से चित्रण किया गया। ह्लनंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीङ्क के जयघोष से पंडाल बार-बार गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे।कथा के दौरान वैदिक पंडित दुर्गेश मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से परिपूर्ण कर दिया। संगीत की मधुर संगति ने कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ा दी। आर्गन पर सतीश तिवारी एवं अविनाश तिवारी ने भावपूर्ण धुनों से कथा को संगीतमय स्वर दिया, जबकि पैड पर आदर्श तिवारी ने लयबद्ध संगति कर श्रद्धालुओं को भक्ति में झूमने को विवश कर दिया। भजनों और कीर्तन की मधुर प्रस्तुति से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। मौके पर आकाश वाणी लखनऊ से सेवा निवृत राघव पाठक, केशव पाठक लिली तिवारी, पल्लवी पाठक, मयंक पाठक, आलोक पाठक का सहयोग प्रशंसनीय रहा इसके साथ ही गांव क्षेत्र सहित बभनान से पधारे रामफ़ेर गुप्ता, व्यास जी, समेत सैकड़ो श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने इसे भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक आनंद का अद्भुत संगम बताया।

# 71 लाख कुंतल गन्ने की पेराई के बाद बजाज चीनी मिल बंद : महाप्रबंधक गन्ना

## बजाज कुंदरखी चीनी मिल के पेराई सत्र 2025-26 का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बजाज हिन्दुस्थान शुगर चीनी मिल कुंदर खी का पेराई सत्र 2025-26 सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह ने समापन अवसर पर क्षेत्र के समस्त कृषकों, श्रमिकों एवं मिल के अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।उन्होंने बताया कि चालू सत्र में मिल द्वारा 71 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई। जो किसानों, मिल के अधिकारियों और चीनी मिल प्रबंधन के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।इस मौके पर महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के. सिंह ने चीनी मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई



दिया।उन्होंने कृषकों से अपील किया कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई के दौरान अधिक से अधिक क्षेत्र.फ़ल में उन्नतिशील गन्ना प्रजा तियों की बुवाई करें तथा पेड़ी प्रबंधन पर वि शेष ध्यान दें, ताकि उत्पादन में और वृद्धि हो सके। उन्होंने कृषकों से 15023, 14201, 13235, 17231, 0118, 98014 व कोजे 85 आदि आदि गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने की सलाह दिया। इससे न केवल किसानों को बेहतर उत्पादन मिलेगा, बल्कि चीनी मिल की कार्यक्षमता भी और सुदृढ़ होगी।जीएम केन सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से ही 71 लाख कुंटल गन्ने की पेराई हो सकी है।इस मौके पर महाप्रबंधक यांत्रिकी अनुपम खरे, एचआर हेड बीपी दीक्षित,उप महाप्रबंधक गन्ना प्रदीप पंवार, प्रबंधक लेखा राजीव पांडेय, आईटी हेड प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक संतोष मिश्रा, दिनेश सिंह, गेट इंचार्ज शशिकांत दूबे, कमलेश कुमार, सुनील पाठक, रमेश प्रताप सिंह, श्रवण पांडेय, राम नरेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण समिति की बैठक से अनुपस्थित अफसरो पर एक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्ष ता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण अभियान की तैयारियों तथा स्वच्छता एवं प्रदू षण नियंत्रण से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार पौधारोपण की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पौधारोपण अभियान के लिए आवश्यक तैया रियां समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि गड्ढा खुदाई, पौधों की उपलब्धता, सिंचाई की व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी उपाय पहले से सुनिश्चित किए जाएं,ताकि अभियान के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)



एवं एनएचएआई विभाग को भी निर्धारित स्थलों पर सघन प्लांटेशन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर लोक निर्माण खण्ड प्रथम,द्वितीय एवं प्रां तीय खण्ड के अधिशासी अभियंताओं तथा नगर पंचायत मनकापुर,धानेपुर एवं बेलसर के अधिशासी अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्दे श दिए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स मीक्षा बैठकों में विभागाध्यक्षों की उपस्थिति अ निवार्य है। यदि भविष्य में कोई विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसि लिटी) सेंटर को शीघ्र तैयार कराकर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लि ए एमआरएफ सेंटर की सक्रिय भूमिका आव श्यक है।इसके अतिरिक्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ज नपद में नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे ईंट भट्ठों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठो र कार्रवाई की जाए।पर्यावरण मानकों का उल्लं घन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।बैठक में जनपद की छोटी नदियों की साफ-सफा ई पर भी विशेष बल दिया गया।अधिशासी अ भियंता ड्रेनेज खण्ड एवं डीसी मनरेगा को निर्दे श दिए गए कि सभी छोटी नदियों की समुचित सफाई कर जल प्रवाह को सुचारु बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लाप रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभा ग आपसी समन्वय से निर्धारित लक्ष्यों को सम यबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन

प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव,ए सडीओ वन विभाग सुदर्शन,डीसी मनरेगा जना र्दन प्रसाद,अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, एसीएमओ,खनन अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी का उपस्थित रहे ।

# मानदेय वृद्धि पर शिक्षामित्रों में उत्साह मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया आभार पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। बलहा विकास क्षेत्र के शिक्षामित्रों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक धन्यवाद एवं आभार पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम में शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री द्वारा मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह किए जाने के निर्णय पर खुशी जाहिर की। इस निर्णय से प्रदेश भर के शिक्षामित्रों में उत्साह का माहौल है। प्रभारी जिला अध्यक्ष रिजवान अली ने धन्यवाद पत्र सौंपते हुए कहा कि बढ़े हुए मानदेय से शिक्षामित्रों को संजीवनी मिलेगी। इससे बच्चों की पढ़ाई, वृद्ध माता-पिता की दवाई तथा बेटियों की




सगाई जैसे पारिवारिक दायित्वों में काफी राहत मिलेगी। जिला महामंत्री राहुल पाण्डेय ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह लोकप्रिय सरकार भविष्य में शिक्षामित्रों की अन्य समस्याओं—जैसे बारह माह का मानदेय, 14 आकस्मिक अवकाश तथा महिलाओं के लिए बाल्य देखभाल अवकाश—पर भी सकारात्मक निर्णय लेगी।

जिला उपाध्यक्ष मुजीब अहमद ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कैशलेस चिकित्सा एवं ट्रांसफर आदेश के बाद अब मानदेय वृद्धि कर शिक्षामित्रों को आर्थिक संबल प्रदान किया गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री, बेसिक शिक्षा मंत्री तथा विधान परिषद सदस्य चंद शर्मा सहित सम्पूर्ण मंत्रिमंडल को कोटिशः धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

इस धन्यवाद सभा में राजेंद्र यादव, दिलीप कुमार जायसवाल, मुजीब अहमद, श्यामू, नंदराम, बृजेश कुमार जायसवाल, संतोष कुमार सिंह, बसंत लाल यादव, राम रूप, प्रभाकर, अशोक मौर्य, लालजी प्रसाद यादव, दर्शन प्रसाद, मोहम्मद रफीक, सुमन देवी, रस्तोगी, संध्या सिंह, सुरेंद्र यादव सहित अनेक शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनता की समस्याएं दिए त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडाः बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जाय सवाल क्रे द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के वि भिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की सम स्याओं को गंभीरता,संवेदनशीलता एवं पूर्ण धैर्य के साथ सुना।जनता दर्शन में उपस्थित नागरि कों द्वारा भूमि विवाद,पारिवारिक विवाद मार पीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व एवं आपसी विवादों सहित अन्य पुलिस संबंधी सम स्याओं से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल ने प्रत्येक प्रकरण को व्य क्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी को निष्पक्ष,पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण



सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों पर गुणवत्ता पूर्ण जांच करते हुए पीड़ित पक्ष को सं तोषजनक कार्यवाही से अवगत कराया जाए त था किसी भी प्रकार की लापरवाही, विलंब या अनावश्यक उत्पीड़न कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा।जिन प्रकरणों में त्वरित हस्तक्षेप अपे क्षित है,उनमें तत्काल प्रभाव से विधिक कार्य वाही सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा गया कि जनता दर्शन केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास,पा रदर्शिता एवं जवाबदेही को मजबूत करने का एक सशक्त मंच है।आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही पुलिस की प्राथमिकता है।

### वन ट्रिलियन डॉलर अर्थ व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक 28 फरवरी को

बहराइच । जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम ने बताया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाये जाने हेतु जनपद में कराये जा रहे आवधि श्रम बल सर्वेक्षण (वी.एल.एफ.एस.) तथा असंगढित क्षेत्रों के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (ए.एस.यू.एस.ई.) की माह जनवरी, 2026 तक की प्रगति की समीक्षा हेतु 28 फरवरी 2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई है। डीईएसटीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त करने के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं कृषक

बहराइच । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के सिंगल कृषि यंत्र, अन्य योजनाओं के अवशेष कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरण पर अनुदान प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन आनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। श्री वर्मा ने बताया कि 25 फरवरी के मध्यान्ह 12:00 बजे से 04 मार्च 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक आनलाइन बुकिंग के लिए पोर्टल खुला रहेगा। उप निदेशक ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर कृषि यंत्रों की बुकिंग/आवेदन जनपदवार की जायेगी। इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल के किसान कार्नर पर जाकर कृषि यंत्रों की बुकिंग कर सकते हैं। श्री वर्मा ने बताया कि कृषि यंत्रों का विवरण, यंत्र बुकिंग एवं अनुदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। किसानों को सुझाव दिया गया है कि ई-लॉटरी से कन्फर्म होने पर विलम्बतम 06 से 10 मार्च तक कृषि यंत्र खरीद कर पोर्टल पर बिल अपलोड कर इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑटो लॉटरी या ई-लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को कृषि विभाग से इंपैनल्ड कंपनियों या उनके डीलरों से ही कृषि यंत्रों की खरीद करनी होगी।

### राज्यपाल के स्वागत को संवर रहा मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय परिसर

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले के मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय में 26 फरवरी को प्रस्तावित राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के आगमन से पूर्व तैयारियां तेज हो गई हैं। इसे लेकर कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। कुलपति ने जनभवन से आई टीम के साथ विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन परिसर का भी अवलोकन किया। इस दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयबद्ध प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, स्वागत प्रबंध, सभागार सजावट, मीडिया कवरेज तथा स्टाफ की सहभागिता सहित सभी तैयारियों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया।
कुलपति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से और सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण हों, ताकि कुलाधिपति का आगमन गरिमामय और स्मरणीय बन सके। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार निरीक्षण के बाद परिसर में उत्साह और कार्यों में तेजी देखने को मिली।

# पर्यावरण जल संरक्षण चौपाल' आयोजित सामूहिक संकल्प के साथ वृक्ष वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। महामना मालवीय मिशन (अवध) के तत्वावधान में प्रख्यात पर्यावरणविद स्व. विंध्यवासिनी कुमार की स्मृति में पर्यावरण जल संरक्षण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण एवं जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया तथा वन विभाग की ओर से फलदार एवं वन-औषधि प्रजाति के वृक्षों का वितरण भी किया गया।

चौपाल को संबोधित करते हुए संघ विचारक एवं मालवीय मिशन के संरक्षक स्वान्त रंजनी ने कहा कि पर्यावरण और जल संरक्षण मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। हम सभी को सामूहिक रूप से वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण का अभियान चलाना चाहिए, ताकि पर्यावरण और जल स्रोत मानव जीवन के अनुकूल बने रहें। उन्होंने कहा कि स्व. विंध्यवासिनी कुमार का संपूर्ण जीवन पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रहा है और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि संगठन तथा समान विचारधारा से जुड़े धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों




के रोपण एवं रोपित वृक्षों के संरक्षण के लिए विशेष जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है। महामंत्री सोमेश वर्धन सिंह एडवोकेट ने कहा कि जल संरक्षण से जन-जन को जोड़ने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। साथ ही गोमती, सरयू और सई नदियों के संरक्षण हेतु भी जनभागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम की आयोजक पर्यावरणविद जयति श्रीवास्तव ने बताया कि स्व. विंध्यवासिनी कुमार की स्मृति में नदी, झील, तालाब, पोखरों तथा विद्यालय, चिकित्सालय एवं धार्मिक स्थलों की खाली पड़ी भूमि पर पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण और पर्यावरण चौपाल आयोजित करने की दूरगामी योजना बनाई गई है। चौपाल का संचालन शिक्षाविद संजय शुक्ला ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विशेष श्रीवास्तव 'लव' एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मालवीय मिशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संघ चिंतक प्रभु नारायण जी ने की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के युवा एवं खेल मंत्री गिरीश यादव, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, विधायक राज कुमार मौर्य, विधायक बृजेश रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, संगठक भरत त्रिपाठी, ओपी श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, समाजशास्त्री राजेंद्र श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, संविधान विशेषज्ञ बालकेश्वर श्रीवास्तव, प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव, अभिषेक सिंहा, युवा मोर्चा महामंत्री आसू कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर स्व. विंध्यवासिनी कुमार द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए गए जन आंदोलन को और प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया तथा उपस्थित लोगों को पंचवटी प्रजाति के वृक्ष वितरित किए गए।

### मां विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय में 26 को राज्यपाल का प्रथम आगमन

मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय में 26 फरवरी को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का प्रथम आगमन होगा। उनका कार्यक्रम देवरी कला, मड़िहान स्थित निर्माणाधीन विश्वविद्यालय परिसर में पूर्वाह्न 10:55 बजे प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल 11:05 से 11:30 बजे तक निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण कर कार्यों के प्रगति की समीक्षा करेंगी। इसके बाद 11:30 से 11:35 बजे तक परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। 11:35 से 11:40 बजे तक वह विश्वविद्यालय निर्माण में लगे श्रमिकों के बच्चों को उपहार वितरित करेंगी। 11:40 से 12:00 बजे तक विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित है। इसके पश्चात 12:05 बजे उनका प्रस्थान होगा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अपना नाम मो हुसेन (MOHD HUSSAN) से बदल कर मोहद हुसेन अन्सारी (MOHD HUSSAIN ANSARI) कर लिया हूं। मुझे अब से मोहद हुसेन अन्सारी पुत्र मो. हनीफ निवासी-ग्राम मिलोली बाघाजोत,पोस्ट उतरौला,बलरामपुर के नाम व पते से जाना व पहचाना जाये।

**मोहद हुसेन अन्सारी
पुत्र मो. हनीफ
निवासी-ग्राम मिलोली बाघाजोत,
पोस्ट उतरौला-
जनपद-बलरामपुर**

# उच्च शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी पर कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। उपाधि महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं की बढ़ती हुई भागीदारी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही स्तर पर आयोजित किया गया ऑनलाइन स्तर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ की समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ अर्चना वर्मा रही हैं।कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी प्रोफ़ेसर सत्येंद्रनारायण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर दुष्यंत कुमार समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ दुर्गेश धर द्विवेदी एवं असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ कविता कनौजिया ने दीप प्रज्वलन किया है।दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यशाला का विधिवत प्रारंभ किया गया जिसमें स्नातकोत्तर स्तर पर अनेक छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए हैं।एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा राखी वर्मा ने कहा कि आज छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वाधिक दे रही है। उन्होंने चंद्रयान अभियान की सफलता के क्षेत्र में भी महिलाओं के योगदान पर भी प्रकाश डालें है।छात्रा ज्योति ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व भी महिलाओं के द्वारा किया गया है।यह उनकी उच्च शिक्षा में भागीदारी को ही दर्शाता है। छात्र प्रथम ने भी इस विषय पर अपने विचार रखें इसके अतिरिक्त प्रियांशी सक्सेना,अंकित कशिश अनेक छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किया डॉक्टर दुर्गेश धर द्विवेदी ने इस विषय पर कहा कि आज आधी आबादी की उच्च शिक्षा में भागीदारी बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रही है। प्रभारी प्रोफ़ेसर सत्येंद्र नारायण विषय की उत्कृष्ट एवं व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहां की आज हम शिक्षा और एवं जिस भी क्षेत्र को देखते हैं वहां हमें महिलाओं की बढ़ती भागीदारी दिखाई देती है। उन्होंने बताया हमारे महाविद्यालय में भी 80 प्रतिशत छात्राओं की ही संख्या है। जो हमारे समक्ष छात्रों की उच्च शिक्षा मैं बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर दुष्यंत कुमार ने बहुत ही व्यापकता के साथ विषय पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किया साथ ही साथ समाजशास्त्र विभाग को इस अच्छी वर्कशॉप के आयोजन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।ऑनलाइन स्तर पर जुड़ी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ अर्चना वर्मा ने इस विषय को बहुत ही बृहद स्तर पर समझाया उन्होंने बताया कि वैदिक काल में महिलाओं की बहुत अच्छी स्थिति थी। विद्योत्तमा आपला गार्गी घोषा जैसी विदुषी महिलाओं का उन्होंने जिक्र किया और यह बताया कि कुछ समय मध्यकालीन ऐसा रहा जब महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में कुछ पिछड़ती नजर आई किंतु आज फिर समय आ गया है। कि महिलाओं ने अपनी शिक्षक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भागीदारी भी बधाई है और विश्व के प्रत्येक विभाग में ऊंचे ऊंचे पदों पर उनकी हिस्सेदारी दिखती है उन्होंने छात्राओं को इस विषय पर बहुत ही व्यापक किंतु बहुत ही सरल भाषा में अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया उन्होंने छात्र-छात्राओं के अनेक इस विषय से जुड़े संचय को सुलझाया एवं सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रोफ़ेसर दुष्यंत कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया है। कार्यशाला का संचालन डॉ कविता कनौजिया द्वारा किया गया।कार्यशाला बहुत ही सफल रही कार्यशाला में डॉक्टर गोपाल दीक्षित, डॉ राखी मिश्रा,डॉ शेफाली सक्सेना, डॉ जितेंद्र मिश्रा, डॉ गजेंद्र कुमा,र डॉक्टर कौशल ,डॉ रूद्र ,डॉक्टर अमित सक्सेना तथा महाविद्यालय का सभी स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

# राष्ट्रीय वेबिनार में पैनलिस्ट रहीं जनपद पीलीभीत की चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल सोलहवाँ वित्त आयोग के क्रियान्वयन पर चेयरमैन ने राष्ट्रीय स्तर रखे अपने विचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। शहर के लिए गर्व और सम्मान की बात है। कि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सोलहवें वित्त आयोग के शहरी अनुदानों पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में पैनलिस्ट के रूप में प्रतिभाग करते हुए अपने विचार रखे। इस वेबिनार में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 800 से अधिक प्रतिभागी जुड़े, जबकि जनप्रतिनिधियों में से विशेष रूप से केवल डॉ. अग्रवाल का चयन किया गया।वेबिनार का विषय ह्लसोलहवें वित्त आयोग के शहरी अनुदानों को समझनाः निहितार्थ, सुधार और कार्यान्वयन मार्गङ्क रहा। पैनल में केरल राज्य के पूर्व महापौर सहित अन्य शहरी प्रशासन विशेषज्ञों ने भाग लिया और शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय सुदृढ़ता पर चर्चा की।डॉ. आस्था अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि पिछले वर्ष नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित चेयरमैन एवं मेयर सम्मेलन के दौरान उन्होंने सुझाव दिया था कि सोलहवें वित्त आयोग की ग्रांट में टाइड फंड की अपेक्षा अनटाइड फंड का हिस्सा बढ़ाया जाए, जिससे नगर निकाय स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे सकें।वेबिनार में आयोग द्वारा शहरी स्थानीय निकायों के लिए की गई प्रमुख सिफारिशों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें अनुदान राशि में वृद्धि, स्थानीय निकायों की स्वयं की आय बढ़ाने, पारदर्शिता, प्रदर्शन-आधारित शर्तों तथा राज्य हस्तांतरण की प्रभावशीलता जैसे विषय शामिल रहे। साथ ही छोटे और मध्यम शहरों द्वारा इन निधियों के बेहतर नियोजन, प्रभावी उपयोग और क्रियान्वयन के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।नगरपालिका प्रशासन में जमीनी अनुभव रखने वाली डॉ. अग्रवाल ने छोटे शहरों की व्यावहारिक चुनौतियों, संसाधनों की कमी, क्षमता निर्माण तथा जवाबदेही को मजबूत करने से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।उल्लेखनीय है कि सोलहवें वित्त आयोग द्वारा शहरी स्थानीय निकायों के लिए लगभग 3.56 लाख करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है, जो शहरों के बुनियादी ढांचे और सेवा वितरण व्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होगा।राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर डॉ. आस्था अग्रवाल की भागीदारी को नगर पालिका परिषद सहित पूरे पीलीभीत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यह शहर की बढ़ती प्रशासनिक पहचान और सक्रिय नेतृत्व को भी दर्शाता है।

# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों ने प्रमुख मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत कर्मचारी वर्षों से संविदा पर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायित्व, वेतनमान और सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं अब तक नहीं मिल पाई हैं।ज्ञापन में कर्मचारियों ने मांग की है कि पोर्टल के माध्यम से वेतन भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर किया जाए और हर माह समय से वेतन जारी किया जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य बजट में पर्याप्त वृद्धि कर प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। संघ ने आईपीएचएस मानकों के अनुरूप नए पद सृजित करने और वर्षों से कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि कई कर्मचारी 10 वर्ष या उससे अधिक समय से सेवा दे रहे हैं, ऐसे में उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस नीति बनाई जानी चाहिए। कर्मचारियों ने वेतन विसंगतियों को दूर कर स्पष्ट और पारदर्शी वेतन नीति लागू करने, वार्षिक वेतन वृद्धि सुनिश्चित करने तथा अनुभव आधारित लाभ देने की भी मांग की है। इसके अलावा सभी कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा, ईपीएफ, ग्रेच्युटी सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने पर जोर दिया गया है। संघ ने समान कार्य के लिए समान वेतन, आउटसोर्सिंग व्यवस्था की समाप्ति और राज्य स्वास्थ्य समिति अथवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के समायोजन की भी मांग रखी है। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में एनएचएम कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनके हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# आरवी गर्ग इंडस्ट्रीज से 25 हजार लीटर रिफाइंड किया जब्त, नमूने लैब भेजे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। राजधानी लखनऊ से पहुंची राज्य स्तरीय टीम ने पूरनपुर के आसाम रोड स्थित सिंहपुर मोड़ पर स्थित आरवी गर्ग से 25 हजार लीटर रिफाइंड को जब्त किया संदेह होने जाँच की गई जाँच मे कमियां पाए जाने पर यह करवाही हुई वही फैक्टरी से नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे इसके अलावा जिला स्तरीय खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारकर दुकानों से खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच को लैब भेजे हैं होली का पर्व शुरू होते ही मिलावटखोरी का खेल शुरू हो गया है ऐसे में लोगों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराए जाने को लेकर विभागीय स्तर से लगातार कार्रवाई की जा रही है टीम ने पूरनपुर पहुंचकर असम चौराहे के पास स्थित गर्ग राइस मिल की नई यूनिट मैसर्स आरवी गर्ग इंडस्ट्रीज लिमिटेड सिंहपुर के यहां छापा मारा संदेह होने पर टीम ने यहां रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल का नमूना संग्रहित करने के साथ ही लगभग 25 हजार लीटर रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल को जब्त किया है राज्य स्तरीय टीम की ओर से हुई कार्रवाई से अन्य व्यापारियों में अफरातफरी रही प्रभारी सहायक आयुक्त खाद्य स्वतंत्र कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम राज्य स्तरीय टीम की ओर से कार्रवाई की गई है वही शहर के अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई टीम ने पूरनपुर के माधोटांडा क्रासिंग स्थित जैद किराना स्टोर घी और शेरपुर रोड स्थित अली किराना स्टोर से बेसन का नमूना लिया है। टीम की सूचना पर कई व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर चले गए जिला स्तरीय अधिकारियों की कार्रवाई महज छोटे व्यापारियों पर पर्व को देखते हुए अफसरों की ओर से निर्देश दिए जाते है ऐसे में विभागीय अफसर कार्रवाई का दावा करते हुए जिले में चेकिंग अभियान का दावा करते हुए कागजी कार्रवाई पूरी करते है, लेकिन बड़े व्यापारियों पर इस कार्रवाई की आंच तक नहीं आ पाती जबकि छोटे व्यापारियों पर जमकर कार्रवाई कर जुर्माना लगाया जाता रिफाइंड राइस ब्रान आयल में खाद्य सुरक्षा के मानको के उल्लंघन होने के संदेह पर नमूना संग्रहित करने के साथ भंडार में मौजूद करीब 25 लाख रुपये का रिफाइंड सभी नमूने जांच के लिए राजकीय खाद्य विश्लेषक को भेजे जाएंगे आगे की करवाही नमूने की रिपोर्ट आने पर कि जायेगी।

## दाखिल-खारिज न होने से नाराज महिला ने अधिवक्ता से की अभद्रता फाड़े दस्तावेज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में दाखिल-खारिज विवाद के विवाद को लेकर एक महिला ने जमकर हंगामा किया महिला पर अधिवक्ता से अभद्रता करने और उनके चैंबर में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज फाड़ने का आरोप है सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को हिरासत में लिया महिला सेहरामऊ क्षेत्र की रहने वाली है अधिवक्ता तिलकराम से अपने दाखिल-खारिज संबंधी प्रकरण की स्थिति जानने आई थीं अधिवक्ता ने उन्हें बताया कि एक दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है कुछ समय रुकना पड़ेगा इससे नाराज महिला आग बबूला हो गई और अधिवक्ता से अभद्रता करते हुए रखे दस्ताबेज फाड़ दिये देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर महिला को हिरासत मे लिया अधिवक्ता ने थाने पहुंचकर महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर दी

## भाई के साथ खेल रहा मासूम छत से गिरा, हालत गम्भीर हायर सेंटर रेफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर के गांव खमरिया पट्टी निवासी हरिशंकर का पुत्र विवेक (6) बुधवार सुबह करीब आठ बजे अपने छोटे भाई के साथ छत पर खेल रहा था खेलते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सीधे नीचे सड़क पर आ गिरा गिरने से विवेक को गंभीर चोटें आईं घटना की आवाज सुनकर परिजन निजी अस्तपाल लेकर पहुंचे वहां से हालात गम्भीर देख कही और ले जाने को कहा परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे चिकित्सकों ने बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने विवेक की हालत नाजुक बताई और सिर में गंभीर चोट की आशंका व्यक्त की। बेहतर उपचार और जांच के लिए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया हैं।

## मोबाइल टावर पर काम करने गए टेक्नीशियन की बेरहमी से पिटाई मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलहरी निवासी विपुल पुत्र रामनरेश मोबाइल टावर में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। बुधवार दोपहर लगभग 12:30 बजे वह गांव लहा में स्थित एक मोबाइल टावर पर पहुंचा था। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोप है उक्त लोगों ने विपुल के साथ मारपीट शुरू कर दी। घायल युवक ने कोतवाली पहुचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## युवकों को सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अननोन फोन कॉल कर परेशान करने, गाली-गलौज, धमकी देने और सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित इमरान वली खां और फिराशत खा के अनुसार उन्हें एक नंबर से आए दिन कॉल आ रही थीं, जिससे परेशान होकर उस नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिया। इसके बाद आरोपी अलग-अलग नए नंबरों से कॉल कर धमकी और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। पीड़ितों का कहना है कि अब तक वह करीब 10 से ज्यादा नंबर ब्लैकलिस्ट कर चुके है। आरोप है कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर किसी महिला के साथ पीड़ितों की फोटो लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी की और बदनाम करने के साथ-साथ ब्लैकमेल कर रुपये की मांग भी की। इससे उनकी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। पीड़ितों ने कोतवाली पहुंचकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

## व्यापारी नेता की मेहनत लाई रंग दौराई टनकपुर एक्सप्रेस के मझोला स्टेशन पर ठहराव को केंद्रीय मंत्री आज दिखाएंगे हरी झंडी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा सांसद जितिन प्रसाद से उनके दिल्ली आवास पर भेंट कर पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के रेलवे स्टेशन टनकपुर से चलने वाली दौराई टनकपुर एक्सप्रेस के मझोला स्टेशन पर ठहराव को लेकर आग्रह किया था। व्यापारी नेता ने केन्द्रीय मंत्री से कहा कि मझोला से शाम को जाने और दिल्ली जल्द सुबह पहुंचने की टाइमिंग व्यापारियों समेत हर वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत सुविधाजनक है। और यात्रा का समय भी सिर्फ 6 घंटे करीब है। जिससे यह ट्रेन अत्यंत उपयोगी है। जो कि राजस्थान में स्थित खाटू श्याम तक जाती और इस क्षेत्र में खाटू श्याम जी के काफी भक्त रहते हैं। वहीं भरा पचपेड़ा औद्योगिक स्थान भी अब शुरू होने को है जिसके हजारों कर्मचारियों हेतु देश भर में आने जाने के लिए मझोला रेलवे स्टेशन का प्रयोग उनके द्वारा किया जाएगा इस औद्योगिक स्थान के निकट के दो प्रमुख नगरों में से एक सितारगंज में रेल लाइन ही नहीं है। जबकि मझोला में यह बड़ी रेल लाइन के साथ उपलब्ध है जिस कारण इस स्टेशन का विस्तारीकरण निकट की आवश्यकताओं को दृष्टिगत करते हुए अति आवश्यक है।केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के इस आग्रह को अत्यंत गंभीरता से सुना और तत्काल रेलवे के उच्च अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया इसी का नतीजा है। कि आज से दौराई टनकपुर एक्सप्रेस के मझोला स्टेशन पर ठहराव को केंद्रीय मंत्री हरी झंडी देकर रवाना करेंगे जिसकी तैयारियां कई दिनों से जोरो शोरों से चल रही थी।

## आल इंडिया कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए श्रेयम तिवारी

कादीपुर/सुल्तानपुर। नगरपंचायत कादीपुर के निवासी व संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में बीएड विभाग के कार्यालय अधीक्षक डॉ सुरेन्द्र प्रताप तिवारी के छोटे पुत्र श्रेयम तिवारी ने आल इंडिया कम्पनी सेकेट्री परीक्षा में अण्डर 06 रैंक से सी.यस. प्रोफ़ेशनल परीक्षा उत्तीर्ण किया है। राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा का परिणाम 25 फरवरी 2026 को घोषित हुआ। बताते चलें कि आल इंडिया कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा (सी.यस.इक्जाम) भारत में आई.सी.यस.आई. द्वारा आयोजित की जाती है। यह एक प्रतिष्ठित प्रोफ़ेशनल कोर्स है, जो कंपनी लॉ, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, कॉम्प्लायंस, फाइनेंस आदि में विशेषज्ञता प्रदान करता है। जिसे अक्सर ह्लसी.यस.ह्ल कहा जाता है। दिसम्बर-2025 सेशन के सी.यस. प्रोफ़ेशनल और सी.यस. इक्सक्यूटिव परीक्षा का रिजल्ट 25 फरवरी 2026) घोषित किया गया। श्रेयम तिवारी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरू जनों व माता पिता एवं परिवार के सदस्यो के सहयोग व आशीर्वाद का प्रतिफल बताया है। श्रेयम की उत्कृष्ट सफलता पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश पाण्डेय बजरंगी, प्रबन्धक सौरभ त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य प्रो इन्दुशेखर उपाध्याय, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, सत्या माइक्रो के सीइओ विवेक तिवारी, डॉ महेंद्र प्रताप तिवारी, नगरपंचायत अध्यक्ष कादीपुर आनन्द जायसवाल, योगेन्द्र तिवारी व मित्रों तथा शुभचिंतकों आदि के द्वारा हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामना आशीष प्रदान किया गया।

# शंकराचार्य के अपमान पर कांग्रेस सख्त, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ कथित दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के मामले को लेकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर कांग्रेस नेताओं ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह मामला केवल एक संत का नहीं, बल्कि सनातन परंपरा और करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। माघ मास जैसे पावन अवसर पर शंकराचार्य जी को स्नान से वंचित किया जाना धार्मिक अधिकारों का खुला हनन बताया गया है। साथ ही पुलिस द्वारा कथित दुर्व्यवहार और झूठे मुकदमे दर्ज कर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि गैर-भाजपा शासित राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की स्वतंत्र समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा आरोपित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कठोर कार्रवाई की जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने दो टूक कहा कि संतों का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। 15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो सुल्तानपुर से लखनऊ तक निर्णायक आंदोलन होगा। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि धर्मगुरुओं के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगा, सरकार तुरंत कार्रवाई करे। सलाहुद्दीन हाशमी ने कहा कि संत समाज का अपमान देश की आस्था पर चोट है, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। जफर खान ने कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो यह आंदोलन जनआंदोलन बनेगा और जवाब सड़कों पर दिया जाएगा। राजेश तिवारी ने कहा कि माघ मास में धार्मिक अधिकारों का हनन लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, जिम्मेदार अधिकारियों को हटाया जाए। रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि संतों के सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस

### 15 दिन में कार्रवाई नहीं तो सुल्तानपुर से लखनऊ तक होगा आंदोलन : शकील अंसारी

हर स्तर पर संघर्ष करेगी। हौशिला भीम ने कहा कि सत्ता के दबाव से आस्था को नहीं दबाया जा सकता, कार्रवाई नहीं हुई तो आर-पार की लड़ाई होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं की गई तो चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस मौके पर अतहर नवाब,राम किशोर, असलम अंसारी, हाजी फिरोज, विकास मिश्रा, मो मंसूर, अजय मिश्रा, दिनेश तिवारी, मोहसिन सलीम, इकराम खान, अवधेश गौतम, विनय कुमार, महेश सिंह, आलोक पाण्डेय, जनेश्वर उपाध्याय, अखंड मिश्रा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल दंपति की दर्ज नहीं हुई एफआईआर

सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय के अंतर्गत हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ पर विगत 9 जनवरी की शाम सात बजे मिट्टी ढो रहे एक डंपर की टक्कर से पूरे कांशीराम गांव निवासी रमेश मिश्र और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पिठला पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रमेश मिश्र व उनकी पत्नी को रेफर कर दिया गया, डाक्टरो ने दंपति को भर्ती कर लिया रमेश ने बताया कि उसकी पीठ और कमर की हड्डी में फ्रैक्चर है, हाथ पैर में भी गंभीर चोट है जिससे वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं। आर्थिक तंगी के चलते इस दंपति का इलाज सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। पीड़ित रमेश मिश्र ने बताया कि वे किराए के कमरे में रहकर जीवन-यापन करते हैं। अस्पताल से घर लौटने के बाद उन्होंने घटना की तहरीर हलियापुर थाने में दी, लेकिन अब तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है।

## बम मारने के तीन आरोपी गिरफ्तार

कुड़वार/सुल्तानपुर। मंगलवार को दिन दहाड़े से बम से हमला करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।मामला बंधुआ कला थाना क्षेत्र के बबुरी गांव से जुड़ा है। गांव निवासी आरती सिंह पत्नी कर्मजीत सिंह ने गुरुवार को बंधुआ कला पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि दोपहर में उसके दरवाजे पर रामायण कार्यक्रम के दौरान चार मोटर साइकिल से दो दो लोग आए और उसके परिवारी जनों पर गाली गलौज करते हुए बम से हमला कर दिया था।बम लगने से दरवाजे पर खड़ी बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई।घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ सीओ सिटी ने निरीक्षण किया था। शुक्रवार को पुलिस ने प्रभाकर मिश्रा उर्फ अमन पुत्र अनिल मिश्रा निवासी हरदी दाउदपुर, आशीष पांडेय पुत्र भरत निवासी पांडेय का पुरवा मझना व प्रिंशु मिश्रा को मझना ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने तलाशी के दौरान 02 तमंचा 32 बोर व कारतूस तथा एक तमंचा 15 बोर बरामद किया है।

# मजदूरों का सब्र टूटा, 18 सूत्रीय ज्ञापन के साथ सड़कों पर उतरा भारतीय मजदूर संघ

## पुरानी पेंशन से लेकर आशा-आंगनबाड़ी तक गूंजा हक का सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। मजदूरों, कर्मचारियों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों की समस्याओं को लेकर आज भारतीय मजदूर संघ ने जोरदार आवाज बुलंद की। जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए संगठन ने साफ शब्दों में कहा कि यदि जल्द ठोस निर्णय नहीं लिए गए तो व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।संगठन ने आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपेक्षा के चलते मजदूर वर्ग अत्यंत संकट में है। आशा, आंगनबाड़ी, संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मियों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक हर वर्ग असुरक्षा, वेतन विसंगति और शोषण का शिकार है।ज्ञापन में मांग की गई कि आशा और आशा संगिनी बहनों को सरकारी कर्मचारी घोषित कर प्रोत्साहन राशि के स्थान पर नियमित मानदेय दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि कर उन्हें भी सरकारी कर्मचारी का दर्ज़ा देने की मांग की गई। एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों को बीमा सुविधा देने के लिए केंद्र से बजट मिलने के बावजूद लाभ न मिलने पर भी सवाल उठाए गए। स्थानांतरण का भय दिखाकर शोषण, वेतन विसंगतियां और सेवा सुरक्षा का अभावकृइन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से बर्खास्त कर्मियों की बहाली की मांग करते हुए कहा गया कि वार्ता के बाद भी उन्हें काम पर नहीं लिया गया, जिससे कई परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। संगठन ने कहा कि आउटसोर्सिंग के नाम पर कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलता और नौकरी से निकाले जाने का डर हमेशा बना रहता है। उनके लिए स्पष्ट नियमावली बनाई जाए और न्यूनतम वेतन 18,000 रुपये सुनिश्चित किया जाए। मिड-डे मील कर्मियों का मानदेय 10,000 रुपये करने, सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण और सम्मानजनक वेतन देने की भी मांग की गई। असंगठित क्षेत्र और पटरी व्यवसायियों की सुरक्षापटरी-रेहड़ी दुकानदारों को स्थायी स्थान देने, पुलिस उत्पीड़न रोकने, ई-रिक्शा व ऑटो चालकों को स्टैंड उपलब्ध कराने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने की मांग भी प्रमुख रही।ग्रामीण, दिहाड़ी मजदूर, धोबी, दर्जी, नाई, बढ़ई, लुहार, मोची, कुम्हार समेत असंगठित क्षेत्र के सभी कामगारों को मजदूर की श्रेणी में शामिल कर सामाजिक सुरक्षा कवच देने की मांग दोहराई गई। पुरानी पेंशन और 5 दिवसीय कार्य सप्ताह सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर भी संगठन ने सरकार को घेरा। बैंकिंग उद्योग में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने और सहकारी बैंकों में वेतनमान विसंगतियां दूर करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान दिनेश कुमार शुक्ला (विभाग प्रमुख), सतीश चन्द्र मिश्रा, शशांक मोहन शुक्ला (जिलामंत्री), नरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रतीक श्रीवास्तव, प्रेम चंद श्रीवास्तव, डॉ. विनय पाल, किरन शुक्ला (जिलाध्यक्ष आशा), गुंजा सिंह, रंजना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे। नेताओं ने कहा यह केवल ज्ञापन नहीं मजदूर वर्ग की पीड़ा का दस्तावेज है। यदि शासन ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# आतंक के हर रूप से अब ऐसे निपटेगा भारत

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने सोमवार को देश की पहली समग्र आतंक विरोधी नीति जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंक के खिलाफ संघर्ष एक संगठित और आक्रामक ढांचे के तहत लड़ा जाएगा। इस नीति का नाम रखा गया है प्रहार। नाम ही संकेत दे रहा है कि यह नीति रक्षात्मक नहीं बल्कि प्रतिघात और प्रतिकार की सोच पर आधारित है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी दस्तावेज में साफ कहा गया है कि भारत को सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद के साथ-साथ साइबर हमलों, ड्रोन के दुरुपयोग और उभरती तकनीकों के जरिये हो रहे हमलों का भी सामना करना पड़ रहा है। दस्तावेज में यह भी उल्लेख है कि अपराधी हैकर और कुछ राष्ट्र लगातार साइबर हमलों के जरिये भारत को निशाना बना रहे हैं। यह खतरा अब केवल बंदूक और बारूद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि की-बोर्ड, कोड और क्रिप्टो वॉलेट तक फैल चुका है। नीति में यह रेखांकित किया गया है कि भारत जल, थल और नभ तीनों मोर्चों पर आतंकी खतरों से जूझ रहा है। बिजली, रेल, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सुरक्षा क्षमता को मजबूत किया गया है ताकि राज्य और गैर राज्य तत्वों की साजिशों को विफल किया जा सके। यह स्पष्ट संकेत है कि अब आतंक के खिलाफ केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि रणनीतिक तैयारी पहले से की जाएगी। दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि भारत आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जाति या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ता। लेकिन यह भी उतनी ही स्पष्टता से दर्ज किया गया है कि सीमा पार से प्रायोजित जिहादी आतंकी संगठन और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रचते रहे हैं। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों का नाम लेते हुए नीति में कहा गया है कि ये संगठन स्लीपर सेल के जरिये भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश करते रहे हैं। विशेष चिंता का विषय ड्रोन और रोबोटिक तकनीक का दुरुपयोग है, खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में। हथियार और मादक पदार्थ गिराने से लेकर आतंकी हमलों की साजिश तक, तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। सोशल मीडिया, एनक्रिप्शन टूल, डॉर्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट के जरिये फंडिंग और प्रचार का नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। नीति इस डिजिटल युद्ध को पहचानते हुए सीबीआरएनईडी यानी रासायनिक, जैविक, विकिरण, परमाणु, विस्फोटक और डिजिटल सामग्री तक आतंकी पहुंच को रोकने की चुनौती पर जोर देती है। गृह मंत्रालय ने जांच की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर कानूनी विशेषज्ञों को जोड़ने की सिफारिश की है ताकि एफआईआर से लेकर अभियोजन तक केस मजबूत बन सके। यह कदम आतंक के खिलाफ अदालतों में निर्णायक सजा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। कट्टरपंथ के मुद्दे पर भी नीति स्पष्ट है। अक्सर देखने में आता है कि आतंकी संगठन भारतीय युवाओं को बरगलाने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों में चरणबद्ध पुलिस प्रतिक्रिया, कानूनी कार्रवाई और पुनर्वास कार्यक्रमों का प्रावधान किया गया है। समुदाय और धार्मिक नेताओं की भूमिका को भी रेखांकित करते हुए कहा गया है कि जागरूकता और संवाद के जरिये युवाओं को भटकने से रोका जाएगा। जेलों में भी डि रेडिकलाइजेशन कार्यक्रम चलाने की बात कही गई है। यह नीति केवल घरेलू ढांचा नहीं है। इसमें अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग की भी आवश्यकता पर बल दिया गया है, क्योंकि आतंक का नेटवर्क सीमाओं से परे फैला हुआ है। विदेशी संगठन स्थानीय ढांचे और भूगोल का उपयोग कर हमले की साजिश रचते हैं। ऐसे में समन्वित वैश्विक कार्रवाई जरूरी है। देखा जाये तो प्रहार नीति वस्तुतः उस बदले हुए भारत को दर्शाती है जो अब आतंकवाद को नियति मानकर सहने वाला राष्ट्र नहीं रहा। पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सीमा पार आतंकवाद का जवाब केवल कूटनीतिक नोटिस से नहीं बल्कि निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा।

# होली: जाति, पंथ, उम्र से परे जीवंत महाउल्लास

**बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है। प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को बसंत में।**

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थ त्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थान त्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूरण है।

यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती-नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव। लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। बसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है। प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को बसंत में। वे जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है। लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी बासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी बसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंद मगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े बनबबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गायें उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गर्मी की उमस और बेचैनी। बसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। बसंत इसीलिए ऋतुराज है।

पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती-आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह बसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है। होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखण्ड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। सम्वत्सर, युग और मन्वन्तर आते हैं पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। बसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असम्भवों का संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मनआनंद है। होली गीत गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन का गीत-संगीत है। होली जाति, पंथ, उम्र से परे जीवन्त महामुक्ति और महाउल्लास है। कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयाँ नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परम्परा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परम्परा एक सतत प्रवाह है। परम्परा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता। सामूहिकता हरेक कालखण्ड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गये। सो होली जैसे अंतरराष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सव धर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए, उत्सवधर्मी हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।



हृदयनारायण दीक्षित

# मुफ्त रेवड़ी संस्कृति जीवंत लोकतंत्र के लिये घातक

**ललित गर्ग**

भारतीय लोकतंत्र की विडंबना यह है कि चुनाव आते ही जनसेवा का स्वरूप बदलकर जनलुभावन राजनीति में परिवर्तित हो जाता है। राजनीतिक दलों ने मुफ्त की योजनाओं को चुनावी सफलता का शॉर्टकट बना लिया है। मतदाताओं को तात्कालिक आर्थिक लाभ देकर वोट हासिल करने की प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है। आगामी तीन-चार माह में विधानसभा चुनाव होने है, इसी संदर्भ में जब असम, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हुईं, तब इस संस्कृति का प्रभाव और स्पष्ट दिखाई देने लगा। इसी पृष्ठभूमि में देश की शीर्ष अदालत, सर्वोच्च न्यायालय, ने मुफ्त की योजनाओं के अनियंत्रित विस्तार पर गंभीर टिप्पणी की। यह टिप्पणी केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को लेकर एक चेतावनी है।

लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनकल्याण है। राज्य का दायित्व है कि वह गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को सहारा दे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं, न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी-ये सब कल्याणकारी राज्य की पहचान हैं। लेकिन जब जनहित और चुनावी लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समस्या जन्म लेती है। लक्षित समर्थन और अतिरेक उदारता में अंतर है। एक ओर ऐसी योजनाएं हैं जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती हैं, दूसरी ओर ऐसी घोषणाएं हैं जो केवल मतदाता को तात्कालिक राहत देकर उसे निर्भरता की आदत सिखाती हैं। जब राजस्व घाटे से जूझ रहे राज्य मुफ्त बिजली, मुफ्त यात्रा या नकद वितरण की घोषणाएं करते हैं, तो प्रश्न उठता है कि यह संसाधन कहां से आएंगे और इसकी कीमत कौन चुकाएगा? राजकोषीय अनुशासन किसी भी राज्य की आर्थिक सेहत का आधार है। यदि राज्य अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए खजाने को खाली करता है, तो दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। जो धन बुनियादी ढांचे के निर्माण, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार और रोजगार सृजन में लगना चाहिए, वह वोटों की फसल काटने में खर्च हो जाता है। यह प्रवृत्ति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है। लोकतंत्र में मतदाता की स्वतंत्रता सर्वोपरि मानी जाती है। यदि मतदाता को परोक्ष रूप से आर्थिक प्रलोभन देकर प्रभावित किया जाता है, तो यह स्वतंत्र निर्णय की भावना को कमजोर करता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने तार्किक प्रश्न उठाया कि राज्य रोजगार सृजन और कौशल विकास पर अधिक ध्यान क्यों नहीं देते? वास्तव में रोजगार ही स्थायी सशक्तीकरण का माध्यम है। जब व्यक्ति अपने श्रम और कौशल से आय अर्जित करता है, तब उसमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास दोनों विकसित होते हैं। इसके विपरीत, निरंतर मुफ्त सुविधाएं व्यक्ति को निर्भर बनाती हैं। धीरे-धीरे परिश्रम की संस्कृति कमजोर पड़ती है और समाज में अकर्मण्यता की मानसिकता पनपने लगती है। यह स्थिति लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए खतरनाक है, क्योंकि लोकतंत्र केवल वोट डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकता का नाम है। चुनाव पूर्व घोषित योजनाओं की निष्पक्षता भी प्रश्नों के घेरे में है। जब आचार संहिता लागू रहने के दौरान बड़े पैमाने पर आर्थिक वितरण होता है, तो विपक्षी दल इसे असमान प्रतिस्पर्धा मानते हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष निगरानी की जिम्मेदारी भारत का निर्वाचन आयोग पर आती है। निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी दल मतदाताओं को अप्रत्यक्ष रिश्वत देकर चुनावी लाभ न ले। आचार संहिता का उल्लंघन केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन है। यदि इस पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, तो भविष्य में यह प्रवृत्ति और गहरी जड़ें जमा सकती है। निस्संदेह, इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है कि राज्यों का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की खास तौर से देखभाल करें। हालांकि, जब राजस्व घाटे वाले राज्य मुफ्त की योजनाओं पर बड़ी रकम खर्च करते हैं, तो सरकारी खजाने पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि जिस धनराशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने और शिक्षा की सुविधा को समृद्ध करने के लिये किया जाना चाहिए, वो राशि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये खर्च कर दी जाती है। जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास के जरिये लोगों को इस तरह सक्षम बनाया जाए जिससे उन्हें दीर्घकालिक व स्थायी लाभ मिल सकें।

## सेहत मंत्र

# बादाम को छिलके सहित खाएंगे तो आपका अंग-अंग रहेगा जवान

बादाम किसी सुपरफूड से कम नहीं है। नट्स में इन्हें सबसे ज्यादा लाभदायक माना गया है। इनमें हेल्दी फैट, फाइबर व एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, इसके सेवन आपको कॉपर, मैंगनीज, आयरन और कैल्शियम आदि भी मिलता है। शायद यही कारण है कि घर में बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को बादाम खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर आप इन्हें बिना छीले खाते हैं तो आपको अधिक लाभ प्राप्त होता है। बादाम में एंटीऑक्सीडेंटस पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इन एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण आप कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। खुद को लंबे समय तक जवां बनाए रख सकते हैं। यहां तक कि मार्केट में मिलने वाले एंटी-एजिंग क्रीम्स में भी एंटी-ऑक्सीडेंट्स का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही यह आपको ऑक्सीडेटिव तनाव से भी बचाते हैं। लेकिन बादाम के यह लाभ आपको तभी मिलते हैं, जब आप इन्हें छिलके सहित खाते हैं। क्योंकि बादाम से सबसे पावरफुल एंटीऑक्सीडेंटस इसकी उपरी परत में ही मौजूद होते हैं। बहुत से लोग मानते हैं कि बादाम के छिलकों में टैनिन होता है और इसलिए बादाम को छीलकर खाना चाहिए। टैनिन शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में परेशानी पैदा करते हैं। लेकिन हम आपको बता दें कि बादाम के ज्यादा पोषक तत्व भी इसके छिलके में ही होते हैं। इसलिए छिलका उतारने से बादाम की न्यूटिशन वैल्यू कम हो जाती है। बादाम के छिलके पोलीफ़ेनेल से बना है, जिसमें काफी मात्रा में फाइबर पाया जाता है। यही कारण है कि जब आप बादाम को छिलके सहित खाते हैं तो इससे आपका पेट देर तक भरा रहता है। बादाम को कभी भी यूं ही कच्चा नहीं खाना चाहिए। इसे खाने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप इन्हें सात-आठ भिगोएं और उसके बाद बिना छीले की इसे खाएं। अगर आप इन्हें भिगोए बिना खाते हैं तो आपको पाचन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। वहीं दूसरी ओर बादाम को भिगोने से इसकी ऊपरी परत में मौजूद टैनिन भी आसानी से निकल जाता है। इसके बाद आप बादाम को आसानी से धोकर खा सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार नहीं बुधवार को होती है शिव पूजा

भगवान शिव की आराधना कर भक्ति से शक्ति प्राप्त करने का पवित्र माह श्रावण शुरू हो गया हैं। भगवान शिव की आराधना में अब शिव भक्त पूरी तरह लीन हो जाएंगे। पृथ्वी पर अनेक चमत्कारिक शिव मंदिर हैं। जहाँ श्रावण माह में शिव के दर्शन एवं पूजन वंदन करने का एक अलग ही महत्व हैं। आज हम आपको भगवान शिव के एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहें हैं जहाँ का इतिहास वर्षो पुराना हैं। जहाँ सोमवार को नहीं बल्कि बुधवार को शिव की पूजा होती हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ का बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव खुद भस्मासुर राक्षस से बचने के लिए आए थे। बताया जाता हैं कि आज भी यहां भगवान शिव का वास है। देशभर के मंदिरों में भगवान महादेव की विशेष पूजा सोमवार को होती हैं। लेकिन लखनऊ का बुद्धेश्वर मंदिर एक मात्र ऐसा मंदिर हैं जहाँ पर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक तथा महाआरती बुधवार को होती हैं। इतना ही नहीं यहाँ पर श्रावण माह में भी बुधवार को ही भगवान शिव की पूजा होती हैं और श्रावण माह में आने वाले हर बुधवार को बुद्धेश्वर मंदिर में भव्य मेला लगता हैं। लखनऊ के ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर को लेकर कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। मंदिर के इतिहास के बारे में बताया जाता हैं कि पहले यहाँ एक गुफा थी। जब भगवान शिव से वरदान पाकर भस्मासुर नामक राक्षस भगवान शिव का ही वध करना चाह रहा था तो भगवान शिव भस्मासुर से बचने के लिए इसी गुफा में कई दिनों तक छिपे रहे थे।

## पर्यटन



# बौद्ध मठों के लिए मशहूर है नॉर्थ-ईस्ट का स्वर्ग तवांग

देश में वैसे तो कई ऐसी जगहें है जिसे देखकर आपके मन में ख्याल आएगा कि इसे कुदरत ने बड़ी फुर्सत से बनाया होगा तभी तो यहां कि सुंदरता देखकर नज़रे हटाने का मन ही नहीं करता। भारत की बला की खूबसूरत जगहों से एक है अरुणाचल प्रदेश का तवांग जिला। इस छोटे से पहाड़ी जिले को कुदरत ने इतनी खूबसूरती से सजाया कि इसे देखने का बाद आपका वहां से आने का मन ही नहीं होगा। यहां की सुंदरता की वजह से ही इसे नॉर्थ-ईस्ट का स्वर्ग कहा जाता है। बौद्ध मठों का गढ़- तवांग तक पहुंचना आसान नहीं है क्योंकि यहां से एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन बहुत दूर है, बावजूद इसके यहां कि सुंदरता देखने के लिए लोग हर मुश्किल पार करके आते हैं। शांत और सुंदर तवांग के बौद्ध मठ पूरी दुनिया में मशहूर हैं। तवांग छठे दलाई लामा, लोबसंग ग्यात्सो का जन्म स्थान होने के लिए प्रसिद्ध है और भारत में सबसे बड़े बौद्ध मठ भी यहीं है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। रोमांच के शौकीनों के लिए यह बेहतरीन जगह हैं यहां कैंपिंग और बर्फीले रास्तों पर चलने का अनुभव यादगार बन जाएगा। याक की सवारी से लेकर पहाड़ पर बने होटल से बाहर का सुंदर नज़ारा देखना अनोखा अनुभव होता है। वैसे तो पूरा तवांग ही बेहद खूबसूरत है, लेकिन यहां आने पर कुछ मशहूर जगहों की सैर ज़रूर करें। तवांग मठ - यह मठ भारत का सबसे बड़ा मठ है और पोटाला पैलेस के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मठ। यह मठ तवांग नदी की घाटी में स्थित है। इसे 17 वीं सदी में मेरा लामा द्वारा ने बनाया था। यहां पांडुलिपियों, पुस्तकों और अन्य कलाकृतियों के अद्भुत संग्रह है। सेला दर्रा- यह अरुणाचल प्रदेश की मशहूर जगहों में से एक है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। यह दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ों में से एक है। सर्दियों में यहां की झील बर्फ की तरह जम जाती है। बुमला दर्रा- यह दर्रा तवांग से लगभग 37 किमी दूर है। यहां जाने वाली सड़क की हालत पूरे साल अच्छी नहीं होती, इसलिए इस खूबसूरत जगह की सैर आप मई से अक्टूबर के बीच ही कर सकते हैं। नूरानांग फॉल्स- इसे जंग फॉल्स के नाम से भी जाना जाता है जो लगभग 100 मीटर की ऊंचाई पर है। नूरानांग नदी और नूरानांग फॉल्स एक नूरा नाम की स्थानीय महिला के नाम पर पड़ा है जिसने 1962 में भारत-चीन की युद्ध में सैनिकों की मदद की थी।

# डीजे पर नहीं भेजेंगे अश्लील फूहड़ गाने, थाने में जमा करानी होगी पेनड्राइव : राजेश विश्वकर्मा

## हैदरगढ़ में होली अलर्ट: शांति भंग करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी । हैदरगढ़ कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रशासन ने होली पर्व को लेकर साफ़ और सख़्त दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेश विश्वकर्मा ने दो टूक कहा कि फूहड़, अश्लील या धार्मिक उन्माद फैलाने वाले गाने किसी भी सूरत में नहीं बजेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी।

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि डीजे संचालकों को जो भी गाने बजाने हों, उनकी पेनड्राइव पहले थाने में जमा करनी होगी। यह कदम किसी को रोकने के लिए नहीं, बल्कि सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए




रखने के लिए है। उन्होंने मौजूद गणमान्य नागरिकों को होली की शुभकामनाएं दीं और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सहयोग की अपील की। बैठक में समीर कुमार सिंह ने होली पर शराब का सेवन न करने और आपसी प्रेम-सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं अभिमन्यु मल्ल ने कहा कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर आलोक तिवारी, इंद्रेश कुमार, सभासद शब्बीर पहाड़ी, हाजी इसहाक, राजीव अवस्थी, राम मिश्रा, कस्बा चौकी प्रभारी कपिल देव यादव, पोखरा चौकी प्रभारी आदित्य पाल सिंह सहित कई संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। संदेश साफ़ है होली खुशियों का पर्व है, अराजकता का नहीं। प्रशासन और नागरिकों के साझा प्रयास से शांत, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित होली सुनिश्चित की जाएगी।

### नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी का भरोसा, त्योहार पर नहीं होगी कोई अव्यवस्था

हैदरगढ़ बाराबंकी नगर पंचायत के अध्यक्ष आलोक तिवारी ने त्योहार को लेकर नगरवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि होली पर्व के मद्देनज़र नगर पंचायत द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि पूरे दिन नगर क्षेत्र में निर्बाध रूप से जलापूर्ति की जाएगी, ताकि किसी भी नागरिक को पानी की कमी से जूझना न पड़े। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नालियों की सफाई, कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अध्यक्ष ने कहा कि त्योहार खुशियों का प्रतीक होता है और नगर पंचायत की जिम्मेदारी है कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिले। इसी उद्देश्य से संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने नगरवासियों से भी अपील की कि स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, गंदगी न फैलाएं और किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल नगर पंचायत को दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

### खाद्य औषधि प्रशासन की कड़ी कार्रवाई



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली और रमजान त्योहारों से पहले खाद्य विभाग ने सिरौली गौसपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने दो दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और कालातीत उत्पाद मौके पर ही नष्ट कराए। इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।बुधवार को खाद्य निरीक्षक अर्शी फारूकी के नेतृत्व में टीम ने बदोसराय स्थित अब्दुल हफीज किराना स्टोर से किशमिश का सैंपल लिया। इसके अतिरिक्त, बिकौली रामपुर रोड पर मैसर्स गुप्ता किराना प्रोप्राइटर सुनील कुमार गुप्ता से फार्मर ब्रांड के रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना भी जांच के लिए भेजा गया।जांच के दौरान, टीम ने दुकानों से 1 लाख 52 हजार कीमती कालातीत खाद्य उत्पादों को तुरंत नष्ट करा दिया। इसी क्रम में बदोसराय बाजार से तीन क्विंटल रंगीन कचरी भी नष्ट की गईं। विभाग ने सभी दुकानदारों को भविष्य में खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी है।

### पसंदीदा गाना के विवाद में जनाती– बाराती भिड़े, चार जख्मी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के आल्हेमऊ गांव में सोमवार रात एक बारात में डीजे पर मनपसंद गाना की मांग को लेकर दोनों पक्ष आपस में बढ गएअंततः पुलिस की मौजूदगी में विवाह क रस्म संपन्न हुई।जानकारी के अनुसार, पुरैना मजरे बरैय्या से आल्हेमऊ गांव से बारात देर से पहुंची थी।देर रात डीजे पर गाना बजाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मारपीट शुरू हुई।मारपीट में दुल्हन पक्ष के धर्मराज(24), संदीप (18) व अंशू (22) निवासी आल्हेमऊ घायल हुए वहीं दूल्हा पक्ष के कुलदीप (18) पुत्र चेतराम निवासी बरैय्या जख्मी हुए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा।पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। हालांकि कुछ देर बाद महिलाओं के बीच फिर कहासुनी होने से माहौल दोबारा गरमा गया। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा।

### टप्पेबाज ले उड़ा कीमती जेवरात

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक युवती की पर्श मे रखी 90 हजार कीमती सोने की झुमकी पर बदमाश ने हाथ साफ किया। टप्पेबाजी घटना की पीड़िता प्रीति यादव ने तुरंत अपने पति को जानकारी दी। दंपती ने आसपास के दुकानदारों और राहगीरों से पूछताछ की और काफी देर तक खोज बीन की, लेकिन टप्पेबाज मौके से फरार हो चुके थे।

पुलिस ने बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर संदिग्धों की तलाश में जुट गई। हालांकि, देर शाम तक टप्पेबाजों का कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। कस्बा चौकी इंचार्ज अजय पांडेय ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

### स्काउट गाइड , सर्वोत्तम कैडेट रैली

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय चिलौकी मे बुधवार को ब्लाक स्तरीय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार को विद्यालय के बच्चों ने गार्ड आफ आनर सलामी दी । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बीईओ जैनेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों के कराने से बच्चों में मानसिक, बौद्धिक, चारित्रिक और सामाजिक गुणों का विकास होता है उन्होंने विद्यालय परिवार की भूरि–भूरि प्रशंसा की बच्चो ने स्काउट गाइड और बुलबुल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।इस मौक़ेपर ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ए आर पी आशीष शुक्ला , सुरेश चंद्र , विश्वनाथ वर्मा , नरेंद्र कुमार सुमन वर्मा शालिनी स्वास्थ्य संगीता वर्मा ममता द्विवेदी गरिमा निहारिका सिंह राहुल कुमार रामहित वर्मा सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

### अभियान अवैध शराब 15 स्थानों पर पुलिस, आबकारी का छापा

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आबकारी विभाग के विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत ग्राम बड़नपुर व फिरोजपुर में रामनगर पुलिस व आबकारी टीम द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई।आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चौधरी व प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय द्वारा टीम के साथ 15 स्थानों पर दबिश देकर 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 80 किलो लहन नष्ट किया गया।इसी दौरान अज्ञात पर आबकारी अधिनियम के तहत 4 अभियोग भी दर्ज किए गए।इसी दौरान ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर अवैध गतिवधि की सूचना देने की अपील की गई।

### तालाब में डूब कर मासूम की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। चार वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।
घुंघटेर थाना क्षेत्र के अमावा निवासी राजकुमार सिंह अपने परिवार के साथ अटरिया थाना अंतर्गत सेवरा गांव गए थे। खेलते समय उनका मासूम बेटा तालाब में जा पहुंचा। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सा ने उसे मृत घोषित कर दियाजहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध एक ट्रामा सेंटर का होगा निर्माण : बृजेश पाठक

इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान के पच्चीसवें स्थापना दिवस के अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सैफई पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी अच्छा कार्य कर रही है। यहां रोजाना पांच हजार से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है। उन्होंने कहा कि सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध एक ट्रामा सेंटर का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाइवे पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों के इलाज के लिए हाइवे के पास सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध ट्रामा सेंटर का निर्माण करवाया जाएगा। जिसके लिए प्रस्ताव मांगा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू प्रदेश नहीं है।

## पुलिस लाइन बांदा में रिक्रूट आरक्षियों को मिला उन्नत फील्ड प्रशिक्षण

बांदा। उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों को बुधवार को विशेष जंगल/फील्ड प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान उन्नत स्तर की टैक्टिकल ड्रिल कराई गई, जिसका उद्देश्य आरक्षियों को वास्तविक परिस्थितियों में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से सक्षम बनाना रहा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने प्रशिक्षण गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए रिक्रूट आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए जवानों को अनुशासन और तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण सत्र में रिक्रूट आरक्षियों को एम्बुश की रणनीति एवं उससे बचाव के तरीके सिखाए गए। इसमें संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए अचानक घेराबंदी करना, सही समय पर कार्रवाई करना तथा टीम के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखना शामिल रहा। आरक्षियों को आउटर कार्डन एवं इनर कार्डन की विस्तृत जानकारी देते हुए क्षेत्र की घेराबंदी, प्रवेश एवं निकास मार्गों की सुरक्षा तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। साथ ही ड्रिल अभ्यास के माध्यम से आदेश पालन, त्वरित प्रतिक्रिया, पंक्ति गठन और सामूहिक कार्यप्रणाली को मजबूत करने का प्रशिक्षण दिया गया। फायर सेफ्टी एवं आपातकालीन प्रबंधन की जानकारी प्रशिक्षण के दौरान फायर फोर्स/फायर फ्लश से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। इसमें आग लगने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई, सुरक्षित निकासी, आग पर नियंत्रण के प्राथमिक उपाय तथा आपातकालीन संसाधनों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षकों ने रिक्रूट आरक्षियों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य, साहस और अनुशासन बनाए रखने के साथ-साथ कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन कराया गया। अंत में वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का

## पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देश पर रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर एवं फिरोजपुर में सघन छापेमारी की गई। इस संयुक्त अभियान में रामनगर पुलिस के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे तथा आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चौधरी के नेतृत्व में पुलिस व आबकारी टीमों ने कुल 15 संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि मौके पर मौजूद करीब 80 किलोग्राम लहन को नष्ट किया गया, जिससे अवैध शराब निर्माण की गतिविधियों पर करारा प्रहार हुआ।

अभियान के दौरान अज्ञात आरोपियों



के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत चार अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार से न केवल कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि यह जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। छापेमारी के साथ-साथ टीमों ने ग्रामीणों से संवाद कर अवैध शराब के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या आबकारी विभाग को देने की अपील की। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

प्रशासन ने दोहराया कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खुले मैदान रखे हैं ट्रांसफार्मर, हादसों को आमंत्रण





कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी।ब्लॉक निंदूरा के कस्बा टिकैतगंज व ग्राम बिसई तथा आसपास के कई कस्बा व गांवों में आबादी में जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर बिजली विभाग की घोर लापरवाही का उदाहरण बने है। विकास क्षेत्र में अनेक ट्रांसफार्मर बिना किसी सुरक्षा जाली के खुले मैदान रखे हैं। इन ट्रांसफार्मरों के चारों ओर न तो लोहे की बांड से घेराबंदी है और न ही कोई चेतावनी संकेत, लगाए गए हैं।जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्य शैली भी कम बेलगाम नहीं।

प्रशासन द्वारा ट्रांसफार्मरों के चारों ओर लोहे की जाली लगाने के स्पष्ट निर्देश हैं ,लेकिन धरातल पर इन आदेशों का पालन होता नहीं दिख रहा है। हालांकि बिजली विभाग के अधिकारी काम बेलगाम नहीं। सरकार ने इन्हें विभागीय फोन इसलिए उपलब्ध कराए हैं कि आमजन से बात कर सके और वह जनता की समस्याओं का तत्काल निदान करें। परंतु ऐसा नहीं।

कस्बा टिकैतगंज, बिसई समेत कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खुले में स्थापित है।

राहगीरों, बच्चों और मवेशियों की जान हर समय खतरे में रहती है। गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों से चिंगारी निकलना और स्पार्किंग होना आम बात है। एक छोटी सी चिंगारी भी बड़े हादसे या आगजनी का कारण बन सकती है। इसके बावजूद विभाग आंखें मूंदे बैठा है। क्षेत्रवासियों में इस स्थिति को लेकर भय व आक्रोश व्याप्त है। बिजली विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। यदि समय रहते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो किसी भी अनहोनी होने आखिर जिम्मेदारी कौन ?

इस संबंध में कुर्सी विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ आलोक कुमार गुप्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

## कार चालक पर अज्ञात बदमाशों का हमला, नगदी छीनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक कार सवार को रोका और लहूलूहान कर 27 हजार नगदी छीन ली। सीतापुर के ग्राम टीकर बहादुरपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर निवासी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह पुत्र पुत्तू सिंह गत दोपहर करीब दो बजे अपनी डिजायर कार (संख्या यूपी 34 बी क्यू 3187) द्वारा तहसील फतेहपुर से लौट रहे थे। फतेहपुर से कुछ दूर निकले ही थे कि चार मोटर साइकिलों पर सवार करीब दस अज्ञात लोगों ने ओवरटेक कर उन्हें रोका बताया कि उनकी गाड़ी फाइनेंस है और एजेंसी तक चलना होगा। अनजान लोगों से भयभीत होकर पुष्पेंद्र ने गाड़ी आगे बढ़ा दी, लेकिन भगौली रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से रुकना पड़ा। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंच गए और गाड़ी से बाहर निकलने




को कहा। बाहर न आने पर बदमाशों ने कार का शीशा तोड़ दिया और जबरन बाहर घसीटा और मारपीट की। आरोप है कि हमलावर 27 हजार नगदी छीनकर फरार हो गए।

भागते समय पीड़ित ने आरोपियों का वीडियो बना लिया। एक मोटरसाइकिल का नंबर यूपी 34 बी ई 7732 बताया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उसने भगौली चौकी में प्रार्थना पत्र दिया परंतु पुलिस ने उससे कहा कि दूसरा प्रार्थना पत्र लिखो जिसमें पैसे लूटने वाली बात ना लिखें।चौकी पर कार्रवाई अभाव में पीड़ित ने लूट संबंध में आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज की। इस संबंध में चौकी भगौली प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि लूट की घटना बताने वाले व्यक्ति को बुलाया जा रहा है वह आ नहीं रहा है।

## प्रदेश में बंदरों के आतंक से निपटने की तैयारी एसओपी के तहत कार्रवाई रिपोर्ट तलब

### जनहित याचिका पर हाईकोर्ट का सख्त रुख

प्रयागराज। विनीत शर्मा एवं प्रजाक्ता सिंहल के जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गाजियाबाद, मथुरा सहित प्रदेश के तमाम जिलों में बंदरों के बढ़ते आतंक एवं मानव-बंदर संघर्ष के गंभीर मुद्दे पर तैयार एसओपी के तहत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी तथा न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के बाद यह आदेश दिया।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता पवन तिवारी एवं आकाश वशिष्ठ राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व विपक्षी नगर पालिका परिषद मुरादनगर के अधिवक्ता बालेश्वर चतुर्वेदी ने पक्ष रखा। राज्य की ओर से न्यायालय को अवगत कराया गया कि रीसस मकाक (बंदर) की संख्या, उनके हॉटस्पॉट क्षेत्रों एवं मानव-बंदर संघर्ष की स्थिति का वैज्ञानिक आंकलन करने हेतु विस्तृत सर्वेक्षण आवश्यक है। जिसके लिए लगभग एक वर्ष का समय अपेक्षित होगा। साथ ही यह भी बताया गया कि एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है तथा वर्तमान एस.ओ.पी. के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि वर्तमान एस.ओ.पी के अंतर्गत जिला स्तर पर अब तक उठाए गए ठोस कदमों का विवरण शपथपत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। विशेष रूप से गाजियाबाद एवं मथुरा जनपदों में की गई कार्यवाही के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों मे किये गए उपायों का विस्तृत एक्शन प्लान अगली तिथि से पूर्व न्यायालय के समक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। याचिका की अगली सुनवाई 06 अप्रैल को होगी। याचिका में बंदरों के बढ़ते आतंक पर नियंत्रण करने की मांग की गई है।

# एफआईएच प्रो लीग: भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में 3-1 से हराया

एजेंसी



होबार्ट। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने नियमित समय में 1-1 की बराबरी के बाद शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से पराजित कर बोनस अंक हासिल किया और एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट चरण का सकारात्मक समापन किया।

भारतीय टीम के लिए शिलानंद लाकड़ा (51वां मिनट) ने गोल किया, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान जेरेमी हेवर्ड (49वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त दिलाई। शूटआउट में शिलानंद लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने अपने प्रयास सफलतापूर्वक पूरे किए। युवा गोलकीपर मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार ने तीन निर्णायक बचाव कर भारत को जीत दिलाई।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने मजबूती दिखाई और जवाबी आक्रमण किए। शुरुआती मिनटों में मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार ने दो महत्वपूर्ण बचाव किए। 11वें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, पर अमनदीप लाकड़ा का ड्रैग फ्लिक पहले रक्षक से टकरा गया। इसके बाद अभिषेक का प्रयास मामूली अंतर से गोल से बाहर चला गया।

दूसरे क्वार्टर में भी मुकाबला बराबरी का रहा। 16वें मिनट में अभिषेक ने सर्कल के भीतर से पास दिया, लेकिन मनमीत सिंह का शॉट ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर ने रोक लिया। 25वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने शानदार बचाव किया।

तीसरे क्वार्टर में 38वें मिनट पर भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन अराइजीत सिंह हुंडाल का प्रयास विफल रहा। 42वें और 45वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। पहले मौके पर जोएल रिंटाला का ड्रैग फ्लिक पोस्ट से टकराया और मोहित शशिकुमार ने रेखा पर बेहतरीन बचाव किया।

अंतिम क्वार्टर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर ऑस्ट्रेलिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। भारत ने 51वें मिनट में जवाब दिया, जब हार्दिक सिंह के पास पर अभिषेक ने आगे बढ़ते हुए पूवन्ना चंदुरा बॉबी को गेंद सौंपी और उनके सटीक पास पर शिलानंद लाकड़ा ने मैदानी गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।

निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं और मुकाबला शूटआउट में पहुंचा। शूटआउट में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार के शानदार बचावों की बदौलत भारत ने बोनस अंक हासिल करते हुए होबार्ट चरण का सफल समापन किया।

# एनआरएआई ने अब तक का सबसे बड़ा राष्ट्रीय जजेज प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया

एजेंसी




नई दिल्ली। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आज अपना अब तक का सबसे बड़ा राष्ट्रीय जजेज प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया। 21 फरवरी को शुरू हुए इस प्रशिक्षण में देश के विभिन्न भागों से 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो शैक्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फ़ेडरेशन के नियमों, निशानेबाजी परिसर के संचालन, अंक निर्धारण प्रक्रिया तथा निष्पक्ष और नैतिक निर्णायक आचरण से संबंधित विषयों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रमाणित प्रशिक्षकों तथा अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ 'ए' श्रेणी के निर्णायक प्रमाणपत्र धारक धीरज कुमार सिंह और अरुण वारसी ने दिया।

कार्यक्रम में सैद्धांतिक कक्षाएं, व्यावहारिक अभ्यास और मूल्यांकन सम्मिलित रहे, जिससे प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निर्णायक दायित्व निभाने के लिए तैयार किया जा सके। महासचिव पवन कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा, ़यह पहल भारतीय निशानेबाजी को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठा दिलाने में सहायक होगी।

अगले माह मार्च में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ 'बी' श्रेणी के निर्णायक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण से चयनित प्रतिभागियों को उन्नत स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके पश्चात वे अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्राप्त कर विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा सकेंगे।

इससे पहले जनवरी में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ अकादमी के सहयोग से 'बी' श्रेणी का प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था, जिसमें 55 प्रशिक्षक सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए थे।

# संक्षिप्त समाचार

## चैंपियंस लीग: बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को चौंकाया, पहली बार अंतिम-16 में प्रवेश

मिलान। नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने मंगलवार को सैन सिरो स्टेडियम में खेले गए प्लेऑफ के दूसरे चरण में पिछले सत्र के उपविजेता इंटर मिलान को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। इस जीत के साथ बोडो/ग्लिम्ट ने कुल 5-2 के अंतर से मुकाबला अपने नाम करते हुए पहली बार चैंपियंस लीग के अंतिम-16 चरण में जगह बना ली। पहले चरण में बोडो में 3-1 की जीत से बढ़त बनाने वाली नॉर्वेजियन टीम ने दूसरे चरण में भी दबदबा बनाए रखा। मैच के 58वें मिनट में येन्स पेट्टर हाउगे ने गोलकीपर द्वारा रोके गए शॉट पर रिबाउंड को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके 14 मिनट बाद हाकॉन एवजेन ने सटीक दाएं पैर के शॉट से स्कोर 2-0 कर मुकाबला लगभग तय कर दिया।

आर्कटिक सर्कल क्षेत्र से आने वाली इस टीम की इस सत्र में परीकथा जैसी यात्रा रही है। लीग चरण के अंतिम दो मुकाबलों में मैनचेस्टर सिटी और एटलेटिको मैड्रिड पर शानदार जीत दर्ज कर टीम प्लेऑफ में पहुंची थी। इंटर के खिलाफ पहले चरण की जीत के बाद बोडो/ग्लिम्ट ने लगातार तीसरी जीत हासिल की और वही शुरुआती एकादश दूसरे चरण में भी उतारी।

इंटर मिलान ने आक्रामक शुरुआत की। पियो एस्पोसिटो ने शुरुआती मिनटों में हेडर से मौका बनाया, जबकि 15वें मिनट में मार्कस थुराम का कर्व शॉट गोल के करीब से बाहर गया। घरेलू टीम ने पहले हाफ में लगातार दबाव बनाया, लेकिन मध्यांतर तक स्कोर 0-0 रहा। दूसरे हाफ में भी इंटर ने दबाव बनाए रखा। हैंडबॉल की अपील पर रेफरी ने पेनल्टी नहीं दी और वीडियो सहायक रेफरी ने भी निर्णय बरकरार रखा। 58वें मिनट में ओले डिड्रिक ब्लोमबर्ग ने इंटर के क्षेत्र में ढीली पास पर कब्जा जमाया और गोल की ओर बढ़े। यान सोमर ने उनका शॉट रोक दिया, लेकिन हाउगे ने तेजी दिखाते हुए रिबाउंड को गोल में बदल दिया। 72वें मिनट में एवजेन ने सटीक शॉट लगाकर परिणाम लगभग तय कर दिया। 77वें मिनट में एलेस्सांद्रो बास्तोनी ने इंटर के लिए एक गोल जरूर किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस जीत के साथ बोडो/ग्लिम्ट चैंपियंस लीग के नॉकआउट दौर से आगे बढ़ने वाला पहला नॉर्वेजियन क्लब बन गया और उसने यूरोपीय फुटबॉल में नया इतिहास रच दिया।

## यौन उत्पीड़न के आरोपों से हिली इटली की क्रिकेट, महिला समन्वयक निलंबित

नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक पदार्पण के कुछ ही दिनों बाद इटली क्रिकेट में उस समय बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब महिला टीम की एक खिलाड़ी ने महिला क्रिकेट समन्वयक प्रभात एकनेलिगोड़ा पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए। इन आरोपों के बाद इटली क्रिकेट बोर्ड फ़ेडेराज़ियोने क्रिकेट इटालियाना (एफसीआरआई) ने प्रभात एकनेलिगोड़ा को निलंबित कर दिया है।

एफसीआरआई द्वारा मंगलवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इन आरोपों की जांच संघीय अभियोजक कार्यालय द्वारा की जा रही है। बयान के अनुसार, वर्ष 2025 के दौरान महासंघ की अध्यक्ष ने अपने संस्थागत दायित्वों के तहत संबंधित अधिकारी को सभी संघीय जिम्मेदारियों और गतिविधियों से तत्काल प्रभाव से एहतियातन निलंबित करने का आदेश दिया।

बयान में कहा गया, यह निर्णय परिस्थितियों की विस्तृत और अंतिम समीक्षा तक एहतियाती कदम के रूप में लिया गया है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की अटकलों को रोकना, खेल वातावरण की गरिमा बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि तथ्यों की जांच उचित मंच पर व्यक्तिगत सम्मान, विधिक प्रक्रिया और निर्दोषता की धारणा के साथ हो। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभात एकनेलिगोड़ा के वकील ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि इन आरोपों के पीछे ़अन्य उद्देश्य़ हो सकते हैं। बोर्ड के मीडिया प्रबंधक रकबीर हसन ने पुष्टि की कि टी-20 विश्व कप के दौरान प्रभात एकनेलिगोड़ा, बोर्ड अध्यक्ष मारिया लोरेना हाज़ पाज़ के साथ भारत और श्रीलंका की यात्रा पर गए थे, हालांकि उनके पास कोई आधिकारिक जिम्मेदारी नहीं थी। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि संघीय अभियोजक कार्यालय के समक्ष कार्यवाही जारी है और खेल नियमों के तहत आवश्यक जांच और मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है।

## इस्पात क्षेत्र के दिग्गज जतिंदर मेहरा का 86 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली। देश के इस्पात और धातु उद्योग के जतिंदर मेहरा का 24 फरवरी को निधन हो गया। वह 86 साल के थे। वह भारत के इस्पात उद्योग के सम्मानित दिग्गज थे, जिनकी दूरदृष्टि ने एस्सार समूह की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दिशा दी। एस्सार समूह ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, ''एस्सार परिवार, जतिंदर मेहरा जी के निधन से बेहद दुखी है। मेहरा एस्सार समूह के धातु एवं खनन प्रभाग में वाइस चेयरमैन के पद पर कार्यरत थे, जहां उन्होंने समूह के धातु एवं खनन व्यवसायों को रणनीतिक दिशा प्रदान की। समूह ने कहा कि मेहरा ने कई परिवर्तनकारी परियोजनाओं का नेतृत्व किया, विचारों को मूर्त रूप दिया। उन्होंने अपनी स्पष्ट सोच, प्रतिबद्धता एवं नेतृत्व से दलों को प्रेरित किया।

कंपनी ने बताया कि एस्सार समूह में अपने कार्यकाल के दौरान मेहरा ने हजीरा में इस्पात उत्पादन क्षमता के विस्तार और ओडिशा में प्रस्तावित पारादीप इस्पात संयंत्र सहित एकीकृत इस्पात परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व ने वैश्विक इस्पात क्षेत्र में समूह की उपस्थिति मजबूत करने में योगदान दिया। एस्सार से पहले मेहरा ने सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उद्योग में कई वरिष्ठ पदों पर कार्य किया। वह स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में कार्यकारी निदेशक रहे और बाद में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में भी सेवाएं दीं।

# एजी हरियाणा ने एजी हिमाचल को हराकर चैम्पियनशिप पर किया कब्जा

एजेंसी




प्रयागराज। एजीयूपी की पारसा नकवी और नेहा वर्मा की जोड़ी ने उत्तर क्षेत्रीय भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला युगल के फाइनल में जगह बना ली। वहीं पीएजी ऑडिट हरियाणा ने एजी हिमाचल को 3-0 से हराकर टीम चैम्पियनशिप के खिताब पर कब्जा जमा लिया।

प्रतियोगिता के समन्वयक कल्याण अधिकारी लोकेश त्रिपाठी के अनुसार अमिताभ बच्चन क्रीड़ा संकुल (मेयोहाल) में बुधवार को खेले गए महिला युगल के पहले सेमीफाइनल में पारसा नकवी और नेहा वर्मा (एजीयूपी) की जोड़ी ने दमन प्रीत कौर (पंजाब) और सरुनी शर्मा (पीएजी उत्तराखंड) की जोड़ी को 21-15, 18-21, 21-19 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कीर्ति चतुर्वेदी (दिल्ली ऑडिट) व नजमा खान (हरियाणा) की जोड़ी ने आशा गौर (यूपी) व ज्योति रावत (पंजाब) को 21-16, 21-10 से हराया।

पुरुष टीम चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में प्रथम एकल में रवि ने कार्तिक जिंदल को 21-8, 21-15 से, द्वितीय एकल में गुरबख्श ने विजय धोतिया को 21-11, 21-19 से और युगल में सुमित शर्मा व आनंद तिवारी की जोड़ी ने विजय धोतिया व उदय राजन की जोड़ी को 21-11, 21-8 से पराजित कर टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीता। मिश्रित युगल के पहले सेमीफाइनल में कशिश (पंजाब) व नीला वी (हरियाणा) की जोड़ी ने सुमित शर्मा (हरियाणा) व पारसा नकवी (यूपी) को 21-19, 30-29 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में तुषार शर्मा और नमिता पठानिया (दिल्ली ऑडिट) ने अजय यादव और नेहा वर्मा (एजीयूपी) को 21-12, 19-21, 21-10 से हराया। पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में ऋषि राय व अजय यादव (यूपी) की जोड़ी ने दातुल चौहान व कार्तिक जिंदल (हिमाचल) को 21-14, 21-17 से, गौरव देशवाल व तुषार शर्मा (दिल्ली ऑडिट) ने संदीप व विक्रांत चावत (उत्तराखंड) को 21-9, 21-18 से, कशिश (पंजाब) व आनंद तिवारी (हरियाणा) ने तुषार व गुरबख्श सिंह (हरियाणा) को 26-24, 15-21, 21-13 से, रवि हरियाणा व हिमांशु सरोहा (दिल्ली ऑडिट) ने साहिल कटारिया व रविजोत सिंह पंजाब को 21-17, 21-15 से हराया। इसके अलावा पुरुष एकल में अंकित पटेल (यूपी) ने तुषार (हरियाणा) को 21-12, 21-11 से और ऋषि राय (यूपी) ने लोकेश (जम्मू कश्मीर) को 21-14, 21-15 से पराजित किया।

## जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा में पहुंची आकर्षी कश्यप

नई दिल्ली। भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप ने मंगलवार को जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज आकर्षी कश्यप ने क्वालीफायर मुकाबले में चीनी ताइपे की ली यू-ह्सुआन को 21-10, 21-15 से एकतरफा अंदाज में हराया। मुकाबला पूरी तरह आकर्षी के नियंत्रण में रहा। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना एक अन्य चीनी ताइपे खिलाड़ी हुआंग यू-ह्सुन से होगा। इस 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले टूर्नामेंट में भारत के दिग्गज शटलर किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी भाग ले रहे हैं। मुकाबले की शुरुआत ली यू-ह्सुआन ने सकारात्मक अंदाज में की, लेकिन 4-4 की बराबरी के बाद आकर्षी कश्यप ने लगातार अंक जुटाते हुए 9-4 और फिर 16-8 की बढ़त बना ली। उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया।

# वैमानिका एयरोस्पेस डीलरशिप ऑफर पैठण के नव्नाथ हजारे को मिली फ्री बाइक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पैठण (महाराष्ट्र)। एग्रीकल्चर ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी वैमानिका एयरोस्पेस ने हाल ही में अपने किसान ड्रोन डीलरशिप प्रोग्राम के तहत एक आकर्षक और सीमित समय के लिए विशेष ऑफर लॉन्च किया था। इस ऑफर के अंतर्गत पात्र डीलर्स को फ्री बाइक प्रदान की जानी थी। इसी ऑफर के तहत महाराष्ट्र के पैठण निवासी नव्नाथ हजारे जी ने डीलरशिप प्रोग्राम में पंजीकरण कराया और कंपनी के अधिकृत डीलर बने। कंपनी की ओर से उन्हें डीलरशिप प्रमाणपत्र के साथ फ्री बाइक प्रदान की गई। यह बाइक कंपनी के Strategic Partnership Manager श्री नबील हाशमी जी के माध्यम से औपचारिक रूप से सौंपी गई। नव्नाथ हजारे जी की फर्म ़मौली हाईटेक़ अब पैठण और आसपास के क्षेत्रों में वैमानिका एयरोस्पेस के किसान ड्रोन की अधिकृत डीलर के रूप में कार्य करेगी। यह पहल क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**किसानों के लिए नई उम्मीद**

वैमानिका एयरोस्पेस का उद्देश्य आधुनिक ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेती को अधिक प्रभावी, किफायती और सुरक्षित बनाना है। कंपनी के किसान ड्रोन स्प्रेइंग और फसल मॉनिटरिंग जैसे कार्यों में किसानों की मदद करते हैं, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

डीलरशिप प्रोग्राम के तहत कंपनी डीलर्स को तकनीकी प्रशिक्षण, मार्केटिंग सपोर्ट और डेमो प्रोग्राम की सुविधा भी उपलब्ध कराती है, ताकि वे अपने क्षेत्र में किसानों को ड्रोन तकनीक से जोड़ सकें।

इस अवसर पर कंपनी के Strategic Partnership Manager श्री नबील हाशमी जी ने कहा, वैमानिका एयरोस्पेस का उद्देश्य देश के प्रत्येक कृषि क्षेत्र तक आधुनिक ड्रोन तकनीक पहुंचाना है। हमारा डीलरशिप प्रोग्राम केवल व्यवसाय का विस्तार नहीं, बल्कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि पैठण क्षेत्र में मौली हाईटेक के माध्यम से ड्रोन टेक्नोलॉजी का व्यापक लाभ किसानों तक पहुंचेगा।़

**नव्नाथ हजारे जी ने जताई खुशी**

इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए नव्नाथ हजारे जी ने कहा कि यह अवसर न केवल उनके व्यवसाय के लिए बल्कि क्षेत्र के किसानों के लिए भी फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि मौली हाईटेक के माध्यम से पैठण क्षेत्र के किसान आधुनिक ड्रोन तकनीक अपनाकर अपनी खेती को नई दिशा देंगे।

**कंपनी का विज़न**

वैमानिका एयरोस्पेस का लक्ष्य देशभर में अपने डीलर नेटवर्क का विस्तार कर ग्रामीण क्षेत्रों तक ड्रोन टेक्नोलॉजी पहुंचाना है। कंपनी का मानना है कि किसान ड्रोन भविष्य की स्मार्ट खेती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पाकिस्तानी खिलाड़ियों के भविष्य पर ईसीबी की सफाई

नई दिल्ली। पाकिस्तानी खिलाड़ियों को द हंड्रेड टूर्नामेंट की चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को यह स्पष्ट किया। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि भारत के स्वामित्व वाली कुछ फ्रेंचाइज़ियां राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर सकती हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में शामिल चार भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइज़ियां - मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, एमआई लंदन, साउदर्न ब्रेव और सनराइजर्स लीड्स - अगले महीने होने वाली नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर विचार नहीं कर रही हैं। द हंड्रेड के आगामी सीज़न के लिए कुल 67 पाकिस्तानी खिलाड़ियों (63 पुरुष और 4 महिला) ने अपना नाम चयन हेतु पंजीकृत कराया है।


ईसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ़इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड तथा द हंड्रेड की सभी आठ फ्रेंचाइज़ियां इस बात की पुनः पुष्टि करती हैं कि यह प्रतियोगिता समावेशी, स्वागतयोग्य और सभी के लिए खुली रहेगी।

# ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज़ 2026: डार्विन और मैके में होंगे मुकाबले

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला होगी, जो वर्ष 2003 के बाद पहली बार बांग्लादेश टीम का ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट दौरा होगा। इस बार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पारंपरिक टेस्ट केंद्रों से हटकर मुकाबलों के लिए नए स्थानों का चयन किया है। पहला टेस्ट क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा मारारा स्टेडियम, डार्विन में आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट ग्रेट बैरियर रीफ एरिना, मैके में खेला जाएगा। डार्विन को वर्ष 2004 के बाद पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी का अवसर मिलेगा। इससे पहले 2003 में डार्विन में खेले गए पहले टेस्ट में बांग्लादेश भी शामिल था। वहीं मैके स्थित ग्रेट बैरियर रीफ एरिना पहली बार किसी पुरुष टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। अब तक इस मैदान पर पुरुष वर्ग के केवल तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं-1992 में भारत और श्रीलंका के बीच एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जबकि पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मुकाबले आयोजित हुए थे। इसके अलावा यहां तीन महिला एकदिवसीय और दो महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ कई 'ए' श्रेणी के मुकाबले भी खेले जा चुके हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, ़हम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट लेकर आने को लेकर उत्साहित हैं और बांग्लादेश के खिलाफ शानदार श्रृंखला की उम्मीद कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर काफी व्यस्त है, ऐसे में अगस्त में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है, जिससे हमें गर्मियों के बाहर भी टेस्ट क्रिकेट के लिए एक अतिरिक्त अवसर मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल तीन टेस्ट श्रृंखलाएं खेली गई हैं।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,500 के पार

एजेंसी



नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी का कायम है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 504.90 अंक यानी 0.61 फीसदी की उछाल के साथ 82,730.82 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 155.20 अंक यानी 0.61 फीसदी की बढ़त के साथ 25,579.85 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है।

शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, इंफोसिस और एनटीपीसी जैसे शेयरों ने इंडेक्स निफ्टी में बढ़त दर्ज की है। वहीं, आयशर मोटर्स, मारुति सुजुकी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और कोल इंडिया के शेयरों में गिरावट देखी गई। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले मंगलवार को सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 फीसदी टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 228.35 अंक यानी 1.12 फीसदी लुढ़ककर 25,424.65 अंक पर बंद हुआ था।

# राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति

एजेंसी

बुलढाणा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शिरगांव में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि संत गजानन महाराज की पावन भूमि पर स्वास्थ्य और जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम का उद्घाटन करना उनके लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में आरोग्यं परमं सुखम कहा गया है अर्थात अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा सुख है। राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी जैसी आयुष प्रणालियां केवल उपचार तक सीमित नहीं हैं बल्कि संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग और ध्यान पर आधारित समग्र जीवनशैली ढांचा प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व यह समझ रहा है कि वास्तविक स्वास्थ्य शरीर और मन के संतुलन से ही संभव है।




महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आयुर्वेद को प्रकृति पर आधारित कालातीत वैज्ञानिक परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनि प्रथम शोधकर्ता थे, जिन्होंने पंचमहाभूतों पर आधारित शरीर विज्ञान की गहरी समझ विकसित की। उन्होंने गुणवत्ता, प्रामाणिकता और अनुसंधान को सुदृढ़ करने पर बल दिया।

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने राष्ट्रीय आरोग्य मेले को भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का महाकुंभ बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल स्वास्थ्य शिविर नहीं बल्कि देश की समग्र स्वास्थ्य परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने आयुष पर्यटन की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत समग्र वेलनेस के क्षेत्र में विश्व का मुकुट बन सकता है। इससे रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा ने कहा कि आरोग्य मेले जन-जागरूकता और प्रामाणिक आयुष पद्धतियों के प्रदर्शन का प्रभावी मंच हैं। मंत्रालय गुणवत्ता, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित चिकित्सकों को 'लाइफटाइम आयुर्वेदिक गौरव सम्मान' प्रदान किया। सम्मानित होने वालों में वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा, वैद्य राकेश शर्मा, आशुतोष गुप्ता, मनीषा कोटकर, पीएम वैरियर और रामदास शामिल रहे। मेले में निःशुल्क परामर्श, औषधि वितरण, विशेषज्ञ व्याख्यान और औषधीय पौधों की खेती से जुड़े किसानों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खड़से सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आयुष विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# भीख मांगना गंभीर सामाजिक समस्या : न्यायमूर्ति सारंगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य न्यायमूर्ति (डॉ.) बिद्युत रंजन सारंगी ने भीख मांगने की प्रथा को समाप्त करने की वकालत करते हुए कहा कि यह एक सामाजिक बुराई है और देश में यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

न्यायमूर्ति सारंगी ने 'भिक्षावृत्ति पर पुनर्विचारः नीति, व्यवहार और गरिमा के बीच की खाई को पाटना' विषय पर हाइब्रिड मोड में खुली चर्चा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भीख मांगना एक सामाजिक बुराई है और देश में यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत में भी भीख मांगने की समस्या का बने रहना एक गहरी संरचनात्मक और सामाजिक चुनौती को दर्शाता है, जिस पर तत्काल और निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने भीख मांगने को केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं बल्कि एक सामाजिक बीमारी बताया जो समाज के कमजोर वर्गों की गरिमा और संवैधानिक अधिकारों को प्रभावित करती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत कानून के समक्ष समानता के अधिकार का संवैधानिक वादा सभी नागरिकों के लिए सार्थक रूप से पूरा किया जाना चाहिए, जिसमें भीख मांगने वाले भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित, संरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि कई राज्यों ने भीख मांगने की समस्या से निपटने के लिए कानून बनाए हैं। हालांकि, केवल कानूनी प्रावधानों का होना ही पर्याप्त नहीं है। न्यायमूर्ति सारंगी ने कहा कि यह जांच करना आवश्यक है कि भीख मांगने में संलग्न गरीब, अशिक्षित बच्चों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सलाह (2024) और भारत सरकार की स्माइल-बी योजना (आजीविका और उद्यम के लिए हाशिए पर रहने वाले लोगों को सहायता) के इच्छित उद्देश्यों से सार्थक परिवर्तन हुआ है या नहीं। उन्होंने इन उपायों की प्रगति की समीक्षा करने और कार्यान्वयन में कमियों की पहचान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति को कम करने और अंततः समाप्त करने के लिए समानता, गरिमा और सामाजिक सुरक्षा के संवैधानिक मूल्यों पर आधारित अधिकार-आधारित और पुनर्वास-उन्मुख रणनीति की जरूरत है।

एनएचआरसी की सदस्य विजया भारती सयानी ने भीख मांगने के संदर्भ में महिलाओं, बच्चों और श्रम से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए स्पष्ट समयसीमा और जवाबदेही तंत्र के साथ एक समन्वित राष्ट्रीय रणनीति की तत्काल जरूरत पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय पोर्टल विकसित करने और व्यापक डेटा सर्वेक्षण करने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि विश्वसनीय डेटा के बिना प्रभावी नीति निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने भीख माफियाओं और मानव तस्करी नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आह्वान किया।

# तेल अवीव पहुंचे मोदी, नेतन्याहू ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

एजेंसी

तेल अवीव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की इजरायल यात्रा पर बुधवार को यहां तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पहुंचे जहां प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हवाई अड्डे पर श्री मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। उनके पहुंचने पर श्री नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,'' इजरायल में आपका स्वागत है , मेरे प्रिय मित्र नरेन्द्र मोदी।''

श्री मोदी की इजरायल की यह दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह 2017 में इजरायल गये थे। प्रधानमंत्री का दो दिन की यात्रा के दौरान श्री नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा इजरायली संसद नेसेट को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है। वह भारतीय समुदाय के लोगों से भी बात करेंगे। उनका इजरायल के राष्ट्रपति आइज़ैक हर्ज़ोग से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। श्री मोदी ने सुबह रवाना होने से पहले कहा था कि उनकी इजरायल यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा साझा विजन से दोनों देशों का भविष्य खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि भारत और इज़रायल के बीच मज़बूत और कई तरह की रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें हाल के सालों में ज़बरदस्त बढ़ोतरी और तेज़ी देखी गई है। उन्होंने कहा, '' मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ अपनी बातचीत का इंतज़ार कर रहा हूं, जिसका मकसद विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि , जल प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार तथा निवेश के साथ ही लोगों के बीच संबंधों सहित अलग-अलग क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मज़बूत करना है। हम आपसी फ़ायदे क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा करेंगे।

# तमसा घाट पर जल जीवन मिशन के लिए सफाई कार्य शुरू

एजेंसी

नई दिल्ली। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के अदेशानुशार निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के चौथा चरण के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मऊ के तमसा नदी में सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान मे लगभग 1200 सेवादल के भाई बहनो और साधसंगत ने करीब 600 कुंतल कूड़ा करकट एकत्र किया । इस अवसर पर देशभर में प्रसारित दिशाण्निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा अनुशासन एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई जो आयोजन की सुव्यवस्थित एवं संस्कारित कार्यशैली को दर्शाता है।

इसी अवसर पर खुले प्रांगण में बैठ कर लोंगों ने स्वछता से जुड़ें कार्यक्रम को करने तथा लोंगो तक जागरूकता फैलानें का संदेश दिया ताकि इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागिता करें।




संत निरंकारी मिशन समयण्समय पर समाजोपयोगी एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विविध परियोजनाओं में सक्रिय योगदान देता रहा है। ष्वननेस वनष अभियान के माध्यम से वृक्षारोपण और प्रोजेक्ट अमृत के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे ये प्रयास मानवता और प्रकृति के मध्य सामंजस्य स्थापित करने की एक सशक्त एवं प्रेरक पहल हैं।

निःसंदेहए स्वच्छ जल, स्वच्छ मन का यह संदेश केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवन ण्दर्शन है, जो जल की धाराओं में निर्मलता स्थापित करने के साथ ही मन की गहराइयों में चेतना को आलोकित करता है। यही ऊर्जा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संतुलितए सुरक्षित और शाश्वत भविष्य की आधारशिला बनाती है। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान मेंए बाबा हरदेव सिंह जी की अनेक शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए इस प्रोजेक्ट अमृत का आयोजन किया गया।यह परियोजना मानवता को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाते हुए जल संरक्षणए स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन के प्रति सामूहिक संकल्प का संदेश देती है। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए मिशन द्वारा श्संत निरंकारी हेल्थ सिटीश जैसी मानवीय सेवा परियोजनाओं को विकसित किया जा रहा है। विभिन्न संस्थानों के युवाओं के साथ मिलकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश जनण्जन तक पहुंचाएंगे। गीतों की संगीतमय प्रस्तुतिए समूह गानए जागरूकता सेमिनार और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से जल जनित रोगों और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

# नेहरू-गांधी परिवार ने राष्ट्रीय हितों के बजाये व्यक्तिगत हित को प्राथमिता दी : नितिन नबीन

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बुधवार को नेहरू-गांधी परिवार पर हमला करते हुये बुधवार को कहा कि यह परिवार व्यक्तिगत हितों के लिये राष्ट्रीय हित के साथ लगातार कई अवसरों पर समझौता करता रहा है और इसे नरेन्द्र मोदी सरकार के राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

श्री नबीन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि कांग्रेस के लंबे कार्यकाल में नेहरू-गांधी परिवार एक तरह से समझौता मिशन ही चलाता रहा। उन्होंने कहा कि नेहरू-गांधी परिवार ने हमेशा देश देश हित से समझौता कर व्यक्तिगत स्वार्थ में कार्य किया है। भाजपा अध्यक्ष श्री नबीन ने आरोप लगाया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का का कार्यालय सीआईए एवं अन्य विदेशी एजेंसियों के लिए खुली किताब की तरह था। उन्होंने कहा कि वर्ष 1954 में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किस प्रकार से बिना किसी रिवार्ड के तिब्बत में भारत के अधिकार को चीन को सौंप दिया यह सभी को मालूम है।

पंचशील की आड़ में किस प्रकार से अक्साई चीन का कब्जा मान लिया गया। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल में किस प्रकार से पत्र लिखकर चीन को स्थायी सदस्यता देने की वकालत की गई वह भी सभी ने देखा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इंदिरा गांधी, जिन्होंने बड़ी छवि बनाई थी लेकिन हमें ध्यान है कि अमेरिकी राजदूत ने माना था कि सीआईए ने कांग्रेस को चुनाव में प्रचार करने के लिए पैसा दिया। उन्होंने सवाल किया कि शिमला समझौता के तहत 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को बिना कब्जा लिए हुए छोड़ देना, आखिर किस समझौता मिशन के तहत यह किया गया।

# पेज एक का शेष

## लखनऊ समेत तीन...

किसी बड़ी बरामदगी या आधिकारिक बयान साझा नहीं किया गया है। वहीं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बसपा विधायक उमाशंकर सिंह पर आयकर विभाग की कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय बताया है। उन्होंने कहा कि उमाशंकर सिंह जब से बसपा में शामिल हुए हैं, तब से उन्होंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है और उनके खिलाफ अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने या किसी भी गलत कार्य की कोई शिकायत सामने नहीं आई है। बुधवार शाम को सोशल मीडिया पर मायावती ने कहा कि उमाशंकर सिंह पिछले लगभग दो वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि आयकर विभाग को उनके संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई थी, तो विभाग उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके स्वस्थ होने के बाद उनसे पूछताछ कर सकता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि बसपा आयकर विभाग के कार्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं कर रही है, लेकिन जिस तरह से उनकी गंभीर बीमारी के दौरान कार्रवाई की गई है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और मानवता के खिलाफ है। मायावती ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से मानवीय संवेदनाओं की अनदेखी होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संबंधित विभाग भविष्य में इस तरह की परिस्थितियों में संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाएगा।

## भड़के मंत्री दिनेश...

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में उमाशंकर सिंह अपने आवास पर आइसोलेशन में हैं और इस दौरान आयकर विभाग की छापेमारी की जा रही है, जो संवेदनहीनता दर्शाता है। उद्यान मंत्री ने कहा कि उमाशंकर सिंह की हालत ऐसी है कि उनका अधिकांश समय इलाज में गुजर रहा है और उनके व्यवसाय भी लगभग बंद हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान उनके आवास पर डॉक्टर या नर्स को भी जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि यदि इस कार्रवाई के कारण उनके स्वास्थ्य को कोई नुकसान होता है, तो संबंधित संस्थाएं जिम्मेदार होंगी। उन्होंने अपने पोस्ट में यह भी लिखा कि ऐसे कठिन समय में भी इस प्रकार की कार्रवाई किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और भगवान से प्रार्थना की कि संबंधित लोगों और संस्थाओं को सद्बुद्धि मिले।

## ब्लू ड्रम बना...

जांच कर रही है। वहीं वैज्ञानिक पहलू को देखें तो नीला प्लास्टिक ड्रम आमतौर पर हाई-डेंसिटी पॉलीएथिलीन (एचडीपीई) से बना होता है और इसका उपयोग औद्योगिक, रासायनिक, खाद्य और स्टोरेज कार्यों में व्यापक रूप से किया जाता है। गिरने या हल्के झटकों से आसानी से नहीं टूटता और एसिड, केमिकल, तेल और पानी से खराब नहीं होता। इसमें जंग नहीं लगता, इसलिए धातु के ड्रम से बेहतर माना जाता है। नीला रंग इंडस्ट्रियल स्टैंडर्ड माना जाता है। इससे आसानी से पहचान हो जाती है कि यह केमिकल स्टोरेज ड्रम है।

## न्यायपालिका...

कपिल सिब्बल ने कक्षा 8 के छात्रों को 'न्यायिक भ्रष्टाचार' के बारे में पढ़ाने वाली एनसीईआरटी पुस्तक पर सवाल उठाया और इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। सिब्बल ने एक पोस्ट में कहा था कि एनसीईआरटी की कक्षा 8 की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक खंड है! मंत्रियों, लोक सेवकों, जांच एजेंसियों सहित राजनेताओं के व्यापक भ्रष्टाचार का क्या? और सरकारें ऐसा क्यों करती हैं? क्या वे इसे नजरअंदाज कर देती हैं!

## फिल्म यादव जी...

से जुड़े आदेश से इस मामले को अलग बताया। कोर्ट ने कहा कि 'घूसखोर' शब्द का अर्थ भ्रष्ट होता है, जो सीधे तौर पर नकारात्मक अर्थ जोड़ता है। जबकि मौजूदा फिल्म के नाम में ऐसा कोई नकारात्मक संकेत नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि फिल्म खुद को एक सच्ची कहानी पर आधारित बताती है। इस पर कोर्ट ने जवाब दिया, ल्लफिल्म बैंडिट क्वीन में भी गुर्जर समुदाय को गलत तरीके से दिखाने की बात उठी थी, तब भी कोर्ट ने बैन से इनकार किया था। वकील ने कहा कि फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है और अगर रिलीज के बाद कुछ आपत्तिजनक लगे तो वे फिर कोर्ट आ सकते हैं। इस पर बेंच ने कहा, ल्लजरा सहनशील बनिए। यह फिक्शन है। एक हफ्ते में सब खत्म हो जाएगा। आजकल लोग थिएटर नहीं, मोबाइल पर देख रहे हैं। फिल्म यादव जी की लव स्टोरी 27 फरवरी को रिलीज होनी है। इसमें प्रगति तिवारी मुख्य एक्ट्रेस हैं, जो 'सिंपल यादव' का किरदार निभा रही हैं। विशाल मोहन 'वसीम अख्तर' की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के डायरेक्टर अंकित भड़ाना हैं और प्रोड्यूसर संदीप तोमर हैं।

## लेवल-1 और...

नेतृत्व गुणों की समानता है, जिन्हें दोनों संगठनों के कार्मिक अपनी सेवा के दौरान अर्जित करते हैं और जो उन्हें राष्ट्र निर्माण में परस्पर सहयोगात्मक रूप से योगदान देने में सक्षम बनाते हैं। रेलवे के 19 फरवरी के पत्र में कहा गया है काफी संख्या में सैनिक, नाविक और वायुसैनिक अपेक्षाकृत कम आयु में पर्याप्त परिचालन अनुभव, प्रबंधकीय क्षमता और सबसे महत्वपूर्ण अनुशासन तथा राष्ट्रीय उत्साह की भावना के साथ सेवानिवृत्त होते हैं।'' रेलवे ने यह भी कहा है कि सेवानिवृत्त सशस्त्र बल कर्मियों का कल्याण ''भारतीय रेल की नीतिगत संरचना का एक महत्वपूर्ण घटक रहा है। मौजूदा प्रावधानों का विवरण देते हुए रेलवे ने बताया कि लेवल-1 और लेवल-2 और उससे ऊपर के पदों में उपयुक्त आरक्षण कोटा निर्धारित किया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है, ''लेवल-2 और उससे ऊपर के पदों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत और लेवल-1 पदों में 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जबकि पूर्व-अग्निवीरों के लिए लेवल-2 और उससे ऊपर के पदों में 5 प्रतिशत और लेवल-1 पदों में 10 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किया गया है। वर्ष 2024 और 2025 में रेलवे द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में ''भूतपूर्व सैनिकों के लिए 14,788 पद आरक्षित किए गए, जिनमें लेवल-1 के 6,485 पद और लेवल-2 और उससे ऊपर के 8,303 पद शामिल हैं। पत्र में कहा गया है, ''मौजूदा रिक्तियों को भरने और भूतपूर्व सैनिकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से पदों के भरे जाने तक भारतीय रेल में 'पॉइंट्समैन' के पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की संविदा आधार पर भर्ती का निर्णय लिया है। लेवल-1 के ये पद, जिनकी संख्या 5,000 से अधिक है, मंडल और जोन स्तर पर प्रक्रिया में हैं। अब तक नौ मंडलों ने संबंधित सेना संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। रेलवे ने अनुरोध किया है कि संबंधित सेना भर्ती संगठन भी मंडलों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय करें, जिससे इन पदों को शीघ्र भरा जा सके। सरकार ने इसके अलावा पूर्व अग्निवीरों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने के लिए इससे पहले केन्द्रीय पुलिस बलों की भर्ती में भी उनके लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। पूर्व अग्निवीरों को दिल्ली पुलिस में सिपाही की भर्ती में भी 20 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की गयी है। इसमें शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट और अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष तक की छूट जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान भी शामिल हैं। इसकी जानकारी देते हुए इसे रक्षा मंत्रालय तथा रेलवे के बीच सहयोग के मामले में मील का पत्थर बताया है। रक्षा मंत्रालय ने जून 2022 में रक्षा क्षेत्र में एक बड़े सुधार के तौर पर सेनाओं में जवानों की नियमित भर्ती बंद करते हुए 'अग्निपथ' योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती शुरू की थी। इस योजना के तहत युवाओं को सेना, नौसेना और वायुसेना में अल्पकालिक संविदात्मक आधार पर भर्ती करने की व्यवस्था की गई थी।

## अमेरिका ने भारत सहित...

देशों से 'क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल' का आयात कर अमेरिकी बाजार में उचित मूल्य से कम पर बेचा जा रहा था, जिससे घरेलू सौर उद्योग को क्षति पहुँच रही थी। रिकॉर्ड से पता चला है कि याचिकाओं में प्रतिकारी शुल्क के अनुरोध शामिल थे और इनके साथ 21 जुलाई से 4 अगस्त, 2025 के बीच की जानकारी भी प्रस्तुत की गई थी। यह कार्रवाई अगस्त 2025 में अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग के उन निष्कर्षों के बाद हुई है, जिनमें कहा गया था कि भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयात ने घरेलू उद्योग को नुकसान पहुँचाया है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग की समीक्षा में भारत के सबसे हालिया वित्तीय वर्ष के आयात आंकड़ों और इंडोनेशिया तथा लाओस के लिए वर्ष 2024 के कैलेंडर-वर्ष के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। प्रारंभिक 'एंटी-डंपिंग' शुल्क का निर्धारण अप्रैल में होना है, जबकि अंतिम संयुक्त दरों की घोषणा सितंबर में होने की उम्मीद है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग द्वारा अक्टूबर में अंतिम क्षति निर्धारण किया जाएगा, जिसके बाद सीमा शुल्क विभाग अंतिम आयात शुल्क एकत्र करेगा। अमेरिका द्वारा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयात पर प्रारंभिक शुल्क लगाए जाने के बाद बुधवार को भारतीय सौर उपकरण निर्माताओं के शेयरों में भारी गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में निर्माताओं पर बुरा असर पड़ा, जिसमें वारी एनर्जीज और प्रीमियर एनर्जीज के शेयर लगभग 15 प्रतिशत तक लुढ़क गए, जबकि विक्रम सोलर के शेयरों में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, हालांकि बाद में इसमें कुछ सुधार हुआ।

## सरकार स्वदेशी रक्षा...

भूमिका की अपेक्षा कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए देश की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उन्हें बताया कि विदेश में दायित्व निभाते समय उन्हें सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि वे 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन्हें नई विचारधाराओं, लोगों और विभिन्न संस्कृतियों के दृष्टिकोणों के प्रति खुले मन से रहने तथा भारत की सभ्यतागत ज्ञान-परंपरा के मूल्यों को साथ लेकर चलने का आग्रह किया। साथ ही, प्रतिष्ठित विदेश सेवा में चयन के लिए उन्हें बधाई दी। इस संवाद से पूर्व प्रशिक्षु अधिकारियों को रक्षा कूटनीति की विभिन्न पहलों, रक्षा बजट, त्रि-सेवा एकीकरण तथा रक्षा अधिग्रहण संबंधी विषयों पर रक्षा मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। इस बैच में कुल 55 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल थे, जिनमें 53 भारतीय प्रशिक्षु और 2 भूटान के प्रशिक्षु अधिकारी थे।

## संवाद सेतु व्यवस्था...

मिले सरकारी सीयूजी नंबरों पर लागू की जाएगी। आगे चरणबद्ध ढंग से सभी जिलों में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

## नई ऊंचाइयों तक...

पिछले नौ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय लगभग तीन गुना बढ़ी है। जो राज्य कभी बीमारू कहा जाता था, वह आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश की केवल 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश देश का करीब 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है। इससे फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और एग्री लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़े निवेश के अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास भरपूर मीठा जल संसाधन है, जिसका उपयोग कृषि के साथ ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में किया जा सकता है। राज्य की 56 प्रतिशत आबादी युवा है, जिससे उद्योगों को पर्याप्त और कुशल मानव संसाधन मिलता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में प्रदेश में तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। एक्सप्रेसवे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क और ईस्टर्न-वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। एक्सप्रेसवे के किनारे 27 औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि मैं जापान के बिजनेस लीडर्स को आमंत्रित करता हूं कि वे यूपी में इन परियोजनाओं में भागीदारी करें। मुख्यमंत्री ने जापान के उद्यमियों को विशेष रूप से यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल सिटी के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं, जिनमें 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं तथा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द शुरू होने वाला है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ही जापानी निवेशकों के लिए जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है। इसके लिए 500 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है। इसका उद्देश्य है कि जापानी उद्योग एक ही स्थान पर क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें। यहां उन्हें बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और निर्यात सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश इसलिए सुरक्षित है क्योंकि यहां स्केल, स्किल, स्टेबिलिटी और स्पीड चारों उपलब्ध हैं। भारत के मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट उत्पादन का लगभग 60 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में हो रहा है। डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश की अच्छी संभावनाएं हैं। हाल ही में नोएडा क्षेत्र में सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के पास 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। झांसी के पास बुंदेलखंड क्षेत्र में 56,000 एकड़ में नया औद्योगिक शहर विकसित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं और 7 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रक्रिया में हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं, जिनमें तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। नई इकाइयों को 1000 दिनों तक कई तरह की एनओसी से छूट दी जाती है, ताकि उद्योग आसानी से शुरू हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां लागू हैं। निवेश मित्र और निवेश सारथी जैसी सिंगल विंडो व्यवस्था से निवेश प्रक्रिया सरल हुई है। बेहतर कानून-व्यवस्था और पारदर्शी नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्रदेश में 156 करोड़ पर्यटक आए, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, हेरिटेज और स्पिरिचुअल टूरिज्म में निवेश के अवसर बढ़े हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल मोबिलिटी, डीप टेक, फिनटेक, मेडटेक और सर्विस सेक्टर में भी निवेश की संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, जापान में भारत की राजदूत नगमा एम. मलिक के साथ बड़ी संख्या में जापान के उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी के जापान...

विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधीकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में अपनी विनिर्माण इकाई के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को आपूर्ति कर रही है। इसके अतिरिक्त ओ एंड ओ ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को लेकर समझौता किया। पहले दिन हुए इन समझौतों को भारत और जापान के बीच औद्योगिक सहयोग को नई गति देने वाला कदम माना जा रहा है।

# उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने दी निवेश, कृषि, महिला एवं बाल विकास सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड मंत्रिमंडल की बैठक में शिक्षा, जल प्रबंधन, न्यायिक व्यवस्था, निवेश प्रोत्साहन, कृषि, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। विधानसभा सत्र की तिथि तय होने से मंत्रिमंडल की बीफ्रिंग नही हुई। जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड अवसंरचना एवं निवेश विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) के बढ़ते कार्यों को देखते हुए 14 नए पद सृजित करने की स्वीकृति दी। बोर्ड वर्तमान में हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर, शारदा रिवर फ्रंट, डाकपत्थर मास्टर प्लान और श्रीनगर के बेलकंडी-बेलकेदार क्षेत्र के विकास जैसी परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है।



उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप संचालित 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना' का विस्तार करते हुए 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों को भी इसमें शामिल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्वामी विवेकानंद के नाम पर 'स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड ई-पुस्तकालय योजना' को मंजूरी दी गई, जिसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में ई-बुक्स, जर्नल्स और डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली में संशोधन,11 नगर निगमों में पर्यावरण अभियंताओं के पद सृजन और 'सेब की अत्याधुनिक नर्सरी विकास योजना-2026' को भी स्वीकृति दी गई। उच्च घनत्व सेब नर्सरी स्थापित करने पर 50 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान किया गया है। राज्य में मौन पालन नीति-2026' लागू करने का निर्णय भी लिया गया है,जिसके माध्यम से एपिस मेलिफ़ेरा और एपिस सेराना आधारित मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। मंत्रिमंडल ने भारत का सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में चार विशेष शिक्षकों को नियमित नियुक्ति देने का निर्णय लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल और महिला पोषण योजनाओं में अतिरिक्त खाद्य सामग्रियां शामिल करने को भी मंजूरी दी गई। राज्य में जीएसटी अपीलीय अधिकरण की राज्य पीठ देहरादून में यथावत रखते हुए हल्द्वानी में अतिरिक्त पीठ स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (संशोधन) विधेयक-2026 को भी मंजूरी दी गई।

# विरोध-प्रदर्शन मामले में अलका लांबा की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2024 में निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के मामले में कांग्रेस नेता अलका लांबा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 3 सितंबर को होगी। याचिका में अलका लांबा की ओर से कहा गया है कि इस मामले में शांतिपूर्ण प्रदर्शन को अति आपराधिक बनाकर पेश किया गया है। अगर शांतिपूर्ण प्रदर्शन को अपराध बताया जाएगा तो न्याय नहीं मिल सकेगा। राऊज एवेन्यू सेशंस कोर्ट ने 6 फरवरी को अलका लांबा के खिलाफ मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से आरोप तय करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट के मजिस्ट्रेट ने 19 दिसंबर 2025 को अलका लांबा के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। फिलहाल मजिस्ट्रेट कोर्ट में इस मामले पर अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कहा था कि अलका लांबा को वीडियो में देखा गया कि वो बलपूर्वक लोकसेवक को उसके काम में बाधा पहुंचा रही थीं। वे बैरिकेड पार कर प्रदर्शनकारियों को उकसा रही थीं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अलका लांबा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 221 और 223ए के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। मामला 29 जुलाई 2024 को जंतर-मंतर पर महिला कांग्रेस का महिला आरक्षण को लेकर प्रदर्शन था। उस प्रदर्शन में मुख्य वक्ता अलका लांबा थीं। दिल्ली पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा का आदेश जारी किया था। अलका लांबा पर आरोप है कि उन्होंने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए करीब डेढ़ बजे दूसरे प्रदर्शनकारियों के साथ टालस्टाय मार्ग पर लगे बैरिकेड पर पहुंचीं और नारेबाजी करने लगीं। वे संसद का घेराव करने पर आमदा थे।

# संक्षिप्त समाचार

## बनबसा मिलिट्री स्टेशन में 27 से अग्निवीर भर्ती परीक्षा

चंपावत। कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ और चम्पावत जनपद के युवाओं के लिए अग्निवीर भर्ती के तहत ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा 27 फरवरी से 5 मार्च 2026 तक बनबसा मिलिट्री स्टेशन में आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया सेना भर्ती कार्यालय पिथौरागढ़ के माध्यम से मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के अधीन कराई जा रही है। इस भर्ती में सामान्य ड्यूटी, क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्नीशियन, तकनीकी और ट्रेड्समैन श्रेणियों के लिए 4000 से अधिक शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें 27 और 28 फरवरी को पिथौरागढ़ के लगभग 2500 अभ्यर्थी, जबकि 1 से 3 मार्च के बीच करीब 1500 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट अंकपत्र, मूल निवास, जाति, एनसीसी, खेल, अविवाहित और चरित्र प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। सेना की ओर से चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बताते हुए युवाओं को किसी भी दलाल या एजेंट के झांसे में न आने की सलाह दी गई है। भर्ती को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बैठक में व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी को नोडल अधिकारी नामित किया। भर्ती स्थल पर परिवहन, पेयजल, सफाई, एम्बुलेंस, बिजली और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी ने बनबसा मिलिट्री स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और कहा कि परीक्षा का आयोजन सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से कराया जाएगा। इस दौरान सेना और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना, चम्पावत में तीन दिवसीय प्रशिक्षण

चंपावत। जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला में चार्ज अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को डिजिटल माध्यम से जनगणना करने की प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर शिव कुमार ने बताया कि आगामी जनगणना पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। प्रगणक और पर्यवेक्षक मोबाइल ऐप के जरिए सीधे आंकड़े दर्ज करेंगे, जबकि पूरी प्रक्रिया की निगरानी सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इससे डेटा संग्रहण में अधिक सटीकता और पारदर्शिता आने की उम्मीद है। जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें मकानों का सूचीकरण और गणना की जाएगी। दूसरा चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगा, जिसमें जनसंख्या का आकलन किया जाएगा। नागरिकों को 10 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 के बीच वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने की सुविधा भी मिलेगी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को जियो टैगिंग, वेब मैपिंग, मोबाइल ऐप संचालन और रिपोर्टिंग प्रणाली से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। सहायक निदेशक अरविंद कुमार, हिमांशु सिंह जंतवाल और भवेश धीमान ने प्रतिभागियों को जनगणना की नई डिजिटल व्यवस्था और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया। प्रशासन का मानना है कि इस डिजिटल प्रणाली से जनगणना प्रक्रिया अधिक तीव्र, प्रभावी और विश्वसनीय बनेगी। इससे विकास योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकेंगे, जो बेहतर नीति निर्माण में सहायक होंगे।

## कुमाऊं विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने यूजीसी सीएसआईआर नेट परीक्षा उत्तीर्ण की

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के तीन विद्यार्थियों ने यूजीसी सीएसआईआर नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसर शोध छात्रा दीपशिखा ओली ने नेट जेआरएफ में सफलता प्राप्त की है। वह वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रो. अनिल बिष्ट के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। जबकि पूजा गुप्ता तथा नितेश मर्तोलिया ने वनस्पति विज्ञान से एमएससी उत्तीर्ण करने के बाद नेट एलएस में सफलता हासिल की है।
विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष एवं कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, प्रो. नीलू, डॉ. दीपक, डॉ. युगल जोशी, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. कुबेर गिनती, प्रो. अनिल बिष्ट, प्रो. दीपिका गोस्वामी, डॉ. अशोक कुमार सहित एलुमनी सेल अध्यक्ष डॉ. बीएस कालाकोटी, डॉ. एसएस सामंत, डॉ. जीसी जोशी, डॉ. सुषमा टम्टा, डॉ. रितेश साह, ज्योति कांडपाल और डॉ. मीना पांडे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## एसएसबी की बड़ी कार्रवाई: 356.04 लीटर नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार, तीन बाइक जब्त

सुपौल। जिले के सशस्त्र सीमा बल की 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर की सीमा चौकी नियोर द्वारा विशेष नाका ड्यूटी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल से भारत लाई जा रही अवैध नेपाली शराब जब्त की गई तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। 45वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा चौकी नियोर क्षेत्र से मादक पदार्थ/शराब की तस्करी की संभावना है। सूचना के आधार पर सीमा स्तंभ संख्या 229/11 के समीप ग्राम नियोर (भारत की ओर, अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 150 मीटर अंदर) विशेष नाका ड्यूटी स्थापित की गई। नाका ड्यूटी के दौरान नेपाल से भारत की ओर तीन बाइक पर सवार कुछ लोग आते दिखाई दिए। ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों ने आगे चल रहे एक संदिग्ध बाइक सवार को रोक लिया। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक अन्य बाइक सवार अपनी बाइक गिराकर अंतरराष्ट्रीय सीमा की निकटता और अंधेरे का लाभ उठाते हुए नेपाल की ओर फरार हो गया। पकड़े गए संदिग्ध से पूछताछ एवं तलाशी के दौरान उसने अपना नाम गगन कुमार पंडित, ग्राम जीरोगा, वार्ड नंबर 08, थाना आंध्रामठ, जिला मधुबनी का निवासी बताया। तलाशी के क्रम में कुल 356.04 लीटर नेपाली शराब एवं तीन बाइक बरामद की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) भारत भूषण ने किया, जिनके साथ अन्य जवान भी शामिल थे। गिरफ्तार व्यक्ति, जब्त 356.04 लीटर शराब तथा तीनों बाइक को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के उपरांत थाना आंध्रामठ को सुपुर्द कर दिया गया है। 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमा क्षेत्र में तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए लगातार सतर्कता एवं सक्रियता बरती जा रही है।

## नियंत्रित तेज ट्रक ने दूध लदे पिकअप में मारी टक्कर, सड़क पर पसरा दूध

अररिया। जिले में फारबिसगंज एनएच-27 पर आबिद बाबू पेट्रोल पंप के पास सुधा डेयरी का दूध लेकर जा रहे पिकअप गाड़ी में तेज अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी,जिससे दूध से लदा पिकअप हादसे का शिकार हो गया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दूध से भरा पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से पहले टकराया और फिर पलट गया।हादसे में पिकअप के चालक और खलासी घायल हो गए।जबकि ट्रक चालक गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग के साथ फारबिसगंज थाना से एएसआई सतीश कुमार वर्मा,पंकज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे की सूचना के बाद एनएचएआई की पेट्रोलिंग गाड़ी भी मौके पर पहुंची।स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल पिकअप के चालक और खलासी को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद पिकअप पर लदे दूध का पैकेट और दूध सड़क पर बिखर गया।जिसके कारण एनएच 27 कर कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था अवरुद्ध हो गया।

# उत्तरकाशी में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का प्रथम सम्मेलन संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने उत्तरकशी में प्रथम मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति की प्रांत सह-संयोजिका प्रीति शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया है। संयोजिका प्रीति ने कहा कि वर्तमान समय में मातृशक्ति को पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाज सुधार एवं राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। समाज में बढ़ती कुरीतियों, नशे की प्रवृत्ति तथा सांस्कृतिक चुनौतियों के बीच माताओं को जागरूक रहकर अपने परिवार और समाज को संस्कारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण की शुरुआत घर से होती है और इसमें माता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।




उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए ल्पंच परिवर्तनङ्क के भाव को आत्मसात करने पर बल दिया। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना एवं नागरिक कर्तव्य के प्रति जागरूकता जैसे विषयों पर संगठित प्रयास की आवश्यकता बताई गई। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति इन सभी आयामों में मार्गदर्शक भूमिका निभा सकती है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय प्रकाश बडोला ने उन्होंने दुर्गा वाहिनी के माध्यम से बहनों को आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार से जोड़ने पर बल दिया। साथ ही नशामुक्ति, नारी जागरण, पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक चेतना के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में आगामी दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से बहनों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास किया जाता है। आत्मरक्षा, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ समाज में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु तैयार किया जाता है। इस मौके पर जया जमनाल, राखी, किरण पंवार, उषा जोशी, सरिता, प्रीति रावत अर्चना रतूडी, ममता मिश्रा, सोनम अनिता, विजेंद्र, भवानी, जीता देवी, रितु राणा, कुमारी बबिता, सविता कोठियाल, ममता, अनीता, बबिता, जिला मंत्री कीर्ति सिंह महर, मान सिंह गुसाईं मौजूद रहे है। मंच का संचालन सरिता पडियार ने किया है।

## गंभीर रूप घायल युवक की इलाज के क्रम में मौत, प्रेम प्रसंग में पिटाई कर हत्या का परिजनों का आरोप

अररिया। जिले के बौसी थाना क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल मिले युवक की इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते लड़की के परिजनों पर पिटाई कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मंगलवार शाम को नरपतगंज के डुमरिया वार्ड संख्या 12 निवासी संजय दास के 18 वर्षीय पुत्र अमर कुमार दास घायल अवस्था में मिला था,जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।लेकिन उनकी नाजुक हालत देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया था। हायर सेंटर भागलपुर ले जाने के क्रम में ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।मृतक इंस्ट्राग्राम पर हुए प्यार में प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंचा था,जहां परिजनों ने देख उसकी जमकर पिटाई कर दी थी और बेहोशी हालत में सड़क के किनारे झाड़ी में फेंक दिया था। मृतक नरपतगंज थाना क्षेत्र के डुमरिया वार्ड संख्या 12 निवासी संजय दास के 18 वर्षीय पुत्र अमर कुमार दास है,जो बीए पार्ट 2 का छात्र था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा तथा तीन बहनों में इकलौता भाई था।

# देश में 6जी और एआई आधारित दूरसंचार को बढ़ावा देने को टीईसी का आईआईटी खड़गपुर से समझौता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। देश में 6जी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दूरसंचार प्रणाली, रेडियो और एंटीना तकनीक, माइमो तकनीक, सैटेलाइट और गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) जैसे क्षेत्रों में भारत विशिष्ट मानक तैयार करने के लिए दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के साथ समझौता किया है।

केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि नई दूरसंचार तकनीकों पर संयुक्त अध्ययन, शोध और मानकीकरण गतिविधियों में सहयोग करने के लिए सोमवार को ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर के दौरान टीईसी के डीडीजी (एफए) कमल कुमार अग्रवाल




और आईआईटी-खड़गपुर के प्रो. देबदीप मुखोपाध्याय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निदेशक प्रो. सुमन चक्रवर्ती, प्रो. गौतम दास, डॉ. देबरती सेन और टीईसी के डीडीजी (आरटीईसी) सौविक कुमार दास भी मौजूद रहे। इस सहयोग से देश में 6जी नेटवर्क, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दूरसंचार प्रणाली, रेडियो और एंटीना तकनीक, माइमो (एमआईएमओ) तकनीक, सैटेलाइट और गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध किया जाएगा। साथ ही, भारत-विशिष्ट मानक तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) जैसे वैश्विक मंचों पर भारत की भागीदारी मजबूत करने पर भी जोर दिया जाएगा।

# एफटीए से इलेक्ट्रिक वाहन निर्यातकों के लिए खुलेंगे नये बाजार : कुमारस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार संधियों (एफटीए) से देश के इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए नये बाजार खुलेंगे और भारत इस क्षेत्र में विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सिर्फ एक जलवायु पहल नहीं है, बल्कि यह एक औद्योगिक रणनीति है, जिसमें मजबूत उत्पादन का मौका और आपूर्ति-श्रृंखला रीकैलिब्रेशन है। नई दिल्ली में 'इलेक्ट्रिक वाहनों पर उद्योग संगठन भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए

एचडी कुमारस्वामी ने उद्योग से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और इसके मूल्य श्रृंखला निर्यात का फायदा उठाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन में खुद को ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित कर सकता है। मंत्री ने आगे कहा कि यह आज की चुनौतियों को हल करते हुए भविष्य की इंडस्ट्रीज़ बनाने के बारे में है। भारी उद्योग और स्टील मंत्री ने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के विजन और 2070 तक नेट जीरो हासिल करने के प्रतिबद्धता के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि साफ नीतियां, दिशा और मजबूत उद्योग भागीदारी के साथ भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी उत्पादन और नवाचार के लिए एक अग्रणी वैश्विक केंद्र के तौर पर खुद को मजबूती से स्थापित कर सकता है।

## बेनीपुर विधायक ने सदन में उठाई कांवरिया पथ निर्माण की मांग

पटना। बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से विभिन्न कांवरिया पथों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग उठाई। उन्होंने सरकार से इन पथों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने का अनुरोध किया, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिल सके। विधायक चौधरी ने सदन को अवगत कराया कि बेगूसराय जिले के सिमरिया धाम से मधुबनी जिले के पंडौल स्थित उगना महादेव भवानीपुर तक बड़ी संख्या में कांवरिया गंगाजल अर्पित करने जाते हैं। कांवरिया सिमरिया से रोसड़ा, बहेड़ा और बहेरी होते हुए भवानीपुर पहुंचते हैं। इसी प्रकार कहलगांव एवं बटेश्वर स्थान से घोंघा होते हुए बासुकीनाथ, पुनपुन नदी घाट से बैजू धाम (प्रखंड गूरुआ, गया) तक तथा सोनपुर से मुजफ्फरपुर गरीबनाथ स्थान तक नए कांवर पथ के निर्माण की आवश्यकता उन्होंने बताई। उन्होंने कहा कि इन मार्गों पर वर्तमान में भारी वाहनों का आवागमन रहता है, जिससे हजारों की संख्या में यात्रा करने वाले कांवरियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

# पौड़ी जिले के 51 स्कूलों में 27.46 लाख से सुधरेंगी स्वच्छता सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। विद्यालयों में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार की पहल जनपद पौड़ी गढ़वाल में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। बालिका सह-शैक्षणिक विद्यालयों में शौचालयों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देते हुए जनपद के विभिन्न विकासखंडों के 51 विद्यालयों में सुधार कार्य प्रारम्भ किए जाएंगे। इसके लिए कुल 27 लाख 46 हजार की राशि स्वीकृत की गयी है।

जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों में पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान यह संज्ञान में आया कि कई विद्यालयों में शौचालय निर्मित तो हैं, किंतु आवश्यक मरम्मत के अभाव में वर्तमान में क्रियाशील नहीं रह गए हैं। छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं की गरिमा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण सुधारात्मक कदम उठाया गया है।



इसके अंतर्गत जनपद के 11 विकासखंडों पौड़ी, कोट, खिर्सू, पोखड़ा, द्वारीखाल, कल्जीखाल, यमकेश्वर, थलीसैण, बीरोंखाल, पाबौ तथा एकेश्वर के कुल 51 राजकीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में स्वच्छता की आधारभूत सुविधाओं को पुनर्जीवित कर विद्यार्थियों के लिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड पौड़ी के अंतर्गत 10 विद्यालयों हेतु पांच लाख तीस हजार रुपये, कोट के 03 विद्यालयों के लिए लाख रुपये, खिर्सू के 01 विद्यालय हेतु चालीस हजार रुपये, पोखड़ा के 03 विद्यालयों हेतु एक लाख अस्सी हजार रुपये, द्वारीखाल के 11 विद्यालयों हेतु पाँच लाख छिहत्तर हजार पाँच सौ रुपये, कल्जीखाल के 05 विद्यालयों हेतु दो लाख बीस हजार रुपये, यमकेश्वर के 04 विद्यालयों हेतु दो लाख दस हजार रुपये, थलीसैंण के 02 विद्यालयों हेतु एक लाख रुपये, बीरोंखाल के 01 विद्यालय हेतु अस्सी हजार रुपये, पाबौ के 01 विद्यालय हेतु अस्सी हजार रुपये तथा एकेश्वर के 10 विद्यालयों हेतु पाँच लाख तीस हजार रुपये की धनराशि के प्रस्ताव स्वीकृत किये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कई विद्यालयों में शौचालयों की खराब स्थिति छात्राओं के लिए असुविधा का कारण बन रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए व्यापक स्तर पर मरम्मत कार्य स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनपद की प्रत्येक बालिका को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिले, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल न केवल स्वच्छता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उनके आत्मसम्मान को सशक्त करने का भी सशक्त माध्यम है। जिला शिक्षाधिकारी (प्राथमिक) अंशुल बिष्ट ने बताया कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार होते हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063